वर्ष 10 अंक 207
पृष्ठ 12
नई दिल्ली, मंगलवार
6 मई 2025
मूल्य: 4 रुपये

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

nationalexpressindia | nationalexpressindia | www.nationalexpress.co.in

DELHIN/2015/65411
डाक पंजीयन सं. -DL(S)-17/3531/2018-20





03 आबकारी नीति: अदालत 12 अगस्त को केजरीवाल सिसोदिया... | 06 आप का क्या होगा केजरीवाल ! डॉ आर के पालीवाल | 11 पंकज आडवाणी ने लगातार तीसरी बार सीसीआई बिलियर्ड्स क्लासिक जीता















## न्यूज ब्रीफ

### हॉर्न बजाने को लेकर आपत्ति जताने पर सुरक्षा गार्ड को कुचला

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली पुलिस ने हॉर्न बजाने पर आपत्ति जताने की वजह से सुरक्षा गार्ड को कुचलने के आरोप में एक ‘एसयूवी’ चालक को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि चालक को हत्या के प्रयास के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी की पहचान विजय उर्फ लाले के रूप में हुई है। सोशल मीडिया पर घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। इसमें विजय दिल्ली के महिपालपुर इलाके में अपनी महिंद्रा थार गाड़ी से उस व्यक्ति को दो बार कुचलते हुए दिख रहा है और इसके बाद वह मौके से भाग गया। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण-पश्चिम) सुरेन्द्र चौधरी ने बताया कि घटना रविवार शाम को उस समय हुई जब सुरक्षा गार्ड के रूप में कार्यरत राजीव कुमार ने विजय के हॉर्न बजाने पर आपत्ति जताई।

# रूस ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई का पूरा समर्थन किया, पुतिन ने मोदी को किया फोन



नयी दिल्ली, (भाषा) रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से फोन पर बात की और कहा कि रूस आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई का पूरा समर्थन करता है तथा पहलगाम आतंकवादी हमले के साजिशकर्ताओं को न्याय के कठघरे में लाया जाना चाहिए।

रूसी दूतावास की ओर से जारी एक वक्तव्य में कहा गया कि पुतिन ने आतंकवादी हमले को ‘‘बर्बर’’ करार दिया और दोनों नेताओं ने हर तरह के आतंकवाद के खिलाफ ‘‘बिना समझौता किए लड़ाई’’ की आवश्यकता पर बल दिया।

इसने यह भी कहा कि राष्ट्रपति पुतिन ने इस वर्ष भारत में आयोजित होने वाले वार्षिक भारत-रूस शिखर सम्मेलन के लिए प्रधानमंत्री का निमंत्रण स्वीकार कर लिया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, ‘‘मोदी के साथ बातचीत में पुतिन ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की और निर्दोष लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया।’

पुतिन 22 अप्रैल के आतंकवादी हमले की सबसे पहले निंदा करने वाले विश्व नेताओं में शामिल हैं। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे।

जायसवाल ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति ने निर्दोष लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को ‘‘पूर्ण समर्थन’’ देने की बात कही। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, ‘‘उन्होंने (पुतिन) इस बात पर जोर दिया कि इस जघन्य हमले के दोषियों और उनके समर्थकों को न्याय के कठघरे में लाया जाना चाहिए।’’ जायसवाल ने कहा कि मोदी तथा पुतिन ने ‘भारत-रूस विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी’ को और प्रगाढ़ बनाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने रूस के ‘विजय दिवस’ की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर रूसी राष्ट्रपति को शुभकामनाएं दीं और उन्हें इस वर्ष के अंत में भारत में होने वाले भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया।

रूसी वक्तव्य में कहा गया कि राष्ट्रपति ने पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए बर्बर आतंकवादी हमले में भारतीय नागरिकों की मृत्यु पर एक बार फिर गहरा शोक जताया। इसमें कहा गया कि बातचीत के दौरान विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त साझेदारी के रूप में रूस-भारत संबंधों की रणनीतिक प्रकृति पर जोर दिया गया। वक्तव्य में कहा गया कि ये संबंध ‘‘बाहरी प्रभाव’’ के अधीन नहीं हैं तथा सभी क्षेत्रों में गतिशील रूप से विकसित हो रहे हैं। इसमें कहा गया कि मोदी ने पुतिन और सभी रूसी लोगों को ‘विक्टरी डे’ की 80वीं वर्षगांठ की बधाई दी।

मोदी और पुतिन के बीच फोन पर बातचीत रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर से बातचीत करने के कुछ दिन बाद हुई है। इस बातचीत के बाद जयशंकर ने हमले के ‘‘दोषियों, समर्थकों और साजिशकर्ताओं’’ को न्याय के दायरे में लाने का भारत का संकल्प दोहराया। रूसी दूतावास के अनुसार, लावरोव ने 1972 के शिमला समझौते और 1999 के लाहौर घोषणापत्र के प्रावधानों के अनुरूप द्विपक्षीय आधार पर राजनीतिक एवं कूटनीतिक तरीकों से नयी दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच मतभेदों को सुलझाने का आह्वान किया।

# पहलगाम आतंकी हमला: जापान ने भी भारत को ‘पूर्ण समर्थन’ की पेशकश की



नयी दिल्ली, (भाषा) भारत और जापान ने सोमवार को पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर आतंकवाद से निपटने के लिए एकजुट वैश्विक प्रयासों पर जोर दिया और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारत को निशाना बनाकर ‘‘सीमा पार’’ आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की पाकिस्तान की नीति की निंदा की।

गत 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले का मुद्दा सिंह और उनके जापानी समकक्ष जनरल नकातानी के बीच हुई बातचीत में प्रमुखता से उठा। बातचीत में मुख्य रूप से टैंक इंजन और एयरो इंजन सहित नए क्षेत्रों में भारत-जापान रक्षा संबंधों को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ‘‘सिंह ने भारत के खिलाफ सीमा पार आतंकवाद की पाकिस्तान की नीति की निंदा की, जिसे सरकार और सरकार से इतर तत्वों के माध्यम से अंजाम दिया जाता है।’’ इसमें कहा गया, ‘‘उन्होंने कहा कि इस तरह के हमले क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा को अस्थिर करते हैं। राजनाथ सिंह ने आतंकवाद और इसे बढ़ावा देने वाली सरकार प्रायोजित कार्रवाइयों के खिलाफ एकजुट रुख अपनाने का आह्वान किया।’’

मंत्रालय ने कहा कि जापानी रक्षा मंत्री ने आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया और भारत को ‘‘पूर्ण समर्थन’’ की पेशकश की।

इसने कहा कि दोनों मंत्रियों ने भारत और जापान के बीच ‘‘मजबूत’’ समुद्री सहयोग में ‘‘नए आयाम जोड़ने’’ पर सहमति व्यक्त की। नकातानी की भारत यात्रा पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच हुई है।

प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता में अपने प्रारंभिक वक्तव्य में सिंह ने कहा, ‘‘मैं पहलगाम आतंकवादी हमले के मद्देनजर भारत के साथ एकजुटता की मजबूत अभिव्यक्ति के लिए जापान सरकार को धन्यवाद देना चाहता हूं।’’

नकातानी ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की निंदा की और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के प्रति एकजुटता व्यक्त की।

सिंह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, ‘‘भारत की जापान के साथ विशेष, रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी है। द्विपक्षीय बैठक के दौरान हमने रक्षा सहयोग और क्षेत्रीय सुरक्षा पर चर्चा की।’’ रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सिंह और नकातानी ने भारत-जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी के रक्षा और सुरक्षा आयामों की समीक्षा की।

# दानिश सिद्दीकी-2025 पत्रकारिता पुरस्कार से पांच पत्रकार सम्मानित




नयी दिल्ली, (भाषा) ‘प्रिंट’, ‘डिजिटल’, प्रसारण और फोटो पत्रकारिता में प्रभावशाली कार्य के लिए पांच पत्रकारों को दानिश सिद्दीकी पत्रकारिता पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया।

‘इंडिया इंटरनेशनल सेंटर (आईआईसी)’ में रविवार को आयोजित पुरस्कार समारोह में पुलित्जर पुरस्कार विजेता फोटो पत्रकार दिवंगत दानिश सिद्दीकी की विरासत का सम्मान किया गया। इस दौरान उनकी ईमानदारी, साहस और जनसेवा पर आधारित पत्रकारिता का जश्न मनाया गया। विजेताओं की सूची में शामिल ‘ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (एबीसी)’ की मेघना बाली को ऑस्ट्रेलिया में भारतीय छात्रों को प्रभावित करने वाले वीज़ा धोखाधड़ी मामले की जांच के लिए और बीबीसी न्यूज़ इंडिया की सर्वप्रिया सांगवान को भारत के सबसे हाशिये पर पड़े समुदायों पर आधारित उनकी हिंदी श्रृंखला ‘द लास्ट मैन’ के लिए पुरस्कार दिया गया।

द न्यूयॉर्क टाइम्स की फोटो पत्रकार सौम्या खंडेलवाल को महाराष्ट्र के चीनी उद्योग में महिलाओं के शोषण पर उनकी ‘विजुअल स्टोरी’ के लिए सम्मानित किया गया। स्वतंत्र पत्रकार ग्रीष्मा कुठार को मणिपुर में सतर्कता समूहों पर उनकी खोजी खबर के लिए पुरस्कार दिया गया, यह खबर द कारवां में प्रकाशित हुई थी। ‘स्क्रॉल डॉट इन’ की वैष्णवी राठौर को ग्रेट निकोबार द्वीप पर विकास के पर्यावरणीय और सामाजिक प्रभाव के बारे में विस्तृत कवरेज के लिए यह पुरस्कार दिया गया।

विजेताओं का चयन वरिष्ठ पत्रकार राजदीप सरदेसाई, फ्रंटलाइन संपादक वैष्णा रॉय, पत्रकारिता शिक्षाविद किशलय भट्टाचार्य और रॉयटर्स पिक्चर्स की गैब्रिएल फोंसेका की जूरी द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त एस. वाई. कुरैशी ने लोकतंत्र में स्वतंत्र पत्रकारिता के महत्व पर जोर दिया और हाशिये पर पड़ी आवाजों को सामने लाने के लिए पुरस्कार विजेताओं की प्रशंसा की।

रॉयटर्स के मुख्य फोटोग्राफर सिद्दीकी दो बार पुलित्जर पुरस्कार प्राप्त कर चुके थे और वह भारत में रॉयटर्स की मल्टीमीडिया टीम के प्रमुख थे।

# नकदी विवाद: न्यायालय की समिति ने न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ आरोपों पर सीजेआई को रिपोर्ट सौंपी



नयी दिल्ली, (भाषा) उच्चतम न्यायालय द्वारा गठित तीन न्यायाधीशों की समिति ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के आवास से नकदी बरामदगी के आरोपों पर भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना को अपनी जांच रिपोर्ट सौंप दी है।

पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति शील नागू, हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जी एस संधावालिया और कर्नाटक उच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति अनु शिवरामन वाली तीन सदस्यीय समिति ने तीन मई को अपनी रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया।

रिपोर्ट चार मई को सीजेआई को आगे की कार्रवाई के लिए सौंपी गई। इसमें 14 मार्च को रात करीब 11.35 बजे न्यायमूर्ति वर्मा के लुटियंस दिल्ली स्थित आवास में आग लगने के बाद कथित तौर पर नकदी मिलने के विवाद पर समिति के निष्कर्ष शामिल हैं। न्यायाधीश के आवास पर आग लगने के बाद अग्निशमन कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई थी।

नकदी बरामदगी विवाद में एक खबर के बाद यह विवाद उत्पन्न हुआ। इसके परिणामस्वरूप कई कदम उठाए गए, जिनमें दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डी के उपाध्याय द्वारा प्रारंभिक जांच और न्यायमूर्ति वर्मा से दिल्ली उच्च न्यायालय में न्यायिक कार्य वापस ले लेना तथा बाद में उन्हें बिना न्यायिक कार्य के इलाहाबाद उच्च न्यायालय स्थानांतरित करना शामिल है।

उच्चतम न्यायालय ने एक बयान में कहा, ‘‘सेवारत न्यायाधीश न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ आरोपों की जांच के लिए गठित तीन सदस्यीय समिति ने तीन मई की अपनी रिपोर्ट चार मई को प्रधान न्यायाधीश को सौंप दी है।’’

शीर्ष अदालत ने 28 मार्च को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से कहा था कि वह न्यायमूर्ति वर्मा को फिलहाल कोई न्यायिक कार्य न सौंपें। उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम ने 24 मार्च को न्यायमूर्ति वर्मा को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में वापस भेजने की सिफारिश की थी। इससे पहले दिल्ली उच्च न्यायालय ने प्रधान न्यायाधीश के निर्देश के बाद न्यायमूर्ति वर्मा से न्यायिक काम वापस ले लिया था।

सरकार ने दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश वर्मा को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में स्थानांतरित करने की अधिसूचना जारी की थी।

प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना ने 22 मार्च को आरोपों की आंतरिक जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की थी और दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डी के उपाध्याय की जांच रिपोर्ट उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का निर्णय लिया। इसमें कथित तौर पर नकदी मिलने की तस्वीरें और वीडियो भी शामिल थे। न्यायमूर्ति वर्मा ने अपने खिलाफ आरोपों से इनकार करते हुए कहा था कि उन्होंने या उनके परिवार के किसी भी सदस्य ने स्टोररूम में कभी भी नकदी नहीं रखी।

# नए सीजेआई के नेतृत्व वाली पीठ वक्फ अधिनियम के खिलाफ याचिकाओं पर 15 मई को सुनवाई करेगी : उच्चतम न्यायालय

नयी दिल्ली, (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि वक्फ (संशोधन) अधिनियम की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अगले प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी आर गवई के नेतृत्व वाली पीठ 15 मई को विचार करेगी।

मौजूदा प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना 13 मई को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

न्यायमूर्ति खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ जैसे ही सुनवाई के लिए बैठी, सीजेआई ने कहा, ‘‘कुछ ऐसे पहलू हैं, जिनसे आप (केंद्र) निपट चुके हैं, लेकिन उस पर स्पष्टीकरण की आवश्यकता है। मैं इस अंतरिम चरण में कोई निर्णय या आदेश सुरक्षित नहीं रखना चाहता। इस मामले की सुनवाई यथोचित रूप से शीघ्र करनी होगी और यह मेरे समक्ष नहीं होगी।’’

न्यायमूर्ति खन्ना के 13 मई को सीजेआई पद से सेवानिवृत्त होने के एक दिन बाद न्यायमूर्ति गवई अगले सीजेआई के रूप में उनका स्थान लेंगे। सीजेआई ने कहा, ‘‘हमने (केन्द्र के) जवाबी हलफनामे का बहुत गहराई से अध्ययन नहीं किया है। हां, आपने पंजीकरण (वक्फ संपत्तियों के) के संबंध में कुछ बिंदु उठाए हैं और कुछ विवादित आंकड़े दिए हैं, जिन पर कुछ विचार करने की आवश्यकता होगी।’’

केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सीजेआई की सेवानिवृत्ति का जिक्र करते हुए कहा, ‘‘हम आपके (सीजेआई) सामने आकर इस मामले को उठाना पसंद करते, क्योंकि हर सवाल का जवाब होता है। हालांकि, हम आपको परेशान नहीं कर सकते, क्योंकि समय नहीं है।’’

विधि अधिकारी ने कहा, ‘‘माननीय न्यायाधीश को (सेवानिवृत्ति के बारे में) याद दिलाना कष्टदायक है।’’

सीजेआई ने जवाब दिया, ‘‘नहीं नहीं, मैं इसका इंतजार कर रहा हूं।’’

उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि केन्द्र का हलफनामा विस्तृत है और इसमें पिछली तारीख पर व्यक्त की गई चिंताओं से संबंधित अधिकतर मुद्दों पर बात की गई है।

सीजेआई ने कहा कि केंद्र द्वारा संदर्भित और दूसरे पक्ष की ओर से विवादित कुछ आंकड़ों से निपटना पड़ सकता है तथा मामले की सुनवाई किसी भी उचित समय पर पहले करनी होगी। हालांकि, उन्होंने कहा कि समय की कमी के कारण उनके नेतृत्व वाली पीठ के समक्ष यह संभव नहीं होगा। उन्होंने याचिकाओं पर आगे की सुनवाई मनोनीत प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति गवई की पीठ के समक्ष 15 मई के लिए सूचीबद्ध कर दी।



इससे पहले, केंद्र ने 17 अप्रैल को शीर्ष अदालत को आश्वासन दिया था कि वह 5 मई तक न तो वक्फ संपत्तियों को ‘‘वक्फ बाय यूजर’’ के रूप में चिह्नित करेगा, और न ही केंद्रीय वक्फ परिषद और बोर्ड में कोई नियुक्तियां करेगा।

केंद्र ने पीठ को यह आश्वासन देते हुए कहा कि संसद द्वारा ‘‘उचित विचार-विमर्श’’ के साथ पारित किए गए कानून पर सरकार का पक्ष सुने बिना रोक नहीं लगाई जानी चाहिए। इसने केंद्रीय वक्फ परिषदों और बोर्ड में गैर-मुस्लिमों को शामिल करने की अनुमति देने वाले प्रावधान पर रोक लगाने के अलावा, ‘वक्फ बाय यूजर’ सहित वक्फ संपत्तियों की अधिसूचना रद्द करने के खिलाफ अंतरिम आदेश पारित करने के शीर्ष अदालत के प्रस्ताव का भी कड़ा विरोध किया।

बाद में 25 अप्रैल को, केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय ने 2025 के संशोधित वक्फ अधिनियम का बचाव करते हुए 1,332 पृष्ठ का एक प्रारंभिक हलफनामा दायर किया तथा संसद द्वारा पारित कानून पर अदालत द्वारा किसी भी ‘‘पूर्ण रोक’’ का विरोध किया।

केंद्र ने शीर्ष अदालत से वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज करने का आग्रह किया, जिसमें कुछ प्रावधानों के बारे में ‘‘शरारतपूर्ण झूठे विमर्श’’ की ओर इशारा किया गया। इसने पीठ से कानून के प्रावधानों पर रोक न लगाने का आग्रह किया और दावा किया कि 2013 से वक्फ संपत्तियों में 116 प्रतिशत की ‘‘चौंकाने वाली वृद्धि’’ हुई है।

केंद्र ने 8 अप्रैल तक ‘वक्फ बाय यूजर’ संपत्तियों के आवश्यक पंजीकरण पर तर्कों का भी विरोध किया और कहा कि यदि इस प्रावधान में अंतरिम आदेश द्वारा हस्तक्षेप किया गया, तो यह ‘‘न्यायिक आदेश द्वारा विधायी व्यवस्था का निर्माण’’ होगा।

हलफनामे में इन दलीलों का खंडन किया गया कि कानून में बदलाव के कारण केंद्रीय वक्फ परिषद और राज्य वक्फ बोर्ड में मुसलमान अल्पसंख्यक हो सकते हैं। इसमें ‘वक्फ बाय यूजर’ संपत्तियों के प्रावधान को उचित ठहराते हुए कहा गया कि किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप ‘‘न्यायिक आदेश द्वारा विधायी व्यवस्था’’ का निर्माण करेगा।

‘वक्फ बाय यूजर’ से तात्पर्य ऐसी प्रथा से है, जिसमें किसी संपत्ति को धार्मिक या धर्मार्थ बंदोबस्ती (वक्फ) के रूप में मान्यता उसके ऐसे प्रयोजनों के लिए दीर्घकालिक, निर्बाध उपयोग के आधार पर दी जाती है, भले ही मालिक द्वारा वक्फ की कोई औपचारिक और लिखित घोषणा न की गई हो।

पूर्व में हुई सुनवाई के दौरान पीठ ने अधिनियम के कुछ प्रमुख प्रावधानों पर रोक लगाने का प्रस्ताव रखा था, जिसमें अदालतों द्वारा वक्फ घोषित संपत्तियों को गैर-अधिसूचित करने की शक्ति और केंद्रीय वक्फ परिषद और बोर्ड में गैर-मुस्लिमों को शामिल करने का प्रावधान शामिल था।

पीठ ने कुल याचिकाओं में से केवल पांच याचिकाओं पर सुनवाई का फैसला किया था और इन याचिकाओं को ‘वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 के संबंध में’ शीर्षक दिया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मंजूरी मिलने के बाद केंद्र ने पिछले महीने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 को अधिसूचित कर दिया था।

# सीबीआई निदेशक नियुक्ति: प्रधानमंत्री मोदी ने समिति की बैठक की अध्यक्षता की



नयी दिल्ली, (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सीबीआई निदेशक की नियुक्ति के लिए गठित समिति की बैठक की सोमवार को अध्यक्षता की। इस बैठक में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना भी शामिल हुए।

यह बैठक सोमवार शाम को प्रधानमंत्री कार्यालय में आयोजित की गई। यह बैठक 25 मई को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के मौजूदा निदेशक प्रवीण सूद के दो साल के कार्यकाल के समाप्त होने से पहले हुई।

कर्नाटक कैडर के 1986 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी सूद अपनी नियुक्ति से पहले राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) थे। उन्होंने 25 मई, 2023 को सीबीआई के निदेशक का पदभार संभाला था।

सीबीआई निदेशक की नियुक्ति केंद्र सरकार द्वारा तीन सदस्यीय नियुक्ति समिति की सिफारिश पर की जाती है।

इस समिति की अध्यक्षता प्रधानमंत्री करते हैं तथा इसमें लोकसभा में विपक्ष के नेता और भारत के प्रधान न्यायाधीश शामिल होते हैं।

# अन्तर्राष्ट्रीय पत्रिकारिता दिवस पर फ़्यूचर लाइन टाईम्स समाचार पत्र ने मनाया अपना नौवें स्थापना दिवस

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

अन्तर्राष्ट्रीय पत्रिकारिता दिवस के पावन अवसर पर दैनिक समाचार पत्र फ़्यूचर लाइन टाईम्स समाचार पत्र ने मनाया ग्रेटर नौएडा के शारदा विश्वविद्यालय के परिसर में अपना नौवें स्थापना दिवस बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया। कार्यक्रम का शुभारम्भ कावेरी विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय की संरक्षिका कविता मावी के संरक्षण में गणेश वन्दना और सरस्वती वन्दना के साथ आये हुए मुख्य अतिथियों और अति विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया।






इस कार्यक्रम में माननीय सुनील शर्मा केबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, अशोक कटारिया सदस्य विधान परिषद उत्तर प्रदेश, विजय शंकर तिवारी राष्ट्रीय प्रवक्ता विश्व हिन्दू परिषद, पी के गुप्ता कुलाधिपति शारदा विश्वविद्यालय मुख्य अतिथियों के रूप में पहुँचे। और विशिष्ट अतिथियों के रूप में गुरू जी तेजपाल नागर विधायक दादरी विधानसभा, अभिषेक शर्मा ज़िला अध्यक्ष भाजपा गौत्तम बुद्ध नगर, बिजेन्दर धामा ज़िला अध्यक्ष मयूर विहार भाजपा दिल्ली, प्रमोद भाटी एडवोकेट, संजीव सिंह निगम पार्षद दिल्ली विशेष रूप से इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। विधायक तेजपाल नागर ने मीडिया के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज मीडिया को नीति सिद्धांत निष्ठा और नेक विचार धारा के साथ काम करना बहुत जरूरी है। दैनिक समाचार पत्र फ़्यूचर लाइन टाईम्सह्व मुख्य संपादक ओमबीर आर्य ने सभी अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट करके सम्मानित किया। और अपने अभिभाषण में कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ तो है ही इसके साथ ही आज के आधुनिकतम समाज में उसकी ज़िम्मेदारी बहुत ही महत्वपूर्ण है। अभिषेक शर्मा ने अपने अभिभाषण में कहा कि मीडिया चाहे तो अपनी निष्ठा और ईमानदारी के बल पर समाज को एक नयी दिशा प्रदान कर सकता है। समाज और राष्ट्र में महत्वपूर्ण और नये बदलाव ला सकता है। शारदा विश्वविद्यालय के कुलाधिपति वाई के गुप्ता ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि युवाओं को मीडिया जगत में अपना स्थान नयी सोच और नयी ऊर्जा के साथ बनाना चाहिये जिससे वो मीडिया के माध्यम से समाज को कुछ करके दिखा सकें। कार्यक्रम का बहुत ही शानदार संचालन अल्पना सुहासनी ने किया और दैनिक समाचार पत्र फ़्यूचर लाइन टाईम्स चीफ ब्यूरो मनोज तोमर और उनकी पूरी टीम ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में अपनी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस शानदार कार्यक्रम में कावेरी स्कूल के विद्यार्थियों ने अपने प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करके भारतीय संस्कृति की महान विधाओं की छटा बिखेर कर सबका मन मोह लिया। भाजपा के ग्रेटर नौएडा के पूर्व मीडिया एग्जीक्यूटिव और कवि भगवत प्रशाद शर्मा ने वतन के रखवालों को सलाम नामक देश भक्ति की कविता सुनाकर पूरे वातावरण को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। सभी बच्चों और कावेरी स्कूल के स्टाफ को स्मृति चिह्न प्रदान करके पुरस्कृत किया गया।

# बिहार चुनाव में राजग को हराना है महागठबंधन का प्राथमिक उद्देश्य : माकपा महासचिव एम.ए. बेबी



पटना (भाषा) मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के महासचिव एम.ए. बेबी ने सोमवार को कहा कि महागठबंधन का प्राथमिक उद्देश्य आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में सामूहिक रूप से लड़ना और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को हराना है।

माकपा के नवनिर्वाचित महासचिव ने कहा कि पिछले महीने मदुरै में आयोजित पार्टी के 24वें सम्मेलन में प्रत्येक राज्य में वामपंथी, लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष ताकतों की व्यापकतम एकता बनाकर भाजपा और उसके सहयोगियों को हराने का स्पष्ट आह्वान किया गया था।

बेबी ने कहा, इस तरह का पहला परीक्षण बिहार में होगा जहां इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। माकपा महासचिव ने कहा कि महागठबंधन का प्राथमिक उद्देश्य भाजपा को हराना है।

उन्होंने कहा, माकपा इस तथ्य का स्वागत करती है कि बिहार में महागठबंधन ने एकजुट होकर इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कदम उठाना शुरू कर दिया है। बेबी और पार्टी के वरिष्ठ नेता अशोक धावले की अध्यक्षता में माकपा की बिहार इकाई की बैठक में 20 मई को होने वाली अखिल भारतीय आम हड़ताल पर भी चर्चा हुई। यह हड़ताल केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा आहूत है।

माकपा ने एक आधिकारिक बयान में कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी, किसान विरोधी और कॉर्पोरेट समर्थक नीतियों के खिलाफ इस हड़ताल पर विस्तार से चर्चा की गई। इस हड़ताल को सफल बनाने का निर्णय लिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### कर्नाटक सरकार ने आंकड़े जुटाने के लिये अनुसूचित जातियों की गिनती शुरू की



बेंगलुरु (भाषा) कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने सोमवार को कहा है कि राज्य में अनुसूचित जाति उप-वर्गीकरण पर सर्वेक्षण शुरू हो गया है और यह 17 मई तक चलेगा। यह कवायद सोमवार को शुरू हुई।

मुख्यमंत्री ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, राज्य में अनुसूचित जातियों की गणना चल रही है। उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश एच.एन. नागमोहन दास के नेतृत्व में एक-सदस्यीय आयोग का गठन किया गया है। उन्हें अनुसूचित जातियों की सूची में उप-कोटा पर स्पष्ट रिपोर्ट देने का काम सौंपा गया है।

उनके अनुसार, आयोग को 60 दिन में अपनी रिपोर्ट देनी है। इस कवायद पर 100 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे और 65,000 शिक्षकों को गणना कर्मी के रूप में शामिल किया जाएगा।

सिद्धरमैया ने कहा कि इस कवायद का उद्देश्य अनुसूचित जाति सूची में 101 जातियों पर अनुभवजन्य आंकड़ा तैयार करना है।

इस प्रक्रिया का दूसरा चरण 19 से 21 मई के बीच आयोजित किया जाएगा और इस चरण के तहत पहले चरण में छूट गए लोगों के लाभ के लिए विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे।

सिद्धरमैया ने बताया कि ऑनलाइन पंजीकरण के लिए तीसरा चरण भी 19 मई से शुरू होगा और यह 23 मई तक चलेगा। उन्होंने कहा कि जो लोग अपने शहरों से बाहर रह रहे हैं, वे इसका लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब राज्य एवं अन्य बनाम देवेन्द्र सिंह एवं अन्य मामले में एक अगस्त, 2024 को दिए गए उच्चतम न्यायालय के फैसले में अनुसूचित जातियों के भीतर उप-वर्गीकरण की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा, उच्चतम न्यायालय के आदेश के आधार पर हमने न्यायमूर्ति नागमोहन दास आयोग का गठन किया है। उन्होंने बताया कि आयोग स्पष्ट सिफारिशें देगा और अनुभवजन्य आंकड़े तैयार करेगा। सिद्धरमैया ने कहा कि इस उद्देश्य के लिए एक मोबाइल एप्लीकेशन भी तैयार किया गया है और एक हेल्पलाइन नंबर (9481359000) भी जारी किया गया है। उन्होंने राज्य के अनुसूचित जाति समुदाय के लोगों से आगे आकर इस अभियान को सफल बनाने की अपील की।

मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) द्वारा जारी एक बयान में इस अभ्यास को अनुसूचित जातियों (एससी) को लक्षित करके व्यापक जातिगत जनगणना कहा गया जिसका उद्देश्य उप-जाति जनसांख्यिकी पर अनुभवजन्य आंकड़े एकत्र करना है। इसने बताया कि यह सर्वेक्षण पांच मई से 17 मई तक चलेगा और यह तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा, जिसमें घर-घर जाकर आकंड़े एकत्र करना, विशेष शिविर और ऑनलाइन स्व-घोषणा विकल्प उपलब्ध कराना शामिल है।

सिद्धरमैया के हवाले से कहा गया, सरकार सटीक आंकड़ों के आधार पर अनुसूचित जाति समुदायों के बीच आंतरिक आरक्षण लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि 2011 की जनगणना में उप-जाति के बारे में विस्तृत जानकारी का अभाव था, इसलिए निष्पक्ष नीतिगत निर्णय लेने के लिए यह अभ्यास जरुरी हो गया।

कर्नाटक में यह कवायद ऐसे समय में शुरू की गई है जब कुछ समय पहले राज्य मंत्रिमंडल के समक्ष पिछड़ी जातियों के सामाजिक और शैक्षिक सर्वेक्षण पर एक रिपोर्ट पेश की गई थी।

राज्य सरकार ने अभी तक रिपोर्ट और उसकी सिफारिशों पर कोई निर्णय नहीं लिया है।

# एक यूनिट रक्त तीन लोगों के जीवन के लिए है संजीवनी




नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

■ सामाजिक संघठनों के सहयोग से इक्विटास बैंक में लगाया रक्तदान शिविर

कोटाः लायंस क्लब कोटा टेक्नो , टीम जीवनदाता की ओर से एयरोड्राम चौराहे स्थित इक्विटास बैंक में रक्तदान शिविर व स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन सोमवार को किया गया । 35 लोगों ने रक्तदान कर भीषण गर्मी में लोगों के जीवन को बचाने के लिए सराहनीय पहल की है। स्वास्थ्य शिविर में बीपी, शुगर , वजन व अन्य गंभीर बीमारियों की जाँच की गई जिसमे सौ से अधिक लोग लाभान्वित हुवे । अपना ब्लड बैंक की टीम ने अपना नैतिक दायित्व निभाया और लोगों को मोटिवेट किया। टीम जीवन दाता के संरक्षक व संयोजक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि ऋषि माथुर एवं विश्वेंद्र सिंह ने रक्तदान कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, उसके बाद चार महिलाओं ने भी पहली बार रक्तदान किया जिसमें एकता भाटिया, सपना लक्ष्यकार, शिभा ने पहली बार रक्तदान कर जीवन में नई पहल की है। लायंस क्लब कोटा टेक्नो के अध्यक्ष एके गुप्ता, सचिन दीपक गुप्ता ने बताया कि रक्तदान शिविर में लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर ऋषि माथुर व विश्वेंद्र सिंह का कहना था कि जिस तरह से बैंकों में धन जमा होता है वैसे ही ब्लड बैंकों में दुआएं और जीवन मूल्य जमा होते हैं जो कि किसी भी बैंक की राशि से भी बढ़कर होते हैं, उन्होंने कहा कि एक यूनिट रक्त तीन लोगों के जीवन के प्राण को बचाता है, इसलिए रक्तदान करना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य होता है। डॉ. क्षिप्रा गुप्ता ने रक्तदान शिविर की व्यवस्थाओं में पूर्ण सहयोग किया और लोगों को रक्तदान के लिए मोटिवेट किया और रक्तदान करने का महत्व बताया। रक्तदान शिविर के दौरान बैंक में आने वाले श्रवण , विक्रम , अरविंद वर्मा, सौरभ मोहन माथुर, प्रघुम्न सिंह, देवेन्द्र , इरफान ने भी रक्तदान कर सराहनीय कार्य किया। बैंक कर्मियों ने संकल्प लिया कि वह आगे भी इस कार्य में बढचढ कर भागीदारी निभाएंगे।

# कला, साहित्य से बचेगी लोकशाही, सिर्फ विज्ञान और वाणिज्य से नहीं

## साइंस-कॉमर्स के दौर में ह्यूमैनिटीज की बेकदरी



बृज खंडेलवाल द्वारा

जब से यूनिवर्सिटी कैंपस शांत और बेजान हुए हैं, देश की राजनीति को नए युवा नेतृत्व का सूखा पड़ गया है। छात्र संघ चुनाव या तो बंद हो चुके हैं या महज औपचारिकता बनकर रह गए हैं। लखनऊ, वाराणसी, इलाहाबाद, पटना, गोरखपुर जैसे पारंपरिक विचार-केंद्रों के विश्वविद्यालयों में अब बहसों की गूंज नहीं सुनाई देती। दिल्ली यूनिवर्सिटी का जोश ठंडा पड़ा है, और खठव अपनी विचारधारात्मक लड़ाई हार चुका है। वामपंथ बूढ़ा होकर इतिहास के पन्नों में सिमट रहा है, जबकि लोहियावादी नकली समाजवादियों के पिछलग्गू बन गए हैं। संपूर्ण क्रांति के नायक अब मोह-माया के गलियारों में भटक रहे हैं।

आज का युवा डॉक्टर, इंजीनियर या आईएएस बनने की होड़ में लगा है। लड़कियों का भी एक बड़ा हिस्सा अब सिर्फ सिविल सर्विसेज की ओर भाग रहा है। कला, साहित्य, दर्शन, राजनीति शास्त्र और समाज विज्ञान जैसे विषयों को अब फिसड्डी लाल, यानी ₹फेल विद्यार्थियों₹ का गढ़ मान लिया गया है। नतीजा यह कि देश के 60% से अधिक सेकेंडरी स्कूलों और कॉलेजों ने आर्ट्स फैकल्टी को बंद कर दिया है। प्रधानमंत्री का जोर कौशल विकास पर है, मगर इसके चलते शिक्षा का संतुलन बिगड़ता जा रहा है।

पिछले तीन दशकों में, भारतीय शिक्षा प्रणाली ने रळएट (साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग, मैथ्स) और कॉमर्स को ही प्राथमिकता दी है। वरुछ के आंकड़े बताते हैं कि 1990 से 2025 के बीच, आर्ट्स और सोशल साइंसेज में एडमिशन लेने वाले छात्रों की संख्या 40% से घटकर महज 18% रह गई है। देश के टॉप-50 कॉलेजों में से 35 ने फिलॉसफी, हिस्ट्री और पॉलिटिकल साइंस जैसे विषयों को बंद कर दिया है।

ह्यूमैनिटीज शिक्षा का ह्रास प्रबुद्ध नागरिकों, आलोचनात्मक विचारकों, और रचनात्मक दूरदर्शियों के विकास को कम कर रहा है—वे गुण जो कभी उच्च शिक्षा का उद्देश्य थे और एक मानवीय, न्यायपूर्ण, और नैतिक समाज के लिए आवश्यक हैं।

समाज विज्ञानी प्रोफेसर पारस नाथ चौधरी कहते हैं, ₹1970 के दशक तक, शिक्षा का लक्ष्य केवल नौकरियां प्राप्त करना नहीं था, बल्कि संपूर्ण व्यक्तियों का निर्माण करना था। विश्वविद्यालयों का उद्देश्य अच्छे इंसानों—विचारशील, नैतिक, और सामाजिक रूप से सक्रिय नागरिकों—को तैयार करना था जो सामाजिक प्रगति में योगदान दें। साहित्य, दर्शन, इतिहास, और ललित कला जैसे विषय इस मिशन के केंद्र में थे। ये विषय छात्रों को सवाल उठाने, चिंतन करने, और कल्पना करने के लिए प्रेरित करते थे, जिससे व्यक्तिगत लाभ से परे उद्देश्य की भावना विकसित होती थी। ये विषय सहानुभूति, सांस्कृतिक जागरूकता, और नैतिक तर्क को बढ़ावा देते थे, जो स्नातकों को जटिल मानवीय चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करते थे।₹

उस जमाने में एक्टिविस्ट रहे नरेंद्र सिंह बताते है, ₹1960-70 के दशक में विश्वविद्यालय आदर्शवाद के केंद्र थे। जेपी आंदोलन, नक्सलबाड़ी विद्रोह, हिप्पी कल्चर और युद्ध-विरोधी आंदोलनों की प्रेरणा इन्हीं कैंपस से मिली थी। आज? खठव और उव्र जैसे संस्थानों में भी छात्र राजनीति सिकुड़कर करियरिस्ट गुटबाजी तक सिमट गई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले 10 सालों में स्टूडेंट यूनियन चुनावों में भाग लेने वाले छात्रों की संख्या 70% घटी है।₹

कर्नाटक के म्यूजिशियन मंजू कुमार के मुताबिक साहित्य, संगीत और थिएटर जैसे विषय अब ₹गैर-जरूरी₹ माने जाने लगे हैं। ठरऊ और ऋछ्रक्क जैसे संस्थानों में एडमिशन लेने वालों की संख्या में 50% की गिरावट आई है। फिल्मों, कविताओं और उपन्यासों में गहराई गायब हो रही है, क्योंकि अब रचनात्मकता को ₹टाइम-पास₹ समझा जाता है।

पहले इतिहास, राजनीति विज्ञान और अर्थशास्त्र पढ़ने वाले छात्र सार्वजनिक जीवन में जाते थे। आज आईआईटीयन और मेडिकल छात्र आईएएस बन रहे हैं, जबकि उनकी टेक्निकल एक्सपर्टीज का प्रशासन में कोई खास उपयोग नहीं होता। 2024 की एक रिपोर्ट के अनुसार, वढरउ टॉप-100 में 75% से अधिक चयनित विज्ञान पृष्ठभूमि के थे, जबकि पॉलिटिकल साइंस या सोशियोलॉजी के मात्र 5%, सोशल एक्टिविस्ट मुक्ता गुप्ता कहती हैं।

तकनीकी शिक्षा से देश आर्थिक तरक्की कर सकता है, लेकिन ह्यूमैनिटीज के बिना लोकतंत्र बचेगा नहीं। जिस समाज में साहित्य, दर्शन और कला मर जाती है, वहां तानाशाही पनपने लगती है

आज की शिक्षा प्रणाली छात्रों को आर्थिक मशीन का पुर्जा बना रही है, तकनीकी कौशल पर अधिक ध्यान दे रही है। इससे कला संकाय कमजोर हुआ है और परिसरों की सक्रियता कम हुई है। पहले विश्वविद्यालय आदर्शवाद के केंद्र थे, जहाँ छात्र अन्याय के खिलाफ आवाज उठाते थे। हिप्पी आंदोलन और नागरिक अधिकार आंदोलन इसके उदाहरण हैं।

आज रळएट और वाणिज्य के छात्र पाठ्यक्रम के बोझ के कारण सामाजिक मुद्दों से दूर रहते हैं। कला और साहित्य की कमी से आदर्शवाद में कमी आई है, और छात्र केवल अच्छी नौकरियों की आकांक्षा रखते हैं। रचनात्मक विषयों को भी नुकसान हुआ है, जिससे मौलिक विचारकों और कलाकारों की कमी हो रही है।

# श्री चित्रगुप्त अखाड़ा संत महासभा द्वारा हिंदू नागरिकों को धर्म पूछ कर क्रूरतापूर्वक मारे जाने की घटना के विरोध में श्रीनगर के ऐतिहासिक लाल चौक पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की एवं जिहादी आतंक के विरुद्ध कड़ा विरोध प्रदर्शन किया

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो




27 अप्रैल 2025 समयःदोपहर 1:30 बजे स्थानः श्रीनगर, लाल चौक पर पुलवामा में हिंदुओं पर जिहादी हमले के विरोध में श्री चित्रगुप्त अखाड़ा संत महासभा द्वारा पुलवामा में हिंदू नागरिकों को धर्म पूछ कर क्रूरतापूर्वक मारे जाने की घटना के विरोध में श्रीनगर के ऐतिहासिक लाल चौक पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की एवं जिहादी आतंक के विरुद्ध कड़ा विरोध प्रदर्शन किया। यह विरोध प्रदर्शन जगतगुरु श्री चित्रगुप्ताचार्य जी महाराज जगतगुरु दुगार्चार्य साध्वी कंचन जी महाराज के नेतृत्व में अन्य संतों महामंडलेश्वर डॉ. तारासुत मनु श्री सिद्धनाथ जी महाराज , महामंडलेश्वर दुगार्चार्य वेदपुत्र जी महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी सुरेशानंद जी महाराज सहित अनेक संत वृंदावन से विशेष रूप से श्रीनगर पहुंचे। इस अवसर पर संतों ने कहा कि धर्म पूछ कर हिंदुओं की हत्या मानवता पर सीधा हमला है।भारत सरकार को आतंकवाद की फैक्ट्री बने पाकिस्तान के विरुद्ध निर्णायक एवं अंतिम कार्रवाई करनी चाहिए जो जिहादी यह कहते हैं कि जाकर अपने प्रधानमंत्री को बता दो, उन्हें अब भारत के प्रधानमंत्री की ओर से स्पष्ट उत्तर मिलना चाहिए अब पाकिस्तान का अंत ही एकमात्र समाधान है। संतों ने यह भी कहा कि अब समय आ गया है कि भारत ऐसे कायराना और मजहबी आतंकवाद पर निर्णायक प्रहार करे, जिससे आने वाली पीढ़ियां सुरक्षित रह सके '

इस अवसर पर जगतगुरु श्री चित्रगुप्ताचार्य डॉ0 स्वामी सच्चिदानंद चित्रगुप्त श्री चित्रगुप्त पीठ वृंदावन ने देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं भारत सरकार को संबोधित करते हुए कहाः अब यह स्पष्ट है कि संपूर्ण भारतवर्ष में हिंदुओं के विरुद्ध एक संगठित मजहबी षड्यंत्र चल रहा है – चाहे वह पश्चिम बंगाल का मुर्शिदाबाद हो, राजस्थान, केरल, या अब जम्मू-कश्मीर का पहलगाम – हर स्थान पर टारगेट केवल हिंदू और उसकी बहन-बेटियाँ बन रही हैं।

मैं आज श्रीनगर के लाल चौक से भारत सरकार को स्पष्ट चेतावनी देता हूँ – यदि शीघ्र ही कोई कठोर नीति हिंदुओं की सुरक्षा हेतु नहीं बनाई जाती, तो संत समाज, सनातन हिंदू जन समुदाय के साथ मिलकर अपनी आत्मरक्षा, बहन-बेटियों की सुरक्षा के लिए कोई भी निर्णय लेने हेतु बाध्य होगा। इस अवसर पर सर्वसम्मति से यह घोषणा की गई कि भारत शुद्धिकरण संकल्प यात्रा अब संपूर्ण भारतवर्ष में निकाली जाएगी, जिसका उद्देश्य हिंदुओं की रक्षा, मजहबी कट्टरता के विरुद्ध जनजागरण, एवं राष्ट्र के पुनः शुद्धिकरण हेतु जनता को संगठित करना होगा। साथ ही यम सेना का गठन की भी घोषणा की गई यह संगठन सांस्कृतिक, सामाजिक एवं वैचारिक सुरक्षा संगठन होगा, जो हिंदुओं, विशेषकर बहन-बेटियों की रक्षा एवं हिंदू देवी देवताओं के मंदिर एवं आस्था की सुरक्षा हेतु स्थानीय स्तर पर सक्रिय रहेगा। इसका संचालन धार्मिक संतों के मार्गदर्शन में किया जाएगा।

संत समाज ने दोहराया कि यदि अब भी शासन मौन रहा, तो यह चुप्पी राष्ट्र के लिए घातक सिद्ध होगी।यह भी कहा कि यह हमला न केवल एक मजहबी आतंक है, बल्कि श्रीनगर के पर्यटन, रोजगार और शांति पर भी सीधा आघात है।

देश-विदेश से आने वाले लाखों पर्यटकों की सुरक्षा पर प्रश्नचिन्ह लगाने वाली इस घटना का प्रभाव सीधे-सीधे कश्मीर के मेहनतकश नौजवानों की रोजी-रोटी और भविष्य पर पड़ेगा।ह्व लाल चौक से सभी संतो ने हम हिंदू हम सनातनी हम संत के नारे लगाते हुए खुली चेतावनी दी कि आज हिंदू कहने पर हमारे हिंदू बच्चों का नरसंहार हुआ है आज हम श्रीनगर के लाल चौक पर चीखकर कहते कि हम हिंदू हैं और देखते हैं कौन सा आतंकी हमें अपना निशाना बनाता है लगभग एक घंटे तक लाल चौक भारत माता की जय वंदे मातरम और हम हिंदू के नारों से गूंजता रहा '

# आबकारी नीति: अदालत 12 अगस्त को केजरीवाल सिसोदिया की याचिकाओं पर सुनवाई करेगी

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को कथित आबकारी नीति घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय के आरोपपत्र पर संज्ञान लेने के निचली अदालत के फैसले के खिलाफ आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया की याचिकाओं पर सुनवायी 12 अगस्त को तय की।



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से पेश वकील ने कहा कि 2024 में दायर याचिकाएं निरर्थक हैं क्योंकि एजेंसी को अपेक्षित मंजूरी मिल गई थी। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस. वी. राजू ने न्यायमूर्ति रवीन्द्र डुडेजा के समक्ष कहा, ''हमारे पास मंजूरी है। मंजूरी अदालत में दाखिल कर दी गई है।''

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल और अन्य आरोपियों के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए ईडी को इस साल जनवरी में मंजूरी दे दी थी।

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल के अनुसार, विशेष अदालत ने घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में दाखिल आरोपपत्र पर 9 जुलाई, 2024 को संज्ञान लिया, जबकि उनके खिलाफ अभियोजन के लिए कोई मंजूरी नहीं थी, जो आवश्यक थी क्योंकि कथित अपराध के समय वह एक लोक सेवक थे।

दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसोदिया ने भी इसी तरह की आपत्तियां उठाई हैं। सिसोदिया ने अपनी याचिका में कहा कि चूंकि उनके खिलाफ आरोप एक लोक सेवक के तौर पर उनके द्वारा किए गए आधिकारिक कार्यों से संबंधित हैं, इसलिए मुकदमा चलाने के लिए पूर्व अनुमति की आवश्यकता है।

केजरीवाल ने निचली अदालत के आदेश को रद्द करने का आग्रह करने के अलावा मामले में सभी कार्यवाही रद्द करने का भी अनुरोध किया है।

उच्च न्यायालय ने केजरीवाल की याचिका पर 21 नवंबर 2024 को ईडी को नोटिस जारी किया था और उस स्तर पर निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। सिसोदिया की याचिका पर एजेंसी को 2 दिसंबर 2024 को नोटिस जारी किया गया था।

उच्चतम न्यायालय ने केजरीवाल को धन शोधन मामले में 12 जुलाई 2024 को अंतरिम जमानत दी थी जबकि शीर्ष अदालत ने उन्हें सीबीआई मामले में 13 सितंबर 2024 को जमानत पर रिहा किया था। ईडी और सीबीआई द्वारा दर्ज मामलों में सिसोदिया को 9 अगस्त 2024 को उच्चतम न्यायालय ने जमानत दी थी।

सीबीआई और ईडी के अनुसार, केजरीवाल के नेतृत्व वाली आप सरकार के तहत आबकारी नीति को संशोधित करते समय अनियमितताएं की गईं और लाइसेंस धारकों को अनुचित लाभ पहुंचाया गया।

दिल्ली सरकार ने 17 नवंबर 2021 को नीति लागू की और भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच सितंबर 2022 तक इसे रद्द कर दिया।

# आरपी सेंटर में ऑनलाइन अपाइंटमेंट में कठिनाई को दूर करने के प्रयास: डॉ राधिका टंडन

नयी दिल्ली, (भाषा) अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के डॉ. राजेंद्र प्रसाद नेत्र विज्ञान केंद्र (आरपी सेंटर) में ओपीडी मरीजों को ऑनलाइन अपाइंटमेंट और डिजिटल भुगतान में आ रही कठिनाई को दूर करने के प्रयास किये जा रहे हैं।

डॉ. राजेंद्र प्रसाद नेत्र विज्ञान केंद्र की प्रमुख डॉ राधिका टंडन ने 'भाषा' के साथ बातचीत में सोमवार को यह जानकारी दी। डॉ. टंडन ने कहा, '' ऑनलाइन पंजीकरण प्रणाली (ओआरएस) के जरिये ओपीडी (बाह्य रोगी विभाग) मरीजों को ऑनलाइन अपाइंटमेंट में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या के कारणों की पड़ताल कर उन्हें जल्द दूर करने के प्रयास किये जा रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि आरपी सेंटर के मरीजों को डिजिटल भुगतान में कठिनाई की बात भी सामने आई है और इसे ठीक कराने को लेकर विभाग कदम उठा रहा है।

# अदालत ने उबर के यूट्यूब विज्ञापन पर रोक लगाने की आईपीएल टीम आरसीबी की याचिका खारिज की

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली उच्च न्यायालय ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) क्रिकेट टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की वह याचिका सोमवार को खारिज कर दी, जिसमें सनराइजर्स हैदराबाद के क्रिकेटर ट्रैविस हेड को लेकर बनाये गए उबर मोटो के कथित अपमानजनक यूट्यूब विज्ञापन पर अंतरिम रोक लगाने का अनुरोध किया गया था।



न्यायमूर्ति सौरभ बनर्जी ने कहा कि इस विज्ञापन में किसी हस्तक्षेप की अभी आवश्यकता नहीं है। अदालत ने कहा, ''उक्त विज्ञापन क्रिकेट के खेल, खेल भावना के संदर्भ में है और अदालत की राय में, इस अर्जी पर विचार करते समय इस स्तर पर अदालत के किसी हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है।''

अदालत ने कहा कि इस मामले में इस स्तर पर इस अदालत द्वारा हस्तक्षेप करना अनुचित होगा, तदनुसार अर्जी खारिज की जाती है।

अदालत ने यह आदेश आरसीबी की अंतरिम अर्जी पर सुनाया तथा विस्तृत आदेश की प्रतीक्षा है।

रॉयल चैलेंजर्स स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड ने उबर इंडिया सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ यह दावा करते हुए एक वाद दायर किया है कि उबर मोटो का यूट्यूब विज्ञापन ''बैडीज इन बेंगलुरु जिसमें ट्रैविस हेड नजर आते हैं'' उसके ट्रेडमार्क का अपमान करता है।

इससे पहले, वीडियो विज्ञापन का वर्णन करते हुए, आरसीबी के वकील ने कहा कि क्रिकेटर ''बेंगलुरु बनाम हैदराबाद'' के साइनेज को विरूपित करने के उद्देश्य से बेंगलुरु क्रिकेट स्टेडियम की ओर दौड़ते हुए देखे जा सकते हैं, वह एक स्प्रे पेंट लेते हैं और बेंगलुरु के पहले ''रॉयली चैलेंज्ड'' लिख देते हैं, जिससे यह ''रॉयली चैलेंज्ड बेंगलुरु'' बन जाता है, जो आरसीबी के ब्रांड का अपमान करता है।

वकील ने दलील दी कि जब कोई नकारात्मक टिप्पणी की जाती है, तो वहां अपमान होता है। उन्होंने कहा कि सनराइजर्स हैदराबाद आईपीएल टीम का वाणिज्यिक प्रायोजक होने के नाते उबर मोटो, राइड बुकिंग के अपने उत्पाद का प्रचार करते समय, अपने व्यापार के दौरान आरसीबी के ट्रेडमार्क का उपयोग कर रहा है, वह भी इसके ''भ्रामक रूप में'', जो कानून के तहत अस्वीकार्य है।

उबर की ओर से पेश वकील ने कहा कि आरसीबी ने आम जनता की हास्य भावना को ''बहुत कम करके आंका'' है। उबर के वकील ने कहा कि अच्छा हास्य और मजाक विज्ञापन संदेश का अभिन्न अंग हैं और अगर आरसीबी द्वारा प्रस्तावित इस तरह के मानक को लागू किया जाता है, तो ये कारक ''खत्म हो जाएंगे।''

सोशल मीडिया मंच पर विज्ञापन को तब तक 13 लाख बार देखा जा चुका है और उपयोगकर्ताओं की ओर से कई टिप्पणियां भी की गई हैं।

# आईबी अधिकारी की हत्या का मामला : ताहिर हुसैन की जमानत याचिका पर उच्च न्यायालय ने पुलिस से जवाब मांगा

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को आम आदमी पार्टी के पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन की उस याचिका पर पुलिस से जवाब मांगा, जिसमें फरवरी 2020 में उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुए दंगों के दौरान आईबी अधिकारी अंकित शर्मा की हत्या से संबंधित एक मामले में नियमित जमानत की मांग की गई है।



न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने हुसैन की याचिका पर पुलिस को नोटिस जारी किया। न्यायाधीश ने कहा, ''नोटिस जारी करें। तीन सप्ताह में वस्तु स्थिति रिपोर्ट सौंपें।'' उन्होंने मामले की सुनवाई जुलाई में तय कर दी। अधिवक्ता तारा नरूला के माध्यम से दायर याचिका में कहा गया है कि हुसैन पहले ही पांच साल से अधिक का समय जेल में बिता चुके हैं और मुकदमे में तेजी लाने के लिए निचली अदालत के ''सर्वोत्तम प्रयासों'' के बावजूद, इसके पूरा होने में समय लग सकता है।

याचिका में कहा गया है कि निचली अदालत ने 12 मार्च को उनकी जमानत याचिका को गलती से खारिज कर दिया था और कथित घटना में किसी भी तरह की संलिप्तता दिखाने के लिए कोई विश्वसनीय सबूत नहीं था।

याचिका में दावा किया गया है, 'वर्तमान मामले में आवेदक के खिलाफ आरोप उकसाने वाले का है। पांच कथित चश्मदीद गवाहों में से तीन गवाहों ने आवेदक को दोषमुक्त कर दिया है और स्पष्ट रूप से कहा है कि उन्होंने उन्हें घटना के समय घटनास्थल पर नहीं देखा था। दो गवाह अभियोजन पक्ष के मामले का समर्थन करते हैं, उनके बयान आपस में विरोधाभासी हैं और उनकी गवाही में कोई विश्वास नहीं जगाते हैं और किसी भी तरह से उन्हें विश्वसनीय नहीं माना जा सकता है।'

इसमें कहा गया है, 'पुलिस गवाहों की गवाही में भी काफी विरोधाभास हैं और आवेदक के खिलाफ विश्वसनीय सबूत के रूप में उन पर भरोसा नहीं किया जा सकता है।' अभियोजन पक्ष के अनुसार, 26 फरवरी, 2020 को शिकायतकर्ता रविंदर कुमार ने दयालपुर पुलिस थाने के अधिकारियों को सूचित किया कि उनका बेटा अंकित शर्मा (जो खुफिया ब्यूरो में तैनात था) 25 फरवरी, 2020 से लापता है।

बाद में उन्हें कुछ स्थानीय लोगों से पता चला कि एक व्यक्ति की हत्या करने के बाद उसे चांद बाग पुलिया स्थित मस्जिद से खजूरी खास नाले में फेंक दिया गया था। अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया कि शर्मा का शव खजूरी खास नाले से बरामद किया गया था और उसके शरीर पर चोटों के 51 निशान थे। हुसैन इस मामले में आरोपियों में से एक हैं। अभियोजन पक्ष के अनुसार, चार आरोपी व्यक्ति भी हिंसक भीड़ का हिस्सा थे, जो दंगा और आगजनी की घटनाओं में शामिल थी, जिसमें शर्मा की मौत हो गई।

# कांग्रेस ने दूध की कीमतों में बढ़ोतरी के खिलाफ दिल्ली में प्रदर्शन किया

नयी दिल्ली, (भाषा) कांग्रेस ने दूध की कीमतों में हाल में हुई बढ़ोतरी के खिलाफ सोमवार को दिल्ली में व्यापक प्रदर्शन किया और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार पर महंगाई को नियंत्रित करने में नाकाम रहने तथा आम आदमी की जरूरतों की उपेक्षा करने का आरोप लगाया।

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस प्रमुख देवेन्द्र यादव के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता पूर्वी दिल्ली के गांधी बाजार में एकत्र हुए और मूल्य वृद्धि की निंदा करते हुए नारे लगाए। इस दौरान वे हाथों में तख्तियां थामे रहे।

कांग्रेस ने कहा कि समन्वित अभियान के तहत शहर भर में 1,000 से अधिक स्थानों पर विरोध प्रदर्शन आयोजित किए गए। यादव ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कहा, ₹हर कोई बढ़ती कीमतों से परेशान है, चाहे वह दूध हो, गैस हो या ईंधन।

# बुजुर्ग, गंभीर रूप से बीमार कैदियों की रिहाई के लिए नालसा की याचिका पर केंद्र, राज्यों से जवाब मांगा

नयी दिल्ली, (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) की उस याचिका पर सोमवार को केंद्र तथा बिहार एवं उत्तर प्रदेश सहित 18 राज्यों से जवाब मांगा जिसमें 70 वर्ष से अधिक उम्र के या असाध्य रोग से ग्रस्त कैदियों को जमानत पर रिहा करने का अनुरोध किया गया है।



याचिका में कहा गया है कि इन कैदियों को विशेष देखभाल की आवश्यकता है जो जमानत से इनकार के खिलाफ शीर्ष अदालत नहीं आए हैं, लेकिन जेलों में भीड़भाड़ को देखते हुए हो सकता है कि यह जेल प्राधिकारियों के लिए संभव नहीं हो।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने नालसा की ओर से पेश वकील रश्मि नंदकुमार की दलीलों पर गौर किया और केंद्र और राज्यों को नोटिस जारी किए।

नालसा ने अपनी जनहित याचिका में कहा कि ये बुजुर्ग और असाध्य रोग से ग्रस्त कैदी आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और ओडिशा राज्यों में बंद हैं।

नालसा भारत में एक वैधानिक निकाय है जिसकी स्थापना विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत समाज के कमजोर वर्गों को मुफ्त और सक्षम कानूनी सेवाएं प्रदान करने के लिए की गई है। यह विवादों के सौहार्दपूर्ण समाधान के लिए लोक अदालतों का भी आयोजन करता है। इससे पहले, प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) की अगुवाई वाली पीठ ने याचिका को निर्णय के लिए न्यायमूर्ति नाथ के नेतृत्व वाली पीठ के पास भेज दिया था।

नंदकुमार ने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि असाध्य रोग से ग्रस्त कई व्यक्ति, जिनकी सजा को विभिन्न उच्च न्यायालयों ने बरकरार रखा था, अपनी दोषसिद्धि को चुनौती देने और जमानत या सजा के निलंबन का अनुरोध करने के लिए शीर्ष अदालत में जाने में असमर्थ थे और इस मामले में हस्तक्षेप की आवश्यकता है।

नालसा की याचिका में कहा गया है, ''याचिकाकर्ता इस अदालत से आवश्यक निर्देश जारी करने का आग्रह करता है ताकि वृद्ध कैदियों और असाध्य रोग से ग्रस्त कैदियों को जमानत पर रिहा किया जा सके, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि उनके परिवार के सदस्य उनकी देखभाल कर सकें और उनके उनके अंतिम दिनों में समाज में फिर से शामिल किया जा सके।''

याचिका में कहा गया है कि असाध्य रोग से ग्रस्त और वृद्ध कैदियों को विशेष देखभाल और व्यक्तिगत ध्यान दिये जाने की आवश्यकता होती है लेकिन जेलों में क्षमता से अधिक कैदियों को देखते हुए हो सकता है कि जेल प्राधिकारियों के लिए ऐसा करना संभव नहीं हो।

इसमें कहा गया है कि इसलिए, याचिका में शीर्ष अदालत से 70 वर्ष से अधिक आयु के कैदियों और असाध्य रोगों से पीड़ित कैदियों की रिहाई की सुविधा के लिए निर्देश जारी करने का आग्रह किया गया है। याचिका में कहा गया है कि ऐसे कैदियों को विशेष चिकित्सा देखभाल और व्यक्तिगत ध्यान की आवश्यकता होती है, जो भीड़भाड़ वाली जेलों में अक्सर उपलब्ध नहीं हो पाती।

# नीट-पीजी परीक्षा के दो पालियों में आयोजन के खिलाफ याचिका पर न्यायालय ने केंद्र से मांगा जवाब

यी दिल्ली, पांच मई (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने नीट-पीजी 2025 परीक्षा दो पालियों में आयोजित करने संबंधी अधिसूचना को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को केंद्र और अन्य से जवाब मांगा।



याचिका में राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान परीक्षा बोर्ड (एनबीईएमएस) को 15 जून को होने वाली परीक्षा एक ही पाली में आयोजित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है, ताकि सभी उम्मीदवारों के लिए एक समान, पारदर्शी और निष्पक्ष परीक्षा का माहौल सुनिश्चित किया जा सके।

न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने सात चिकित्सकों की याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति व्यक्त की, जिन्होंने एक ही पाली में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातकोत्तर (नीट-पीजी) 2025 आयोजित करने के लिए देश भर में परीक्षा केंद्रों की संख्या बढ़ाने का निर्देश देने का अनुरोध किया है।

न्यायालय ने याचिका पर एनबीईएमएस, राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान परिषद और केंद्र को नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर जवाब देने के लिए कहा है।

एनबीईएमएस को अनुमोदित विशेषज्ञताओं में स्नातकोत्तर और पोस्टडॉक्टोरल परीक्षाएं आयोजित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिसके परिणामस्वरूप डिप्लोमेट ऑफ नेशनल बोर्ड (डीएनबी) और डॉक्टरेट ऑफ नेशनल बोर्ड (डीआरएनबी) और फेलो ऑफ नेशनल बोर्ड (एफएनबी) की उपाधि प्रदान की जाती है।

याचिकाकर्ताओं ने एनबीईएमएस द्वारा जारी 16 अप्रैल की अधिसूचना को चुनौती दी है, जिसमें कहा गया था कि नीट-पीजी 2025 परीक्षा 15 जून को दो पालियों में आयोजित की जाएगी। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता सुकृति भटनागर और अभिष्ट हेला पेश हुए।याचिका में कहा गया है, ''दो पालियों में परीक्षा आयोजित करने से गैर बराबरी की संभावना है, क्योंकि विभिन्न पालियों में कठिनाई का स्तर अलग-अलग होगा, पारदर्शी और सटीक सामान्यीकरण प्रक्रिया की चुनौतियां होंगी और उम्मीदवारों के लिए तनाव और चिंता बढ़ेगी।''

याचिका में कहा गया है कि याचिकाकर्ता सभी उम्मीदवारों के लिए प्रतिस्पर्धा के न्यायसंगत, निष्पक्ष, उचित और बराबरी के आधार को बनाए रखने के लिए नीट-पीजी 2025 को एक ही पाली में आयोजित करने के निर्देश का अनुरोध कर रहे हैं, क्योंकि इस परीक्षा में 0.1 अंक का अंतर भी एक उम्मीदवार की रैंक को सैकड़ों और हजारों तक बदल सकता है।

याचिका में कहा गया है कि नीट-पीजी 2025 में चिकित्सा विशेषज्ञता की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है। इसमें कहा गया है कि दो पालियों में इतनी व्यापक परीक्षा आयोजित करना संविधान के अनुच्छेद 14 के तहत उम्मीदवारों के अधिकारों का सीधे तौर पर उल्लंघन है, क्योंकि 'मॉडरेशन' और सामान्यीकरण प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी के कारण प्रतियोगिता के न्यायसंगत, निष्पक्ष, उचित और बराबरी के आधार को बनाए रखना लगभग असंभव है।

याचिका में दावा किया गया है कि यह अनुच्छेद 21 का भी उल्लंघन है, क्योंकि यह प्रक्रिया निष्पक्ष परीक्षा के मूल अधिकार का उल्लंघन करती है।

इसमें कहा गया है कि नीट-पीजी 2024 भी दो-पाली प्रारूप में आयोजित की गई थी और प्रारूप और उसके बाद की सामान्यीकरण प्रणाली से उत्पन्न समस्याओं के कारण परिणामों को शीर्ष अदालत के समक्ष चुनौती दी गई थी।

याचिका में नीट-पीजी 2025 को एक ही पाली में आयोजित करने के लिए नयी अधिसूचना जारी करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है।

# पहले संवैधानिक संशोधन से आरक्षण की सुरक्षा हुई: कांग्रेस

नयी दिल्ली, (भाषा) कांग्रेस ने सोमवार को कहा कि वर्ष 1951 में हुए पहले संवैधानिक संशोधन से आरक्षण की सुरक्षा सुनिश्चित हुई।



पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने अनुच्छेद 15(4) को भारत के संविधान में संविधान (प्रथम संशोधन) अधिनियम, 1951 के माध्यम से शामिल किए जाने से जुड़े संक्षिप्त इतिहास का उल्लेख करते हुए यह टिप्पणी की।

रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''अनुच्छेद 15(4) को भारत के संविधान में संविधान (प्रथम संशोधन) अधिनियम, 1951 के माध्यम से शामिल किया गया था, और यह 18 जून 1951 से प्रभावी हुआ। यह अनुच्छेद राज्य को संवैधानिक शक्ति देता है कि वह "किसी भी सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्ग के नागरिकों या अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों की उन्नति के लिए विशेष प्रावधान कर सके।'' उनके अनुसार, अनुच्छेद 15(4) तब आवश्यक हो गया था जब 9 अप्रैल, 1951 को उच्चतम न्यायालय ने प्रसिद्ध ''मद्रास राज्य बनाम चंपकम दोराईराजन'' मामले में आरक्षण को रद्द कर दिया था। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि प्रथम संशोधन ने भूमि सुधार कानूनों को न्यायिक समीक्षा से बचाने के लिए नौवीं अनुसूची की व्यवस्था भी पेश की थी तथा यह आवश्यक हो गया था क्योंकि अदालतें जमींदारी उन्मूलन कानूनों को रद्द कर रही थीं। उन्होंने कहा, ''यह सारा इतिहास अब भुला दिया गया है। विधेयक पर प्रवर समिति की अध्यक्षता किसी और ने नहीं, बल्कि स्वयं तत्कालीन प्रधानमंत्री जवारलाल नेहरू ने की थी और इसमें सी. राजगोपालाचारी और डॉ. आंबेडकर शामिल थे। इसमें डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी भी सदस्य थे लेकिन उन्होंने एक असहमति नोट प्रस्तुत किया था।''

# राष्ट्रीय महिला आयोग ने दिल्ली में पांच दिवसीय महा जनसुनवाई शुरू की

नयी दिल्ली, (भाषा) राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने महिलाओं की शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए सोमवार को दिल्ली में पांच दिवसीय महिला महा जनसुनवाई शुरू की।



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने लगभग 1500 लंबित मामलों के निपटारे के लिए पूर्ण प्रशासनिक सहायता का आश्वासन दिया।

विशेष जन सुनवाई के पहले दिन उपस्थित गुप्ता ने कहा कि यह पहल राजधानी में महिलाओं के लिए समय पर न्याय सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा, ₹सभी लंबित मामलों पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। पूरा पुलिस और प्रशासनिक तंत्र यहां मौजूद रहेगा और लगातार सुनवाई होगी।₹

गुप्ता ने आगे कहा कि सरकार जल्द ही दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) का पुनर्गठन करेगी। उन्होंने कहा, ₹हम चाहते हैं कि महिलाओं की बात अधिक प्रभावी ढंग से सुनी जाए और इसके लिए डीसीडब्ल्यू को यथाशीघ्र पूरी तरह कार्यात्मक बनाना होगा।₹

इस सप्ताह निर्धारित महिला महा जनसुनवाई का उद्देश्य आयोग में पहले से पंजीकृत शिकायतों को प्राथमिकता देना तथा आने वाली शिकायतों का मौके पर ही समाधान करना है।

एनसीडब्ल्यू की अध्यक्ष विजया रहाटकर, आयोग के सदस्य और विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी सत्र में भाग ले रहे हैं।






# बदलापुर मामले के आरोपी की हिरासत में मौत पर महाराष्ट्र के डीजीपी एसआईटी गठित करेंगे: न्यायालय

नयी दिल्ली, (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि महाराष्ट्र के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) बदलापुर यौन उत्पीड़न मामले के आरोपी अक्षय शिंदे की हिरासत में मौत के मामले में पांच पुलिसकर्मियों के खिलाफ आरोपों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करेंगे।




ठाणे जिले के बदलापुर स्थित एक स्कूल में दो नाबालिग लड़कियों के यौन उत्पीड़न के आरोपी शिंदे को 23 सितंबर 2024 को पुलिस वैन में कथित तौर पर गोली मार दी गई थी, जब उसे एक अन्य मामले में पूछताछ के लिए तलोजा जेल से कल्याण ले जाया जा रहा था। उच्चतम न्यायालय की न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी. वराले की पीठ ने महाराष्ट्र सरकार द्वारा बंबई उच्च न्यायालय के सात अप्रैल के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर यह आदेश पारित किया।

उच्च न्यायालय ने शिंदे की हिरासत में मौत के लिए पांच पुलिसकर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने और मुंबई के संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) लखमी गौतम की निगरानी में एक विशेष जांच दल गठित करने का आदेश दिया था। उच्च न्यायालय के निर्देश को संशोधित करते हुए उच्चतम न्यायालय ने कहा कि महाराष्ट्र के डीजीपी एसआईटी का गठन करेंगे जो जांच जारी रखेगी।

महाराष्ट्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि राज्य को एसआईटी के गठन पर कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन इसे डीजीपी की निगरानी में गठित किया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा कि अगर शिकायतकर्ता को कोई शिकायत है तो वह संबंधित अधीनस्थ अदालत जा सकता है।

उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने प्राथमिकी दर्ज करने में ''अनिच्छा'' के लिए महाराष्ट्र सरकार को फटकार लगाई थी और कहा था कि इस तरह की कार्रवाई राज्य की वैधता और आपराधिक न्याय प्रणाली में आम आदमी के विश्वास को कमजोर करती हैं। पीठ ने कहा कि जब प्रथम दृष्टया अपराध का खुलासा होता है तो मामला दर्ज करना अनिवार्य है।

उच्च न्यायालय ने कहा कि वह इस बात से संतुष्ट है कि मामले की गहन जांच की जरूरत है, क्योंकि यह निर्विवाद है कि शिंदे की मृत्यु पुलिस हिरासत में एक पुलिस अधिकारी द्वारा चलाई गई गोली के कारण हुई थी। शिंदे के माता-पिता ने दावा किया कि उनके बेटे की फर्जी मुठभेड़ में हत्या की गई।

### दो अलग-अलग जगह पुलिस मुठभेड़ ,लूट और चोरी के चार शातिर बदमाश गिरफ्तार,बड़ी संख्या में चोरी की बाइकें बरामद

# एक रात में दो हाफ एनकाउंटर, तीन को लगी गोली





नेशनल एक्सप्रेस/पवन त्रिपाठी

बरेली।शहर में अपराधियों की रोकथाम के लिए अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत रविवार देर रात पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों पर मुठभेड़ों के दौरान चार बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें से तीन बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हो गए हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से अवैध हथियार, जिंदा व खोखा कारतूस, लूटा हुआ मंगलसूत्र, नकदी, मोबाइल, एक स्कूटी और छह चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं।

रविवार रात करीब दो बजे थाना इज्जतनगर क्षेत्र स्थित सहारा ग्राउंड के पास पुलिस चेकिंग के दौरान स्कूटी सवार दो संदिग्धों को रोकने की कोशिश की गई। पुलिस को देखकर बदमाश भागने लगे और पीछा करने पर उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी।

जवाबी कार्रवाई में बदमाश गनी खान और फरमान को गोली लगी। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके से पुलिस ने दो तमंचे, तीन जिंदा और चार खोखा कारतूस, लूटा हुआ मंगलसूत्र, एक मोबाइल और नकदी बरामद की।

मुठभेड़ में दरोगा संजय और सिपाही राजेश कुमार भी मामूली रूप से घायल हुए। पकड़े गए बदमाशों के खिलाफ प्रेमनगर, क्योलड़िया, हाफिजगंज सहित अन्य थानों में लूट, छिनैती और चोरी के कई मामले दर्ज हैं।

इसी रात बारादरी थाना पुलिस ने भरतौल-हारुनगला रोड पर गश्त के दौरान दो संदिग्धों को रोकने की कोशिश की। बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग की, जिसके जवाब में हुई कार्रवाई में एक बदमाश आरिश के पैर में गोली लगी, जबकि उसका साथी परवेज उर्फ बाबू जी मौके पर पकड़ लिया गया। पुलिस ने इनके कब्जे से एक तमंचा, तीन कारतूस, छह चोरी की बाइकें और एक स्कूटी बरामद की। दोनों बदमाश बरेली के कई थानों में दर्जनों मामलों में वांछित हैं और पहले भी जेल जा चुके हैं। पूछताछ में उन्होंने बाइक चोरी की कई घटनाओं को स्वीकार किया है। एसएसपी अनुराग आर्य ने कहा कि जिले में अपराधियों के खिलाफ सघन अभियान जारी है। अपराध और अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। सभी थाना प्रभारियों को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

## कूड़े घर के पास युवक का अज्ञात शव मिलने से इलाके में हड़कंप



नेशनल एक्सप्रेस

### अभी तक नहीं हुई शिनाख्त प्रथम दृष्टया नशे के कारण मौत पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

बरेली मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है, जहां आजमनगर सराय खा स्थित कूड़े घर के पास रविवार को एक लगभग 40 वर्षीय अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने शव देखकर तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल की मोर्चरी भिजवाया। क्षेत्रीय चौकी इंचार्ज ने बताया कि प्रथम दृश्टया मृतक युवक नशे का आदी प्रतीत हो रहा है, क्योंकि शव के पास से नशीली वस्तुएं भी बरामद हुई हैं। फिलहाल युवक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव की शिनाख्त के लिए उसकी तस्वीरें सोशल मीडिया और सभी थाना प्रभारियों के ग्रुपों में साझा कर दी हैं। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद होगा मौत के कारण का खुलासा पुलिस मामले की जांच में जुटी।

## मां बाप द्वारा खून पसीने से सीची गई औलादे अपने कर्तव्यों का निर्वहन क्यों नहीं करती

### घरेलू विवाद से आहत बुजुर्ग ने खाया जहरीला पदार्थ, इलाज के दौरान मौत




नेशनल एक्सप्रेस

बरेली /रामपुर जनपद के थाना मिलक क्षेत्र के गांव पुन्नापुर निवासी 60 वर्षीय हरिनंदन की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। मृतक के बेटे धर्मेंद्र ने बताया कि मंगलवार शाम उनके चचेरे भाई अर्जुन की पत्नी से खाना बनाने और घरेलू विवाद को लेकर कहासुनी हो गई थी। इसी बात से आहत होकर हरिनंदन ने घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया।हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान देर रात करीब 3 बजे उनकी मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि हरिनंदन की पत्नी का निधन कुछ वर्ष पहले हो चुका है और उनके छह बच्चे हैं। बरेली निवासी उनके पुत्र ने बताया वह गांव में रहकर खेतीबाड़ी करते थे।पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## भागदौड़ भरी जिंदगी में मनुष्य का दिल दे रहा धोखा अपने दिल का रखें विशेष ख्याल

नेशनल एक्सप्रेस /दुष्येन्द्र कुमार



बरेलीः बीमारियाँ हमेशा से समाज के लिए एक गंभीर अभिशाप रही हैं। मानव पीड़ा को कम करने की दिशा में वैज्ञानिकों और डॉक्टरों ने वर्षों से मिलकर निरंतर प्रयास किए हैं, जिससे डायग्नोसिस एंड डिजीज मैनेजमेंट में काफी सुधार आया है। जहां एक सदी पहले इंफेक्शियस डिजीज मृत्यु का सबसे बड़ा कारण थे, वहीं एंटीबायोटिक्स की खोज के बाद यह खतरा काफी हद तक नियंत्रित किया जा सका।

वर्तमान समय में दिल की बीमारियाँ विकसित और विकासशील दोनों प्रकार के देशों में मृत्यु का प्रमुख कारण बन चुकी हैं। हालांकि ये बीमारियाँ समाज और परिवार पर गंभीर प्रभाव डालती हैं, लेकिन इन्हें रोका जा सकता है।

दिल की बीमारियों के बढ़ते मामलों के पीछे कई कारण जिम्मेदार हैं। तेजी से होता शहरीकरण, बैठने की जीवनशैली, डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियाँ, बढ़ता प्रदूषण, मानसिक तनाव, धूम्रपान की लत और स्वादिष्ट लेकिन अनहेल्दी जंक फूड का बढ़ता चलन—ये सभी कारण दिल की सेहत को नुकसान पहुंचाते हैं और रोग का बोझ बढ़ाते हैं।

मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटपड़गंज के नॉन इनवेसिव कार्डियोलॉजी विभाग के प्रिंसिपल कंसल्टेंट एवं इंचार्ज डॉ. कपिल देव मोहिन्द्रा ने बताया कि ह्न'बचाव इलाज से बेहतर है' यह पुरानी कहावत आज भी उतनी ही सार्थक है। दिल की बीमारियों से बचाव के लिए संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, तनाव और नकारात्मक सोच से दूरी जरूरी है। ध्यान, योग, सकारात्मक सोच और अच्छे लोगों की संगत से मानसिक स्वास्थ्य बेहतर बनाना भी दिल की सेहत को दुरुस्त रखने में मदद करता है। सकारात्मक भावनाएँ, आशावाद और जीवन का उद्देश्य न केवल सकारात्मक मनोविज्ञान का आधार हैं, बल्कि ये सकारात्मक स्वास्थ्य के भी अहम स्तंभ हैं। इलाज पर भारी खर्च करने की बजाय बेहतर यह है कि हम जीवनभर अपने दिल का ध्यान रखें और समय-समय पर चिकित्सक की सलाह के अनुसार स्वास्थ्य जांच करवाएं। यह जानना बेहद जरूरी है कि हर दिल का दौरा छाती में दर्द के रूप में सामने नहीं आता। कभी-कभी यह गैस्ट्रिक परेशानी जैसे लक्षणों के रूप में भी सामने आ सकता है। ऐसे में स्वयं दवा लेने के बजाय एक साधारण नॉन-इनवेसिव जांच जैसे एउऋ (इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम) करवाना बेहतर है, जिससे समय रहते उपचार किया जा सकता है। हृदय से संबंधित कई जांचें होती हैं जो यह जानने में मदद करती हैं कि किसी व्यक्ति को दिल की बीमारी का खतरा है या नहीं, और क्या उपचार आवश्यक है। अधिकतर जांचें नॉन-इनवेसिव होती हैं, यानी इनके लिए शरीर में किसी यंत्र को डालने की जरूरत नहीं होती। ये जांचें नए लक्षणों जैसे सीने में असहजता, सांस फूलना या अनियमित धड़कन के कारणों का पता लगाने में डॉक्टर की मदद करती हैं। डॉ. मोहिन्द्रा ने आगे बताया कि ह्नहृदय की सेहत की जांच के लिए आज कई आधुनिक और सरल विधियाँ उपलब्ध हैं। इकोकार्डियोग्राम, जिसे आमतौर पर हार्ट अल्ट्रासाउंड कहा जाता है, दिल की संरचना और वाल्व की कार्यक्षमता का आकलन करने में मदद करता है। यह विशेष रूप से सीने में दर्द या सांस की कमी के कारणों को समझने में सहायक होता है। इसी तरह, इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम (एउऋ) दिल की इलेक्ट्रिकल एक्टिविटीज और धड़कन की नियमितता की जांच करता है। इससे यह पता लगाया जा सकता है कि सीने में दर्द का कारण दिल का दौरा या एंजाइना है या नहीं। एउऋपेसमेकर जैसी डिवाइस की कार्यप्रणाली को परखने में भी उपयोगी है। एक्सरसाइज स्ट्रेस टेस्ट व्यायाम के दौरान हृदय की प्रतिक्रिया को जांचता है और यह सुनिश्चित करता है कि दिल शारीरिक गतिविधियों के लिए तैयार है या नहीं। ये सभी जांचें बिना रेडिएशन के होती हैं, त्वरित होती हैं और आसानी से उपलब्ध हैं।

## घर से बाल कटाने निकले दो मासूम दोस्त काल के गाल में समा गए

### हृदय विदारक अनहोनीः रेल इंजन की चपेट में आने से दो मासूम स्कूल दोस्तों की मौत, परिवारों में मचा कोहराम





नेशनल एक्सप्रेस/पवन त्रिपाठी

बरेली। मामला इज्जत नगर थाना क्षेत्र का है,जहां नैनीताल रोड स्थित वैरियर वन चौकी के पीछे सोमवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में दो स्कूली बच्चों की रेल इंजन की चपेट में आकर मौत हो गई। मृतकों की पहचान 11 वर्षीय पंकज पुत्र ओमवीर, निवासी करमपुर चौधरी, और 13 वर्षीय आदित्य पुत्र ऋषिदेव, निवासी गायत्रीनगर, के रूप में हुई है। पंकज कक्षा पांचवीं और आदित्य कक्षा सातवीं का छात्र था। जानकारी के अनुसार, दोनों बच्चे सुबह 9 बजे बाल कटवाने के लिए घर से निकले थे। लौटते समय वे एयरफोर्स गेट के पास रेल पटरी पार कर रहे थे, तभी भोजीपुरा की ओर से आ रहे एक इंजन की चपेट में आ गए। मौके पर ही दोनों की मौत हो गई। हादसा देखकर स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया और भीड़ जुट गई। लोको पायलट की सूचना पर आरपीएफ, रेलवे अधिकारी और इज्जतनगर पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों बच्चों के शवों को पटरी से हटाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। घटना के बाद दोनों परिवारों में कोहराम मचा हुआ है। मासूम बच्चों की असमय मौत से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

## मृतकों के परिजनों से मिले सांसद कंवर सिंह तंवर, संवेदना व्यक्त की

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



अमरोहा। सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर ने अपने संसदीय क्षेत्र की विधानसभा हसनपुर के ग्राम सुतावली की मढैया में पूर्व जिला पंचायत सदस्य जगपाल खडगवंशी के आवास पहुंचकर उनके पुत्र कोशिन्दर के सडक दुर्घटना में हुए निधन तथा रहरा में प्रमोद त्यागी की माता के निधनोपरान्त शोक संवेदना व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी?। उपरान्त सांसद ने आदमपुर में रामपाल खडगवंशी के आवास पर पहुंचकर उनके पिता होरीलाल व माता गंगादेई के आकस्मिक निधन एवं ग्राम पुरसल में ग्राम प्रधान अनिल के तहेरे भाई किरनपाल के आवास पर पहुंचकर उनके निधनोपरान्त अपनी गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए शोकग्रस्त परिवार को सांत्वना दी। महेश खडगवंशी, मनोज शर्मा, चमन कसाना, सुधीर चौहान, अनिल गुर्जर ग्राम प्रधान, सतीश अग्रवाल, जगपाल खडगवंशी, अंकित कुमार, नानकचन्द, आमोद त्यागी, मुकेश गुप्ता, विशाल त्यागी, राजा त्यागी, सरदार सिंह, पवन खटाना, अमर सिंह, ओमवीर सिंह ब्रहमपाल सिंह, विजय सिंह, जगदेव सिंह, दिपांशू त्यागी, किल्लन त्यागी व मृतकों के परिजनों सहित अन्य सभी ग्रामवासी मौजूद रहे।

## शराब की दुकानों को आबादी से बाहर करने की मांग कर भाकियू शंकर की महिला कार्यकर्ताओं ने दिया धरना



नेशनल एक्सप्रेस

अमरोहा। भारतीय किसान यूनियन (शंकर) की महिला पदाधिकारी- ग्राम अध्यक्ष ओंकारी देवी के नेतृत्व में सोमवार को सैकड़ों महिला व पुरुषों ने शराब की दुकानों को आबादी से बाहर किये जाने को लेकर धरना प्रदर्शन करते हुए प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की है। इस दौरान जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा गया। रजबपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पिपली मेकचन्द में आबादी में खोली गई शराब की दुकानों का ग्रामीणों द्वारा लगातार विरोध किया जा रहा है। वहीं सूचना मिलने पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह तमाम पदाधिकारियों संग धरना स्थल पर पहुंचे और उन्होंने मौके पर मौजूद उपजिलाधिकारी भगत सिंह से इस विषय को लेकर वार्ता की। चौधरी दिवाकर सिंह ने कहा कि स्थानीय महिलाओं व ग्रामीणों के द्वारा शराब की दुकानों को आबादी से बाहर किये जाने को लेकर 4 व 7 अप्रैल को कलेक्ट्रेट पर विरोध - प्रदर्शन किया गया था, वहीं जिला आबकारी अधिकारी ने भी 5 दिन में दोनों दुकानों को आबादी से हटाने का आश्वाशन दिया था, परन्तु अभी तक शराब की दुकानों को वहां से हटाया नहीं गया है, जिसे लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। आज उपजिलाधिकारी व प्रशासनिक अधिकारियों से वार्ता करने के बाद संगठन ने फैसला किया है कि यदि 7 मई को दोपहर 12 बजे तक दोनों शराब की दुकानों को आबादी से नहीं हटाया जाता है, तो फिर भाकियू शंकर संगठन के द्वारा कलेक्ट्रेट का घेराव किया जाएगा, जिसकी पूर्ण रूप से जिम्मेदारी आबकारी विभाग की होगी। इस दौरान धरना-प्रदर्शन में अशोक चौधरी,अंजू चौधरी, रितु चौधरी, इंद्रेश चौधरी, सुनीता सिंह,मंजू देवी,संतोष देवी,शांति, देवी, रामवती, दयावती, सावित्री, कमला, सुरेश, आरती, प्रेमवती,ममता,सविता,सरोज,कैलाश,प्रियंका, कविता, राजवती, खुशी, अंजली, राधिका,मोहन सैनी,कुलदीप चौधरी, लल्लू सिंह,योगदत्त प्रजापति, चंद्रपाल सैनी,ओमवीर सिंह,प्रधान हरि सिंह सैनी, अजय सिंह,अरुण चौधरी, धर्मवीर सिंह,राकेश रतनपुर,नेमपाल सिंह व रमेश सिंह समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## इंडियन आइडल विजेता पवनदीप सड़क हादसे में जख्मी

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता,



गजरौला। इंडियन आइडल सीजन 12 की विजेता एवं उत्तराखंड के कला संस्कृति और पर्यटन के बांड एवंसडर पवनदीप राजन सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका उपचार नोएडा के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। उनके दो साथी भी घायल हुए हैं। कार हाईवे पर खड़े एक कैंटर में पीछे से घुसी है। कार चालक कां झपकी आने पर यह हादसा हुआ पवनदीप राजन के दोनों पैर व हाथ में फैक्कर हुआ है। पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त वाहन को कब्जे ले लिया है, हालांकि कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हुई है। उत्तराखंड के जिला एवं कस्वा चंपावत के सिलेंन टाक निवासी सिंगर पवनदीप राजन अपने पड़ोसी साथी अजय महरा व चालक राहुल सिंह के साथ रविवार की रात करीब ढाई बजे एमजी कंपनी की हेक्टर कार में सवार होकर चंपावत से दिल्ली जा रहे थे। उनका हैदराबाद में नाइट शो था। इसलिए सोमवार को सुबह को दिल्ली से प्लाइय पकड़नी थी। जब वे गजरौला में हाईवे पर सोओ दफ्तर के सामने कट पर पहुंचे तो यहां पर कार्य चला रहे साथी राहल सिंह का झपकी आ गई। कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पर खड़े कैंटर में पीछे से घुस गई। हादसे में सिंगर सवनदीप राजन, अजय मेहरा व राहुल सिंह तीनों घायल हो गए। हादसे की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क सं हटवा कर घायलों को तत्काल जांया क्षेत्र के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद उनके परिजनों को इच्छानुरूप पवनदीप राजन को नोएडा के निजी अस्पताल भेज दिया। हादसे की जानकारी मिलनं पर पवनदीप राजन के पिता सुरेश राजन व मां सरांज राजन भी सोमवार की सुबह में गजरौला आए। यहां पर पुलिस से जानकारी के बाद नोएडा चले गए। उत्तराखंड सरकार ने बनाया था बांड एंबेसडर बता दें कि पवनदीप राजन ने 2021 में इंडियन आइडल 12 जीता था और उसी के बाद उत्तराखंड सरकार ने उन्हें बांड एंबेसडर घोषित किया था। उनको सुरीली आवाज का हर कोई दीवाना है। कार के एयर बैग खुलने से बची जान हादसे के समय एयर बैग खुलने से सिंगर पवनदीप व अन्य की जान बच सकी। कार काफी तेज गति से कैंटर से टकराई थी लंकिन गनीमत रही कि कार में एयरबैग थे और हादसा होते ही एयर बैग खुल गए, अन्यथा जान सर बन सकती थी। बता दें कि सिंगर पवनदीप के हादसे में घायल होने की खबरें दिन भर क्षेत्रीय व राष्ट्रीय मीडिया का हिस्सा बनी रहीं। वहीं इस बारे में प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि सिंगर की गाड़ी के चालक को नींद की झपको आने पर हादसा हुआ है। सिंगर की हालत नाजुक है। हालांकि उन्होंने किसी भी कार्रवाई से इनकार करते हुए लिखित रूप में दिया है। कार पवनदीप की मां सरांज देवी के नाम पर पंजीकृत है।

## भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी की धनौरा नगर कार्यकारिणी का हुआ

नेशनल एक्सप्रेस



धनौरा। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की बैठक नगर के शेरपुर चुंगी स्थित कार्यालय पर संपन्न हुआ। बैठक में नगर कार्यकारिणी का गठन किया गया। सोमवार को नगर के शेरपुर चुंगी स्थित कार्यालय पर भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में नगर कार्यकारिणी का गठन हुआ, जिसमें 11सदस्यों की कार्यकारिणी बनी। नगर मंत्री राजपाल सिंह, नगर उप मंत्री लईक अहमद, तहसील अध्यक्ष विनय पास्टर, उपाध्यक्ष आत्माराम सैनी, धर्मपाल सिंह को मनोनीत किया गया। जिला मंत्री नरेश चंद्रा ने कहा कि नव गठित कार्यकारिणी से पार्टी का जनाधार बढ़ेगा।

## ठोस अपशिष्ट प्रबंधन का सफल संचालन किया जाएः जिलाधिकारी



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो अमरोहा।

जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में फिजिकल मैनेजमेंट के अंतर्गत स्थापित हो रहे है एफ एसटीपी संयंत्र के विद्युत संयोजन, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन यूनिट के सफल संचालन ,आरसी सेंटर एकीकृत ठोंस अपसिस्ट प्रबंधन केंद्रों के नियमित रूप से क्रियाशील बनाए रखने, ऑडीएफ प्लस मॉडल बनाए जाने के लिए चिन्हित ग्राम की समीक्षा सहित अन्य बिंदुओं पर समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के सभी आरआरसी सेंटर औ? ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र को क्रियाशील किया जाए। इसमें कोई भी लापरवाही नहीं हो। कहा जो कूड़ा जनरेट हो रहा है उसके लिए आवश्यक कार्यवाही किया जाए। कहा पंचायतों को आत्म निर्भर बनाया जाए, सरकारी धन का प्रयोग इंफ्रास्ट्रक्चर पर हो और रनिंग कास्ट का प्रयोग से पंचायतो की इनकम बढ़ाए, यूजर चार्ज वसूला जाए, इसके लिए पूरा प्लान बनाया जाए । कहा प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन यूनिट सक्रिय रूप से क्रियाशील होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि पंचायतों को आमदनी का स्रोत बनाएं । कहा कि सभी ग्राम पंचायत में जल संचयन के आवश्यक कार्यवाही करें । कहा कि पंचायतों को मॉडल बनाया जाए गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराकर स्वच्छ और सुन्दर बनाया जाय । कहा सभी स्कूलों में प्लास्टिक एकत्र करने हेतु पात्र रखवाया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्रा, परियोजना निदेशक अमरेन्द्र प्रताप जिला विकास अधिकारी ब्लॉक प्रमुख गजरौला सहित अन्य संबंधित अधिकारी खंड विकास अधिकारी मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### दो बाइकों की भिड़ंत में चार लोग घायल

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/सम्भल। गुन्नौर मे दो बाइकों की भिड़ंत में चार लोग घायल हो गये।घायलों को गुन्नौर अस्पताल में भर्ती कराया गया।आगरा मुरादाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग मझोला मोड़ पर बाइक सवार नीलेश पुत्र हरिओम व उसकी पत्नी पूजा निवासी दवथरा हिमचल थाना जुनावई से गांव सैजना अहरान जा रहे थे।तभी पीछे से दूसरे बाइक सवार सुरेश पुत्र भगवान सिंह व उसके पुत्र रूपेंद्र सिंह निवासी गांव जमुना थाना अतरौली जिला अलीगढ़ से गांव सेफनी जा रहे थे।दोनों की बाइक आपस में भिड़ गई।घायलों को 108 एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर लाया गया।जहां डॉक्टर ने चारों घायलों को अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

### सोसाइटी की महिलाओं ने कन्या के विवाह मे दिया सामान

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/चंदौसी। सोमवार को किरण सोशल वेलफेयर सोसाइटी रजि चंदौसी उ० प्रे०के तत्वाधान में नगर के पुरानी पैठ बांके बिहारी के मंदिर पर एक गरीब कन्या के विवाह हेतु विवाह सामग्री साड़ियां सिंगार का सामान, बेडशीट,चांदी,सोने का सामान नगद रुपए बर्तन वगैरा एकत्रित कर ग्रुप द्वारा महिला को दी गई ग्रुप की अध्यक्ष डॉ नीलम वार्ष्णेय ने बताया कि हम ऐसे विवाह कार्यक्रम करते रहते है और भी कई वार कार्यक्रम कर चुके हैं और भगवान ने चाहा तो आगे भी करते रहेंगे हम समय-समय पर सभी पर्वों पर कार्यक्रम ग्रुप द्वारा करते रहते हैं कार्यक्रम में रूबी ,अंजू, प्रतिभा ,लक्ष्मी ,सीमा, अंशु, सुनीता, शिखा, आशा, कृति पलक भक्ति, अशोक, पुजारी, मुकेश कुमार, आदि लोग मौजूद है। -

### मुख्य विकास अधिकारी ने मृदा नमूना अभियान का किया शुभारम्भ




नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/सम्भल। उप कृषि निदेशक ने बताया कि मृदा स्वास्थ्य सुधार योजनान्तर्गत मृदा नमूना एकत्रीकरण अभियान के अन्तर्गत खरीफ 2025-26 के निर्धारित मृदा नमूना एकत्रीकरण लक्ष्य 11200 के सापेक्ष मे दिनांक 05.05.2025 को विशेष अभियान चलाकर मुख्य विकास अधिकारी, सम्भल की अध्यक्षता में कृषि विभाग के अधिकारियों एवं क्षेत्रीय कर्मचारियों द्वारा जनपद के समस्त विकास खण्डों से कुल 4776 मृदा नमूना एकत्रीकरण किये गये। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उक्त मृदा नमूना अभियान का शुभारम्भ करते हुए विकास खण्ड बनियाखेड़ा के ग्राम आटा से मृदा नमूना लिया गया।मृदा नमूना एकत्रीकरण अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक विकास खण्ड में 20 ग्रामों का चयन करते हुए प्रत्येक ग्राम में 100 मृदा नमूना एकत्रीकरण किया जाना है। जिसके सापेक्ष खरीफ में लक्ष्य का 70 प्रतिशत मृदा नमूना ग्रहण किया जाना है। अवशेष मृदा नमूनों को आगामी 3-4 दिनों के अन्तर्गत एकत्रीकरण कर लिया जाएगा।इसके साथ ही उक्त एकत्रित मृदा नमूनों की मृदा परीक्षण प्रयोगशाला में जाँच कराकर जरूरी खाद और माइक्रोन्यूट्रिएण्टस उपयोग किये जाने से सम्बन्धित मृदा स्वास्थ्य कार्ड सम्बन्धित कृषकों में वितरित किये जायेंगे।

# निर्माणाधीन नाले का निरीक्षण करने पहुंचे डिप्टी कलेक्टर

## नाले निर्माण में अवरोध उत्पन्न वाले भवनों को शीघ्र ही ध्वस्त करने के दिए निर्देश

नेशनल एक्सप्रेस मनीष शर्मा, अंशुल सिंह





सम्भल। चंदौसी मे सोमवार को बहजोई कलक्ट्रेट के डिप्टी कलेक्टर ने शक्ति नगर में निमार्णाधीन नाले का निरीक्षण किया। कार्य में अवरोध उत्पन्न होने वाली स्थिति का जायजा लिया। साथ ही अतिक्रमण को शीघ्र हटाने की बात कही। नाला निर्माण के बाद शक्ति नगर में सड़क का निर्माण कार्य कराया जाएगा। डिप्टी कलेक्टर के निरीक्षण से अतिक्रमण करने वालों में दहशत बढ़ गई है। पूर्व में बहजोई कलक्ट्रेट के डिप्टी कलेक्टर विनय मिश्रा ने नगर में अतिक्रमण अभियान चलाया था। जिसमें बदायूं चुंगी, बदायूं रोड, तहसील रोड, फव्वारा चौक, स्टेशन रोड, शक्ति नगर, मुंसिफ रोड, सुभाष रोड, मालगोदाम रोड, मुखर्जी चौक पर अतिक्रमण अभियान चलाया गया था। जिसमें नाले के ऊपर स्थायी व अस्थायी अतिक्रमण को ध्वस्त करने का कार्य किया गया था। इसके बाद कुंभ मेले में डिप्टी कलेक्टर की तैनाती कर दी गई। डिप्टी कलेक्टर विनय मिश्रा ने तीन दिन पहले बहजोई कलक्ट्रेट में डिप्टी कलेक्टर का पद ग्रहण कर लिया। सोमवार को जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया के निर्देश पर शक्ति नगर स्थित नाला निर्माण का निरीक्षण किया। यहां डिप्टी कलेक्टर के साथ एसडीएम निधि पटेल, नगर पालिका के कर्मचारी मौजूद रहे। विनय मिश्रा ने बताया कि लोगों की शिकायत थी की नाले निर्माण में कुछ अवरोध उत्पन्न हो रहा है। साथ ही नाला सीधा नहीं बन रहा है। शिकायत के बाद मौके पर पहुंचे विनय मिश्रा ने निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि जिस स्थान पर नाला सीधा नहीं बनाया गया है, उसे तुड़वाकर दोबारा निर्माण कराया जाएगा। साथ ही नाले निर्माण में अवरोध उत्पन्न वाले भवनों को शीघ्र ही ध्वस्त करने के निर्देश दिए। बताया कि नाला निर्माण के बाद शक्ति नगर में सड़क का निरीक्षण कराया जाएगा।

## फर्जी/कूटरचित दस्तावेज तैयार करने बाली 02 महिला आरोपी गिरफ्तार



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

रजपुरा सम्भल। पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार विश्नोई व अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी जनपद सम्भल अनुकृति शर्मा के कुशल निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी गुन्नौर दीपक कुमार के कुशल नेतृत्व मे जनपद सम्भल में कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियो पर प्रभावी नियन्त्रण लगाने हेतु थाना रजपुरा पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन हडपने वाले अन्तर्जनपदीय गिरोह के 02 सदस्य संगीता चौहान पत्नी नरेंद्र सिंह चौहान पुत्री मूलचंद निवासी धर्मपाल वाटिका, सूरजपुर, गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश 02. नीरा सिंह पत्नी संदीप चौहान निवासी फ्लैट नंबर 102 फर्स्ट फ्लोर, गली नं0 3 गैलेक्सी अपार्टमेंट, हनुमान विहार सेक्टर 49 नोएडा जनपद गौतमबुद्धनगर को मु0 बीएनएस थाना रजपुरा जनपद सम्भल में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार शुदा अभियुक्ता को सोमवार न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।अभि०गण संगीता चौहान,नीरा सिंह उपरोक्त व इनके अन्य साथियों द्वारा धोखाधडी कर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर अद्वितीय पुत्री राधारमन गोविंद व अनुराधा पुत्री राधारमन गोविंद के पिता स्वर्गीय राधारमन गोविंद की पुत्रियाँ होने का झूठा दावा प्रस्तुत कर कूटरचित दस्तावेज के बल पर अद्वितीय व अनुराधा द्वारा विक्रय की गयी भूमि को हडपने के सम्बन्ध में मुकदमा पीड़ित राकेश कुमार पुत्र महावीर प्रसाद निवासी बबराला थाना गुन्नौर जनपद सम्भल द्वारा उक्त अभियोग पंजीकृत कराया गया है।स्व० राधारमन गोविन्द मूल रुप से छोटा मिर्जा का नंगला, हनुमानगढ वाईपास रोड फिरोजाबाद के मूल निवासी थे, जिनका एक पैट्रोल पम्प गवां, जनपद सम्भल में भूमि 1060 वर्गमीटर में स्थित था, जो नवम्बर वर्ष 2004 में स्थापित हुआ था, राधारमन गोविन्द के दो लडकिया अनुराधा वार्ष्णेय व अद्वितीय है, राधारमन गोविन्द की पत्नी अर्चना संत, जो नवोदय विधालय में अध्यापिका थी, जिनकी मृत्यु दिनांक 29.04.2021 में हो गयी थी, उनकी मृत्यु के उपरान्त मृतक आश्रित के रुप में छोटी लडकी अद्वितीय नवोदय विधालय में एल०डी०सी० पद पर नियुक्त हो गयी, राधारमन गोविन्द की दिनांक 16.08.2014 को मृत्यु हो गयी थी, चूँकि राधारमन गोविन्द के दो पुत्रियाँ अनुराधा वार्ष्णेय व अद्वितीय है, इसलिये पैट्रोल पम्प की भूमि की मूल वारिसान उनकी दोनों पुत्रियाँ है, राधारमन गोविन्द की मृत्यु हो जाने के उपरान्त पैट्रोल पम्प की भूमि की एन०ओ०सी० बडी लडकी अनुराधा वार्ष्णेय द्वारा अपनी छोटी बहन अद्वितीय को दी गयी थी, जिसके द्वारा उक्त भूमि विक्रय कर भूमि का बैनामा दिनांक 20.04.2024 को विकास गोयल, राधेश्याम वार्ष्णीय, राकेश कुमार, अंकित बंसल आदि के नाम करा दिया गया था। बैनामा हो जाने के बाद अभियुक्ता संगीता चौहान व नीरा स्वयं को राधारमन गोविन्द की पुत्रियाँ बताकर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर उक्त भूमि पर अपना मालिकाना हक बताने लगी। जिन्हें राधारमन गोविन्द की दोनों पुत्रियां जानती भी नहीं है। आरोपी महिलाओ को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में व० उ० नि० मियां जांह खान, क० मनीष कुमार, म० क 0 रागनी साथ रहे।

## नगर मजिस्ट्रेट का एआरटीओ कार्यालय में छापा, सात दबोचे



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



सम्भल । एआरटीओ कार्यालय में दलाली का काम बंद नहीं हो पा रहा है। सिटी मजिस्ट्रेट ने छापामारी करके सात संदिग्ध को पकड़ा है एआरटीओ कार्यालय में दलाली का काम बंद नहीं हो पा रहा है। सिटी मजिस्ट्रेट ने छापामारी करके सात संदिग्ध को पकड़ा है। जिनके दलाल होने का शक है जिनसे पूछताछ जारी है। जिसके बाद से कार्यालय में हड़कंप मचा है।सोमवार को डीएम के निर्देश पर सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार ने एआरटीओ कार्यालय पर अचानक छापा मारा। कार्यालय के बाहर बैठे कुछ दलाल छापामार कार्यवाही से बचते हुए भाग गए। सोमवार को सिटी मजिस्ट्रेट की गाड़ियां एआरटीओ कार्यालय के गेट पर रुकीं। कार्यालय के बाहर घूम रहे दलाल बाइक उठाकर भाग निकले। कार्यालय में खड़े लोगों से उनके आने का कारण और परेशानी के बारे में भी जानकारी की।सिटी मजिस्ट्रेट ने एआरटीओ कार्यालय का निरीक्षण किया। कर्मचारियों के अलावा कार्यालय आने वालों लोगों से जानकारी की। उस दौरान 7 बाहरी व्यक्ति कार्यालय के बाहर मिले। जिनसे पूछताछ जारी है। जिन पर दलाल होने का शक है। पकड़े गए लोगों में मो. कलीम, अनुज सिंह, मो. अनस, रंजीत सिंह, मो. दानिश, अवधेश कुमार, जहां जैब से पूछताछ जारी है। खबर लिखे जाने तक की जानकारी।

# पुलिस की संयुक्त टीमों को मिली बड़ी सफलता

### बदमाशों से हुई पुलिस मुठभेड़ के दौरान एक घायल सहित चार अभियुक्त गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस





अलीगढ़। विगत 25 अप्रैल 2025 को मुकदमा वादी नरेन्द्र पुत्र किशन पाल निवासी ग्राम भूतपुरा थाना हरदुआगंज जनपद अलीगढ़ समय बीस बजे अपनी परचून की दुकान को बन्द करके मोटर साईकिल से अपने घर जा रहा था तभी उखलाना भट्टे के पास अज्ञात स्विफ्ट डिजायर रंग सफेद कार सवार द्वारा वादी से एक लाख दस हजार रुपए लूट लिये थे, घटना के अनावरण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा स्वॉट टीम व सर्विलान्स टीम लगाई गयी थी।

विगत 04 मई 2025 को स्वॉट व सर्विलान्स टीम व थाना हरदुआगंज की पुलिस टीम उपरोक्त लूट की घटना के अभियुक्तों की पतारसी सुरागरसी व तलाश में मामूर थीं तभी चेकिंग के दौरान बरौठा नहर से माछुआ पुल की तरफ आती हुई कार स्विफ्ट डिजायर कार को रूकने का इशारा किया जिसमें बैठे बदमाशों के द्वारा पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया।

आत्मरक्षार्थ पुलिस पार्टी द्वारा जवाबी फायरिंग की गयी जिसंमे अभियुक्त दीपक पुत्र सुरेश निवासी शेफपुर थाना पाली मुकीमपुर जनपद अलीगढ़ उम्र करीब 21 वर्ष के दाहिने पैर में गोली लगने से घायल हुआ तथा अन्य अभियुक्त विशाल पुत्र राजपाल निवासी खेडिया धोकल थाना पालीमुकीमपुर जनपद अलीगढ़ उम्र करीब 23 वर्ष, छोटू उर्फ अंकुश पुत्र विनोद कुमार निवासी चंदनपुर थाना एका जनपद फिरोजाबाद उम्र करीब 18 वर्ष, विपिन शौर्य पुत्र राम किशोर निवासी जेड़ा थाना एका जनपद फिरोजाबाद उम्र करीब 23 वर्ष को मौके से गिरफ्तार किया गया एवं एक अन्य बदमाश रात्रि में मौके का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी है। पकड़े गये बदमाशों से कुल लूट की धनराशि के 75,000 हजार रुपए एवं दो तमंचा 315 बोर 02 खोखा कारतूस एवं 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर एवं लूट में प्रयुक्त स्विफ्ट कार रंग सफेद यू0पी0 80 एच0के00 9953 एवं एक मोबाइल फोन बरामद हुआ। उपरोक्त पुलिस मुठभेड़ के सम्बन्ध में थाना पर मुकद्मा पंजीकृत किया। पुलिस मुठभेड़ में घायल अभियुक्त दीपक उपरोक्त का पुलिस अभिरक्षा में मेडिकल कॉलेज में उपचार चल रहा रहा है।

पूछताछ पर अभियुक्तों ने बताया कि हम इस कार से घूम फिरकर रैकी करते हैं एवं चोरी व लूट की घटनाओं करते हैं, 25 अप्रैल 2025 को हम सभी ने मिलकर 12 नम्बर अतरौली में दुकान चलाने वाले व्यापारी से साधु आश्रम से जवॉ की तरफ जाने वाले रोड पर एक भट्टे के पास से इसी गाड़ी से एक लाख दस हजार रुपये की लूट की थी, तथा लूट करने के बाद जवॉ की तरफ भाग गये थे एवं लूटे हुए रुपये आपस में बाँट लिये थे। विगत 19 अप्रैल 2025 को भी इसी कार से रायपुर रोड अतरौली पर एक विक्की पर जा रहे दो व्यक्तियों से एक मोबाइल फोन छीनने की घटना कारित की थी उक्त घटना के सम्बन्ध में थाना अतरौली मुकद्ता पंजीकृत है।

## फ्रंट ऑफिस खोले जाने के लिए शासन से नहीं हैं कोई निर्देशः मण्डलायुक्त



नेशनल एक्सप्रेस

अलीगढ़। निबंधन कार्यालय में प्रस्तावित फ्रंट ऑफिस की स्थापना को लेकर सोमवार को तहसील कोल राजस्व एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय सिंह तेवतिया, महासचिव महेन्द्र प्रताप सिंह धाकरे, मण्डलीय बार एसोसिएशन अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार पचौरी, एडवोकेट एवं सेक्रेटरी प्रान्त गौरव शर्मा ने उप महानिरीक्षक निबंधन के साथ मण्डलायुक्त श्रीमती संगीता सिंह से महत्वपूर्ण वार्ता की। मण्डलायुक्त ने बताया कि फ्रंट ऑफिस खोले जाने के लिए शासन से अभी तक कोई निर्देश भी निर्गत नहीं किए गए हैं। फ्रंट ऑफिस की स्थापना से आम जनता को बेहतर सुविधाएँ जैसे बैठने की समुचित व्यवस्था, शुद्ध पेयजल, स्वच्छ शौचालय, सटीक मार्गदर्शन एवं सूचनाएं उपलब्ध हो सकेंगी। उप निबंधक कार्यालय का निजीकरण नहीं किया जा रहा है और अधिवक्ताओं एवं दस्तावेज लिखकों के कार्यों में कोई हस्तक्षेप नहीं होगा। अधिवक्ता एवं दस्तावेज लेखक पूर्व की भांति निर्बाध रूप से कार्य करते रहेंगे। उप महानिरीक्षक निबंधन शिव शंकर यादव ने बताया कि वार्ता के सकारात्मक परिणामस्वरूप तहसील कोल राजस्व एसोसिएशन एवं मण्डलीय बार एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने अपनी हड़ताल समाप्त करने पर सहमति जताई है।

## फाइनेंस कर्मी ने की आत्महत्या

नेशनल एक्सप्रेस

अलीगढ़। अतरौली में एक निजी फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। फिरोजाबाद के रहने वाले 26 वर्षीय जितेंद्र का शव उनके कमरे में फंदे से लटका मिला। जितेंद्र कंपनी के फ्लैट में रहते थे, रविवार को वह दिनभर कमरे से बाहर नहीं निकले। साथियों ने जब कमरे में जाकर देखा तो उनका शव फंदे पर लटका हुआ था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए पोस्टमार्टमगृह के लिए भेज दिया। मृतक के भाई पवन ने बताया कि घटना से पहले जितेंद्र से उनकी फोन पर बात हुई थी, जितेंद्र ने मिलकर कुछ बात करने की बात कही थी, पवन के अनुसार फोन पर बातचीत के दौरान जितेंद्र परेशान लग रहे थे। थानाध्यक्ष विजयकांत शर्मा के मुताबिक शव के आसपास कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। रविवार को पंचनामा की कार्रवाई की गई व सोमवार को अंत्य परीक्षण के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। परिजनों की ओर से अभी कोई शिकायत नहीं मिली है। पुलिस का कहना है कि यदि परिजनों का कोई आरोप होगा तो जॉच कर कार्रवाई की जाएगी।

## एक राष्ट्र एक चुनाव के समर्थन में उठी आवाज

नेशनल एक्सप्रेस




अलीगढ़। सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खैर मार्ग में एक देश एक चुनाव पर संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी का शुभारंभ कोल विधायक अनिल पराशर, भाजपा महानगर अध्यक्ष इंजीनियर राजीव शर्मा, भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश संगठन मंत्री शंकरलाल, प्रबंधक डॉ. राजीव अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुदेश कुमार गौड़, समाजसेवी दीपक अग्रवाल ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन से किया। शैक्षिक समन्वयक अशोक कुमार ने सभी आगंतुक अतिथियों का परिचय कराया। कोल विधायक अनिल पाराशर ने कहा कि नरेंद्र मोदी का यही दृष्टिकोण है कि कैसे भारत का विकास हो और कैसे विभिन्न कानूनों का सरलीकरण हो। एक राष्ट्र एक चुनाव भी इसी के अंतर्गत है। बार बार चुनाव प्रक्रिया से देश का विकास अवरुद्ध होता है। हमें इस विषय की चर्चा जन-जन तक पहुंचनी है। प्रबन्धक डॉ0 राजीव अग्रवाल ने कहा कि हमारे देश में हर समय कोई न कोई चुनाव होता रहता है। इससे देश की शक्ति इनको सम्पन्न कराने में लगी रहती है। एक देश एक चुनाव से अनावश्यक खर्चे तो बचेंगे कि साथ ही संसाधनों का विकास में सदुपयोग भी हो सकेगा। इससे प्रशासनिक लागत में बचक्त, निरभड़ शासन और नीति कार्यान्वयन में सुनिश्चितता, मतदाताओं की निरंतर सहभागिता में कमी एवं राजनीतिक स्थिरता आर्थिक विकास और निवेशकों के विश्वास में बढ़ावा। मिलेगा। हम सभी को इस संबंध में परिवार एवं समाज के विभिन्न वर्गों में चर्चा करनी होगी और सभी को ह्यएक देश एक चुनावह्न के विभिन्न पहलुओं को जानने का अवसर प्रदान करना होगा एक राष्ट्र एक चुनाव के समर्थन में विद्यालय द्वारा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को ज्ञापन भी प्रेषित किया गया। प्रधानाचार्य विजय प्रकाश शर्मा ने सभी आगंतुक अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का संचालन नीलम भारद्वाज ने किया।

# ऑपरेशन जागृति अभियान... महिलाओं व बालिकाओं को किया गया जागरूक

नेशनल एक्सप्रेस



अलीगढ़। सोमवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में ऑपरेशन जागृति अभियान के क्रम में थाना प्रभारियों, महिला पुलिसकार्मिकों द्वारा महिला एवं बालिकाओं को ऑपरेशन जागृति-4 के उद्देश्यों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है और अभियान का जन-जन तक प्रचार प्रसार करने की अपील की गई। श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा द्वारा जोन स्तर पर महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण, संवाद व परामर्श एवं विभिन्न प्रकार के अपराधों के बारे में जागरूकता पैदा करने हेतु जोन स्तर पर ऑपरेशन जागृति अभियान की शुरूआत की गयी थी। ऑपरेशन जागृति-4 के छह मुख्य उद्देश्य महिलाओं के प्रति होने वाले अपराध की रोकथाम, उनकी सुरक्षा, समानता व अधिकार पर चर्चा, महिलाओं को मोहरा बनाकर झूठे केस दायर करना, किशोरावस्था में प्रेम प्रसंगों के कारण घर से पलायन, साइबर हिंसा व सुरक्षा, नशे के दुष्परिणामों से बचाव व पारिवारिक विघटन के मामलों पर चर्चा शामिल है।

प्रशिक्षित बीट पुलिस अधिकारी, थाना प्रभारी व बीट इंचार्ज द्वारा अपने अपने क्षेत्रों के ग्राम पंचायत स्तर पर गाँवों मौहल्ले में महिलाओं एवं किशोरियों के साथ समन्वय करते हुए विभिन्न कार्यक्रम, नुक्कड़ सभा आयोजित कर जागृति के उद्देश्यों के प्रति जागरुक किया जा रहा है । बीट पुलिस अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत व विद्यालयों में भ्रमण कर छात्राओं को जागरुक किया जा रहा है। ऑपरेशन जागृति अभियान की सहायता से महिलाओं व बालिकाओं के प्रति अपराधों में कमी आयेगी, गलत सूचनाएं दर्ज करने मे भी कमी आयेगी, कांउसलिंग और रिपोर्टिंग सिस्टम मजबूत होगा, पलायन सम्बन्धी मामलों में भी कमी आयेगी। इन सभी परिस्थितियों में सामाजिक जागरूकता, संवाद शिक्षा और परामर्श की बेहद आवश्यकता है ताकि महिलायें एवं बालिकायें इस प्रकार के षडयंत्रों का शिकार न बने, भावनाओं में बहकर अपना जीवन बर्वाद न करें और उन्हें मोहरा न बनाया जाए, यदि वास्तव में उनके साथ किसी प्रकार का अपराध घटित होता है तो वह सच बोलने की हिम्मत रख पाये।

## अलग-अलग थाना क्षेत्र से आधा दर्जन से अधिक अभियुक्त गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस

अलीगढ़। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन द्वारा अपराध की रोकथाम एवं वांछित व वारंटी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना पालीमुकीमपुर पुलिस ने बीएनएस में वांछित अभियुक्त पूरन पुत्र चन्द्रपाल निवासी टण्डौली जहांनखां थाना पालीमुकीमपुर अलीगढ़ व नरेश पुत्र किशनलाल सिंह निवासी खड़ौआ थाना पालीमुकीमपुर अलीगढ़ को चोरी के 60 हजार रुपये व 65 क्वार्टर देशी शराब सहित बाढ़ौल रोड पर सरकारी पशु चिकित्सालय की बाउण्ड्री के पास से गिरफ्तार किया। तो वहीं थाना महुआखेड़ा पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त अजीत चौहान पुत्र शिशुपाल निवासी लाल डिग्गी रोड आरजी हाल थाना सिविल लाइन जनपद अलीगढ़ व अभियुक्त कबीर यादव पुत्र देवेन्द्र यादव निवासी दुवे का पड़ाव धोबी वाली गली थाना गांधी पार्क जनपद अलीगढ़ को मय एक-एक चाकू सहित याकूतपुर पुलिया से वोरना गांव की तरफ से गिरफ्तार किया। तो वहीं थाना अतरौली पुलिस टीम ने अभियुक्त विकाश पुत्र रमाशंकर निवासी ग्राम नरौना आकापुर थाना अतरौली जिला अलीगढ़ को एक चाकू सहित पैठ मैदान में बने ऑफिस के पास से गिरफ्तार किया। तो वहीं थाना छर्रा पुलिस ने वारण्टी प्रेमपाल पुत्र अजयपाल निवासी श्रीनाथ के सामने गली नं0 2, शिवपुरी थाना छर्रा जनपद अलीगढ़ को मस्कन से गिरफ्तार किया। तो वहीं थाना रोरावर पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए वारण्टी अभियुक्त सद्दाम पुत्र फारुख निवासी तालसपुर खुर्द थाना रोरावर जनपद अलीगढ़ को अभियुक्त के मस्कन तालसपुर खुर्द से गिरफ्तार किया। तो वहीं थाना इगलास पुलिस ने अभियुक्त जगन पुत्र मक्खनलाल निवासी ग्राम तोछीगढ़ थाना इगलास जनपद अलीगढ़ को मय एक चाकू के साथ मथुरा रोड पर हीरो एजेंसी के बगल में खाली पड़े ग्राउन्ड से गिरफ्तार किया। तो वहीं थाना गंगीरी पुलिस ने बीएनएस में वांछित अभियुक्त अजय पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी ग्राम मनैना थाना गंगीरी जनपद अलीगढ़ व श्रीमती रागिनी पत्नी स्व0 धर्मेन्द्र कुमार निवासी ग्राम मनैना थाना गंगीरी अलीगढ़ को अलीगढ कासगंज रोड से ग्राम नारायणपुर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया।

## संपादकीय

# फिलहाल आर्थिक स्ट्राइक

भारत ने पाकिस्तान पर फिलहाल आर्थिक स्ट्राइक की है। हर तरह के आयात-निर्यात पर पाबंदी लगा दी गई है। किसी और देश के जरिए भी पाकिस्तान का सामान नहीं आ सकेगा। हालांकि 2024-25 में पाकिस्तान से मात्र 4 करोड़ रुपए का आयात किया गया, जबकि भारत का निर्यात 3764 करोड़ रुपए का था। कारोबार बंद करने से नुकसान भारत का ही होगा, लेकिन दुश्मन को चारों खाने चित करने की यह भी एक कारगर रणनीति है। पाकिस्तान में पंजीकृत या उसके झंडे वाले जहाज और नौकाएं भारतीय बंदरगाहों पर नहीं आ सकेंगी। उनके प्रवेश पर भी पाबंदी लगा दी गई है। सभी तरह की डाक सेवाएं भी बंद कर दी गई हैं। पाकिस्तान की चौतरफा घेरेबंदी की जा रही है। भारत अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ), विश्व बैंक, आसियान विकास बैंक में भी शिकायत दर्ज करेगा कि पाकिस्तान को दिए जा रहे कर्जों की गहन समीक्षा की जाए, क्योंकि गुरबत और गरीबी के नाम पर जारी किए जा रहे कर्जों का पैसा आतंकवाद पर खर्च किया जा रहा है। आईएमएफ ने पाकिस्तान को 7 अरब डॉलर का कर्ज देना तय किया था। जुलाई, 2024 से इस कर्ज की किस्तें शुरू हुई हैं। कुल 37 किस्तों में यह कर्ज दिया जाना है। मई, 2025 में ही आईएमएफ का बोर्ड 1.3 अरब डॉलर के कर्ज पर विमर्श करेगा। भारत इस आर्थिक स्रोत को भी खंडित कर पाकिस्तान की भुखमरी और बदहाली को इतना बढ़ा देना चाहता है कि पाकिस्तान बिलबिला उठे और आतंकियों को पालने-पोसने लायक ही न रहे। आसियान विकास बैंक ने भी पाकिस्तान को 43.4 अरब डॉलर का कर्ज देना तय किया था।

अभी तक कुल 53 कर्ज और 3 अनुदान दिए जा चुके हैं। कुल राशि 9.13 अरब डॉलर की है। खैबर पख्तून की ग्रामीण सडक़ विकास परियोजना के लिए 32 करोड़ डॉलर देने की बात कही गई है। इसी तरह जनवरी, 2025 में विश्व बैंक ने पाकिस्तान को 20 अरब डॉलर का कर्ज देने की घोषणा की थी। पाकिस्तान कर्ज के पैसे पर जिंदा देश है। यदि भारत के आग्रह और साक्ष्यों के आधार पर पाकिस्तान को मिलने वाले ये कर्ज रद्द या कम अथवा स्थगित कर दिए जाते हैं, तो वहां की अवाम सडक़ों पर उतर कर मुल्क की हुकूमत के खिलाफ विद्रोह कर सकती है। पाकिस्तान की 40 फीसदी से अधिक अवाम गरीबी-रेखा के नीचे जीने को विवश है। वहां की औसत गरीबी-दर करीब 25.3 फीसदी और महंगाई दर करीब 13 फीसदी है। पाकिस्तान की आर्थिक विकास दर 2 फीसदी से भी कम है। भारत की आर्थिक स्ट्राइक पाकिस्तान को और अधिक विपन्न कर सकती है। जरूरी वस्तुओं का अकाल पड़ सकता है। चीन और तुर्किये सरीखे देश पाकिस्तान की कितनी मदद कर सकते हैं? सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात सरीखे इस्लामिक देशों ने आतंकवाद के मुद्दे पर भारत का समर्थन किया है। चीन फिलहाल खामोश है। पाकिस्तान का वजूद संकट में घिरता लग रहा है। इन कर्जों के अलावा, फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (फाट्फ) का रास्ता भी भारत के लिए खुला है। पाकिस्तान 2012-15 और 2018-22 के दौरान फाट्फ की 'ग्रे लिस्ट' में रहा है। इससे विदेशी निवेश और कर्ज मिलना बेहद मुश्किल हो जाता है। लगभग असंभव स्थिति बन जाती है। यह संगठन आतंकवाद पर देशों की समीक्षा करता है। 'ग्रे लिस्ट' के बाद देश 'काली सूची' में आ जाएं, तो दुनिया के देश भीख भी नहीं देते। फाट्फ की बैठक 9 मई को है। उसके 40 में से 25 सदस्य भारत के समर्थन में हैं। फिर भी भारत को मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकियों की फंडिंग के सबूत देने होंगे।

# अव्वल आने की होड़ में छात्रों की आत्महत्याएं चिन्ताजनक



ललित गर्ग

निश्चित रूप से छात्र-छात्राओं के लिये घातक साबित हो रही टॉपर्स संस्कृति में बदलाव लाने के लिए नीतिगत फैसलों की सख्त जरूरत है। राजस्थान सरकार की ओर से प्रस्तावित कोचिंग संस्थान (नियंत्रण और विनियमन) विधेयक इस दिशा में बदलावकारी साबित हो सकता है। लेकिन केन्द्र सरकार को भी ऐसे ही कदम उठाने होंगे ताकि छात्रों में आत्महत्या की समस्या के दिन-पर-दिन विकराल होते जाने पर अंकुश लग सके। यह शिक्षाशास्त्रियों, समाज एवं शासन व्यवस्था से जुड़े हर एक व्यक्ति के लिए चिंता का विषय होना चाहिए।

टॉपर संस्कृति के दबाव एवं अव्वल आने की होड़ में छात्रों के द्वारा तनाव, अवसाद, कुंठा में आत्महत्या कर लेना एक गंभीर समस्या है। यह दुर्भाग्यपूर्ण एवं चुनौतीपूर्ण है कि हमारी छात्र प्रतिभाएं आसमानी उम्मीदों, टॉपर संस्कृति के दबाव व शिक्षा तंत्र की विसंगतियों के चलते आत्मघात की शिकार हो रही हैं। हाल ही में लगातार हो रही छात्रों की दुखद मौतें जहां शिक्षा प्रणाली अतिश्योक्तिपूर्ण प्रतिस्पर्धा पर प्रश्न खड़े करती है, वहीं विचलित भी करती हैं। इनमें राजस्थान स्थित कोटा के नीट के परीक्षार्थी और मोहाली स्थित निजी विश्वविद्यालय में फोरेंसिक साइंस का एक छात्र शामिल था। पश्चिम बंगाल के आई आई टी खड़गपुर में सिविल इंजीनियरिंग विभाग के तीसरे वर्ष के छात्र मोहम्मद आसिफ कमर का शव उनके हॉस्टल रूम में फंदे से लटका मिला। भुवनेश्वर के कीट में कम समय में दूसरी नेपाली छात्रा की मौत से विश्वविद्यालय की छवि और भारत के विदेशी छात्रों को आकर्षित करने के प्रयासों पर सवाल उठ रहे हैं। नीट के पेपर के तनाव में नूपुर ने नीट पेपर के एक दिन पहले फांसी लगाकर जान देना एवं मौत को गले लगाना हमारी घातक प्रणालीगत विफलता एवं टॉपर संस्कृति की आत्महंता सोच को ही उजागर करती है। निश्चित रूप से छात्र-छात्राओं के लिये घातक साबित हो रही टॉपर्स संस्कृति में बदलाव लाने के लिए नीतिगत फैसलों की सख्त जरूरत है। राजस्थान सरकार की ओर से प्रस्तावित कोचिंग संस्थान (नियंत्रण और विनियमन) विधेयक इस दिशा में बदलावकारी साबित हो सकता है। लेकिन केन्द्र सरकार को भी ऐसे ही कदम उठाने होंगे ताकि छात्रों में आत्महत्या की समस्या के दिन-पर-दिन विकराल होते जाने पर अंकुश लग सके। यह शिक्षाशास्त्रियों, समाज एवं शासन व्यवस्था से जुड़े हर एक व्यक्ति के लिए चिंता का विषय होना चाहिए।

कोचिंग संस्थानों की बढ़ती बाढ़ एवं गलाकाट प्रतिस्पर्धा में छात्र किस हद तक जानलेवा घातकता का शिकार हो रहे हैं। यह दुखद ही है कि सुनहरे सपने पूरा करने का ख्वाब लेकर कोटा गए चौदह छात्रों ने इस साल आत्महत्याएं की हैं। विडंबना यह है कि बार-बार चेतावनी देने के बावजूद कोचिंग संस्थानों के संरचनात्मक दबाव, उच्च दांव वाली परीक्षाओं, गलाकाट स्पर्धा, दोषपूर्ण कोचिंग प्रथाएं और सफलता की गारंटी के दावों का सिलसिला थमा नहीं है। यही वजह है कि हाल ही में केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण यानी सीसीपीए ने कई कोचिंग संस्थानों को भ्रामक विज्ञापनों और



अनुचित व्यापारिक प्रथाओं के चलते नोटिस दिए हैं। दरअसल, कई कोचिंग संस्थान जमीनी हकीकत के विपरीत शीर्ष रैंक दिलाने और चयन की गारंटी देने के थोथे एवं लुभावने वायदे करते रहते हैं। निस्संदेह, इस तरह के खोखले दावे अक्सर कमजोर छात्रों और चिंतित अभिभावकों के लिये एक घातक चक्रव्यूह बन जाते हैं। छात्रों को अनावश्यक प्रतिस्पर्धा के लिये बाध्य करना और योग्यता को अंकों के जरिये रैंकिंग से जोड़ना कालांतर में अन्य छात्रों को निराशा के भंवर में फंसा देता है। वास्तव में सरकार को ऐसा पारिस्थितिकीय तंत्र विकसित करना चाहिए, जो विभिन्न क्षेत्रों में रुचि रखने वाले युवाओं के लिये पर्याप्त संख्या में रोजगार के अवसर पैदा कर सके। वास्तव में हमें युवाओं को मानसिक रूप से सबल बनाने की सख्त जरूरत है, तभी भारत सशक्त होगा, विकसित होगा।

पारिवारिक दबाव, शैक्षिक तनाव और पढ़ाई में अव्वल आने की महत्वाकांक्षा ने छात्रों के एक बड़े वर्ग को गहरे मानसिक अवसाद में डाल दिया है। युवाओं को भी सोचना होगा कि जिंदगी दोबारा नहीं मिलती। इसे यूं ही तनाव में आकर ना गंवाएं, बल्कि जिंदगी में आने वाली कठिनाइयों का डटकर मुकाबला करें। पढ़ाई में असफल रहने के कारण कुछ बच्चों पर मानसिक दबाव बढ़ रहा है। हर परिवार की अपने बच्चों से ज्यादा अपेक्षाएं होती हैं। अधिकतर युवा जिंदगी में आने वाली समस्याओं को बर्दाश्त नहीं कर पाते और वे अपनी बात किसी से साझा तक नहीं करते। प्रतिभागियों को बताया जाना चाहिए कि कोई भी परीक्षा जीवन से बड़ी नहीं होती। छात्रों की आत्महत्या की घटनाएं तथाकथित समाज एवं राष्ट्र विकास एवं शिक्षा की विडम्बनापूर्ण एवं त्रासद तस्वीर को बयां करती है।

आत्महत्या शब्द जीवन से पलायन का डरावना सत्य है जो दिल को दहलाता है, डराता है, खौफ पैदा करता है, दर्द देता है। प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थानों, उच्च शिक्षा संस्थानों एवं कोंचिंग संस्थानों में आत्महत्या की बढ़ती घटनाएं हमारी चिन्ता का सबब बनना चाहिए।

वैसे छात्रों की आत्महत्या कोई नई बात नहीं है, ऐसी खबरें हर कुछ समय बाद आती रहती हैं। रिकॉर्ड बताते हैं कि पिछले एक दशक में कोचिंग संस्थानों में ही नहीं, आईआईटी जैसे संस्थानों में ही 52 छात्र आत्महत्या कर चुके हैं। यह संख्या इतनी छोटी भी नहीं कि ऐसे मामलों को अपवाद मानकर नजरअंदाज कर दिया जाए। बेशक ऐसे हर मामले में अवसाद का कारण कुछ अलग रहा होगा, वे अलग-अलग तरह के दबाव होंगे, जिनके कारण ये छात्र-छात्राएं आत्महत्या के लिए बाध्य हुए होंगे। ऐसे संस्थानों में जहां भविष्य की बड़ी-बड़ी उम्मीदें उपजनी चाहिए, वहां अगर दबाव और अवसाद अपने लिए जगह बना रहे हैं और छात्र-छात्राओं को आत्महंता बनने को विवश कर रहे हैं तो यह एक काफी गंभीर मामला है। शैक्षणिक दबावों के चलते छात्रों में आत्महंता होने की घातक प्रवृत्ति का तेजी से बढ़ना हमारे नीति-निर्माताओं के लिये चिन्ता का कारण बनना चाहिए। क्या विकास के लम्बे-चौडे. दावे करने वाली भारत सरकार ने इसके बारे में कभी सोचा? क्या विकास में बाधक इस समस्या को दूर करने के लिये सक्रिय प्रयास शुरु किए?

विचित्र है कि जो देश दुनिया भर में अपनी संतुलित जीवनशैली एवं अहिंसा के लिये जाना जाता है, वहां के शिक्षा-संस्थानों में हिंसा का भाव पनपना एवं छात्रों के आत्महंता होते जाने की प्रवृत्ति का बढ़ना अनेक प्रश्नों को खड़ा कर रहा है। ऐसे ही अनेक प्रश्नों एवं खौफनाक दुर्घटनाओं के आंकड़ों ने शासन-व्यवस्था के साथ-साथ समाज-निर्माताओं को चेताया है और गंभीरतापूर्वक इस विडम्बनापूर्ण एवं चिन्ताजनक समस्या पर विचार करने के लिये जागरूक किया है, लेकिन क्या कुछ सार्थक पहल होगी? बहुत जरूरी है कि कोचिंग संस्थान अपनी कार्यशैली एवं परिवेश में आमूल-चूल परिवर्तन करें ताकि छात्रों पर बढ़ते दबावों को खत्म किया जा सके। फिलहाल जरूरी यह भी है कि इन संस्थानों में एक ऐसे तंत्र को विकसित किया जाए, जो निराश, हताश और अवसादग्रस्त छात्रों के लगातार संपर्क में रहकर उनमें आशा का संचार कर सके, उन्हें सकारात्मकता के संस्कार दे सके। इसके लिए स्थाई तौर पर कुछ मनोवैज्ञानिकों एवं विशेषज्ञों की सेवाएं भी ली जा सकती हैं।

छात्रों के सिर पर परीक्षा का तनाव एवं अव्वल आने की दौड़ प्रतिस्पर्धा के दौर में और भी बढ़ गयी है। आज रोजगार के अवसर लगभग समाप्त हैं। ग्रेजुएशन कर चुकने वाला छात्र केवल किसी दफ्तर में ही अपने लिये सम्भावनायें तलाशता है। लेकिन नौकरी नहीं मिलती। बेरोजगारी अवसाद की ओर ले जाती है और अवसाद आत्महत्या में त्राण पाता है। लेकिन कोचिंग संस्थानों एवं शिक्षा के उच्च संस्थान में अवसाद पसरा है और उसके कारण छात्र यदि आत्महत्या करते हैं, तो यह इस उच्च शैक्षणिक संस्थानों एवं कोचिंग संस्थानों के भाल पर बदनुमा दाग है। यह माना जाता है कि देश की सबसे प्रखर प्रतिभाएं इन्हीं कोचिंग संस्थानों में पहुंचती हैं, जहां लगातार हो रही आत्महत्या की खबरें यह तो बताती ही हैं कि कोचिंग संस्थानों में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा, साथ ही वे बहुत से बच्चों और उनके अभिभावकों के सपने को तो तोड़ते ही हैं लेकिन उनकी उम्मीद की सांसों को ही छीन लेते हैं। बहुत जरूरी है कि कोचिंग संस्थान अपनी कार्यशैली एवं परिवेश में आमूल-चूल परिवर्तन करें ताकि छात्रों पर बढ़ते दबावों को खत्म किया जा सके, इन दबावों के कारण ही कुछ छात्र आत्महत्या जैसे कदम उठाने को मजबूर हो जाते हैं। जब छात्रों में अव्वल आने की मनोवृत्ति, कैरियर एवं बी नम्बर वन की दौड़ सिर पर सवार होती हैं और उसे पूरा करने के लिये साधन, क्षमता, योग्यता एवं परिस्थितियां नहीं जुटा पाते हैं तब कुंठित, तनाव एवं अवसादग्रस्त व्यक्ति को अन्तिम समाधान आत्महत्या में ही दिखता है। इनदिनों शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ती प्रतिस्पर्धा एवं अभिभावकों की अतिशयोक्तिपूर्ण महत्वाकांक्षाओं के कारण आत्महत्या की घटनाएं अधिक देखने को मिल रही है।

## 6 मई : इतिहास की अहम घटनाएं

1960 राष्ट्रपति ड्वाइट . आइजनहावर ने 6 मई को नागरिक अधिकार अधिनियम 1960 पर हस्ताक्षर किए। इस नए संयुक्त राज्य संघीय कानून ने नागरिक अधिकार अधिनियम 1957 द्वारा छोड़ी गई खामियों को समाप्त कर दिया और मतदान का कानूनी अधिकार दिया जिसके तहत किसी को भी दौड़ या रंग के अधिकार से वंचित नहीं किया जाएगा।

1973 न्यू इंग्लैंड व्हेलर्स ने 6 मई, 1973 को विन्निपेग जेट्स को हराकर, पहली बार वर्ल्ड हॉकी एसोसिएशन चैंपियनशिप का उद्घाटन किया।

1976 उत्तरी इटली के फ्रिउली में आये विनाशकारी भूकंप में 989 लोगों की मौत हुई।

1984 पोप जॉन पॉल II ने कोरियाई शहीदों में से 103 को रद्द कर दिया, जो 19 वीं शताब्दी में ईसाइयों के खिलाफ धार्मिक उत्पीड़न के विषय थे।

1991 टाइम पत्रिका ने 'द थ्राइविंग कल्ट ऑफ ग्राड एंड पावर' नामक एक लेख प्रकाशित किया है, जो कि वैज्ञानिक संगठन के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है, कानूनी संघर्ष के प्रमुख कारक हैं, जो तब समाप्त हुआ जब चर्च ऑफ साइंटोलॉजी की मान्यता संयुक्त राष्ट्र के सर्वोच्च न्यायालय को सर्टिफिकेट के लिए रिट 2001 में मामले को खारिज कर दिया गया था।

1994 १९९४ के आम चुनाव में, प्रथम पोस्ट के अलावा, नेल्सन मंडेला को ६ मई, १९९४ को राष्ट्रपति के रूप में चुना गया। यह पहला चुनाव था जिसमें सभी जातियों के नागरिकों को भाग लेने की अनुमति दी गई थी और वे दक्षिण अफ्रीका के पहले अश्वेत मुख्य कार्यकारी बने।

1996 ग्वाटेमाला के वामपंथी गुरिल्लाओं ने 6 मई, 1996 को सरकार के साथ शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए। ग्वाटेमाला सरकार ने 1960 से 1996 तक ग्वाटेमाला सरकार और विभिन्न वामपंथी समूहों के बीच लड़ाई लड़ी। संघर्ष के दौरान लगभग 200,000 नागरिक मारे गए या लापता हो गए।

1997 फ्रांस की क्रिस्टिन जेनिन ध्रुव पर पैदल पहुँचने वाली विश्व की प्रथम महिला बनी।

1997 यूनाइटेड किंगडम का सेंट्रल बैंक, इंग्लैंड का बैंक, 1997 के आम चुनाव के बाद स्वतंत्र हो गया, जिसमें 1979 के बाद पहली बार लेबर सरकार सत्ता में आई। सरकारी खजाने पर चांसलर ऑफ द गॉर्ड ब्राउन ने बैंक ऑफ इंग्लैंड की स्वतंत्रता की घोषणा की 6 मई, 1997 को।

2002 डच राजनेता पिम फोर्टुइन की हत्या जानवरों के अधिकारों और पर्यावरण कार्यकर्ता वोल्कर्ट वैन डेर ग्रेफ ने हिलवर्सम में की थी, 1672 के बाद से डच मिट्टी पर पहली राजनीतिक हत्या।

2004 टेलीविजन सिटकॉम दोस्तों के 10 वें और अंतिम सीज़न का फिनाले एपिसोड 6 मई, 2004 को संयुक्त राज्य अमेरिका में एनबीसी पर प्रसारित किया गया था। यह एपिसोड अमेरिकी टेलीविजन इतिहास में छठी सबसे अधिक देखी जाने वाली समग्र टेलीविजन श्रृंखला मंगेतर है।

2007 फ्रांस के राष्ट्रपति चुनाव में निकोलस सार्कोजी जीते।

2008 चैटन ज्वालामुखी ने मई 2008 में लगभग 9,500 सौ वर्षों में पहली बार एक नए विस्फोट चरण में प्रवेश किया और 6 मई, 2008 को महत्वपूर्ण बल के साथ विस्फोट किया, जिसने पाइरोक्लास्टिक प्रवाह और लावा विस्फोट का उत्पादन किया। विस्फोट स्तंभ को लगभग 30,000 मीटर की ऊंचाई तक उठाया गया था।

2010 मुंबई में हुए 26/11 हमले के दोषी अजमल आमिर कसाब को मौत की सज़ा सुनाई गई।

2012 फॉर्च्यून ने फॉर्च्यून 500 कंपनियों की सूची जारी की जिसमें वालमार्ट 6 मई को 2012 के वित्तीय वर्ष के लिए राजस्व द्वारा सबसे बड़ी कंपनी बन गई। एक्सॉन मोबिल कॉरपोरेशन के बाद 2012 की सूची में वॉलमार्ट नंबर 2 पर आ गया।

2013 अमांडा बेरी दस साल दो अन्य महिलाओं के साथ वहां रहने के बाद अमेरिका के ओहियो के क्लीवलैंड, हेक्लेप्टर एरियल कास्त्रो के घर से भाग गई।

## समसामयिक

# आप का क्या होगा केजरीवाल!



डॉ. आर के पालीवाल
rkpaliwal1986@gmail.com

इस समय तो यही कहा जा सकता है कि आप और आप के सर्वेसर्वा अरविंद केजरीवाल का निकट भविष्य काफी संकटपूर्ण और अंधकार मय है। यह भी सच है कि कठिन समय की आग में तपकर ही सार्वजनिक जीवन में कुछ लोग कुंदन बन जाते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के साथ भी एक समय ऐसे ही अत्यंत गंभीर संकट आए थे जब विपक्षी दलों के नेता तो उन्हें गुजरात दंगों पर चक्रव्यूह बनाकर चौतरफा घेर ही रहे थे उनके अपने दल के अटल बिहारी वाजपेई सरीखे उदार नेता भी उन्हें राजधर्म निभाने की नसीहतें दे रहे थे। यहां तक कि अमेरिका ने भी उन्हें अपने देश में आने पर पाबंदी लगा दी थी। नरेंद्र मोदी ने उस वक्त धैर्य से खुद को धीरे धीरे इतना मजबूत कर लिया कि आज उन्होंने अपने दल की पूरी कमान अपने हाथ में कर ली है। उनके सामने भारतीय जनता पार्टी के तमाम दिग्गज मार्गदर्शक मंडल की दर्शक दीर्घा में बैठे हैं, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ भी भाजपा के संगठन और सरकार में दबंगई नहीं कर पाता और कांग्रेस और आम आदमी पार्टी सरीखे उनके विरोधी एक एक कर कई राज्यों में विपक्ष की कतार में पहुंच गए। गुजरात से शुरू हुआ मोदी का सफर सुदूर असम और उड़ीसा तक पहुंच गया जहां वे जिसे चाहें टिकट दें जिसे चाहें मुख्यमंत्री बना दें। हकीकत में संकट के समय अधिकांश लोग टूटकर बिखर जाते हैं और केवल कुछ लोग ही तपकर बाहर आते हैं।

वर्तमान दौर में अरविंद केजरीवाल की स्थिति अपने दल, गठबंधन और राजनीति में उस मुकाम पर आ गई जहां से वे या तो सूर्यास्त की तरह गहरे अंधेरे में डूबते जा सकते हैं या सूर्योदय की तरह रात के अंधेरे की धूल झाड़कर पूरी ताकत से पुनर्वापसी कर सकते हैं। पहला रास्ता आसान है और दूसरा अत्यंत कठिन। अरविंद केजरीवाल की सबसे बड़ी गलती यह है कि उसने अपने दल, अपने पुराने दोस्तों और विरोधियों से एक साथ इतने ज्यादा मोर्चे खोलकर अनगिनत दुश्मनियां पैदा कर ली हैं कि उन सबसे एक साथ पार पाना असंभव नहीं तो मुश्किल बहुत होगा। इस दौरान नेता के रूप में केजरीवाल की विश्वसनियता लगभग नकारात्मक हो गई है। जब कोई अपने घर में ही अविश्वसनीय हो जाता है तो उसे समाज का विश्वास अर्जित करने के लिए सामान्य से कहीं अधिक प्रयास करने पड़ते हैं। केजरीवाल ने अपने दल के बाहर गठबंधन के साथियों में सबसे बड़े दल कांग्रेस को हरियाणा और दिल्ली विधानसभा चुनावों में लगातार दो बार नाराज किया है जिसका खामियाजा उन्हें काफी समय भुगतना पड़ सकता है।

अपने दल और अपने गठबंधन के साथियों में अविश्वसनीय हुए केजरीवाल को और उनके दल को केंद्र की भारतीय जनता पार्टी की सरकार पंजाब में घेरने के लिए शायद ही कोई कमी छोड़ेगी। पंजाब निकट भविष्य में में तमाम केंद्रीय एजेंसियों के रडार पर रहेगा। भारतीय राजस्व सेवा के दौरान केजरीवाल की निश्चित रूप से ईमानदार छवि थी लेकिन उन दिनों भी उनमें राजनीतिक महत्वाकांक्षा की लहरें हिलोरे मारती थीं जो अन्ना हजारे आंदोलन के बाद अचानक सत्ता में आकर ज्वार बन गई थी। अन्ना हजारे, और संतोष हेगडे जैसे मार्गदर्शक साथियों से किनारा कर उन्होंने चाटुकारों से घिरना ज्यादा पसंद किया।

दिल्ली विधानसभा फतह के बावजूद राजनेता के रूप में यहीं से केजरीवाल की व्यक्तिगत गिरावट शुरू हो गई थी जो गांधी और उनकी सादगी को अलविदा कहने से गर्त में पहुंच गई। केजरीवाल की कथनी और करनी के बीच की खाई इतनी चौड़ी और गहरी हो गई कि उसने केजरीवाल से दिल्ली के सिंहासन के साथ साथ उनकी विधायकी भी छीन ली। ऐसी स्थिति में अपने दल पर भी उनकी पकड़ हल्की होगी। गिरावट के इतने हलकों को एक साथ पाटने के लिए केजरीवाल को बहुत लंबी और घोर साधना की जरूरत पड़ेगी।

# कब तक उपेक्षित रहेगा दलितों का पर्यावरण



सुरेश भाई

आजादी के बाद बापू का सपना था कि समाज में अनुसूचित जाति को समान अधिकार दिलाएंगे। क्योंकि समाज में उनकी स्थिति आज भी अछूत जैसी है। इनके साथ अपराध के आंकड़े बढ़ते जा रहे हैं। वे न तो खुले रूप से मंदिर में जा सकते हैं।अपनी बेटी-बेटा की शादी डोली या घोड़ी में बिठाकर भी नहीं कर सकते हैं। यदि किसी ने हिम्मत भी की होगी तो उच्च वर्ग के लोगों ने उन्हें प्रताड़ित किया। गांव समाज में भी उनके पक्ष में कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया है।

आज भी उन्हें गांव में जल स्रोतों के पास पानी भरने के लिए तब तक इंतजार करना पड़ता है जब तक उच्च वर्ग के लोग वहां से पानी लेकर घर नहीं पहुंचते।देश में बहुत सारी योजनाएं दलितों के नाम पर संचालित हो रही है लेकिन अधिकांश दलित समाज को पता ही नहीं है कि उनके लिए किस तरह से केंद्र और राज्यों में आर्थिक संसाधनों को उपलब्ध किया जा रहा है। उनमें से यदि किसी के पास जानकारी होगी भी तो आसानी से उन्हें मदद नहीं मिल पाती है। सत्ता और राजनीति भी ऐसी है कि आरक्षण के नाम पर चुने हुए जनप्रतिनिधि भी उपेक्षा महसूस करते हैं। अपने ही दलों के अंदर बड़े नेता उनके अपमान करने पर उतरु रहते हैं। अनुसूचित जाति के साथ इस तरह के अत्याचार का एक ही कारण है कि उच्च वर्ग के लोगों की मानसिकता में अभी इतना परिवर्तन नहीं हो पाया की जो शरीर, रक्त, हाथ- पैर, आंखें, दिमाग, सोचने और समझने की कला और एक जगह से दूसरे जगह जाने की हिम्मत उनमें है। वही दलित वर्ग में भी मौजूद है। जिस दिन उच्च वर्ग के हृदय में यह परिवर्तन हो गया समझ लीजिए कि उसके बाद ही दलितों पर होने वाले अत्याचार कम हो सकते हैं। डॉ० भीमराव अंबेडकर ने भारत के संविधान में आरक्षण भी इसीलिए रखवाया ताकि उन्हें हर स्तर पर उनकी निश्चित जनसंख्या के आधार पर अधिकार मिले और वे हीन भावना से आगे निकल सकें।

आज आरक्षण का विरोध भी कई राजनीतिक दलों के लोग स्वर्ण मानसिकता के कारण ही करते हैं। क्योंकि वे सोचते हैं कि दलित वर्ग के लोगों को सरकारी नौकरी में आने की क्या जरूरत है? जो



लोग वर्षों तक उनकी खेती बाड़ी का काम करते रहे, कृषि के औजार बनाये, पैरों को सुख देने वाले जूते बनाये, सुंदर-सुंदर डिजाइन के कपड़े सिले, खाने पकाने के बर्तन बनाये, भवन और मंदिर निर्माण के शिल्पी रहे। आज शिल्पकार दलितों के ये सारे काम पूंजीपतियों और कॉर्पोरेट के पास चले गए हैं। जिसके कारण उनकी शिल्प कला हासिये पर चली गई है। उनका रोजगार संकट में पड़ गया। जबकि दलित भी उसी पर्यावरण में रहते हैं जिसमें समाज के अन्य सभी वर्गों के लोग अपना जीवन यापन करते हैं। जब इस तरह के शोषित, उपेक्षित वर्ग के पढ़े लिखे युवक- युवतियां कहीं सरकारी नौकरी में दिखाई देते हैं तो वहां भी उन्हें दलित वर्ग में पैदा होने का एहसास होता है। इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं कि सरकारी, गैर सरकारी और अन्य सभी कामकाज में यदि कहीं दलित वर्ग की हिस्सेदारी है तो समझ लीजिए कि वहां पर भी दो तरह का समाज स्वर्ण और अवर्ण में विभक्त दिखाई देते हैं।

आजादी के बाद समाज में इस विषमता को दूर करने के लिए लगभग दो दशक तक गांधी विचार के अनुयायियों और सत्ता पक्ष के प्रतिनिधियों ने मिलकर समाज में अछूत वर्ग को मंदिर प्रवेश करवाने का काम किया था। साथ-साथ उनकी बस्तियों में शिविर सम्मेलन के दौरान सामुहिक भोजन करने का एक सरकारी कार्यक्रम भी रहा है जो अब केवल चुनाव के दौरान में दलितों की बस्ती में वोट के नाम पर जलपान अथवा सामूहिक भोजन में नजर आता हैं। लेकिन चुनाव जीतने के बाद उनकी बस्ती को झांकने तक की आवश्यकता नहीं पड़ती है। चिंता जनक है कि हर घंटे में दलितों के साथ 5 अपराध हो रहे हैं।

सरेआम दलितों को जलाना, पीटना- मारना, शोषण करने जैसे अत्याचारों को हर दिन मीडिया प्रकाशित कर रहा है। हाल के दिनों में दलितों पर हुए अत्याचार के आंकड़े बताते हैं कि यूपी में 15368, राजस्थान में 8752, मध्य प्रदेश में 7753, बिहार में 6509, उड़ीसा में 2902, महाराष्ट्र में 2743 घटनायें हुई हैं।और इसके बाद के आंकड़े अन्य राज्यों में भी है। उत्तर प्रदेश इसमें सबसे आगे हैं जहां 15368 अत्याचारों में ही 189 मर्डर, 939 दलित महिलाओं पर हमले, 617 किडनैप आदि किए गए हैं। समाज में दलितों पर यह अत्याचार उच्च मानसिकता के कारण है। यह तभी रुक सकता है जब मनुष्य छुआछूत की भावनाओं को त्याग दें और हर रोज जिस तरह से पत्र- पत्रिकाओं में नेताओं की स्मृतियों के विज्ञापन छपते रहते हैं। उसी तरह से कोशिश होनी चाहिए कि दलितों के ऊपर अत्याचार रोकने के जितने भी कानून है उसका भी प्रचार- प्रसार हो। टेलीविजन पर भी हर राजनीतिक दल इन अत्याचारों पर खुलकर बोले। वे यह बोलना भी बंद करें कि मेरे राज में इतने दलित मरे और तब तक दूसरा कहता है कि मेरे राज में इससे कम मरे हैं।

इस तरह की हास्यास्पद चर्चाएं रोकनी पड़ेगी। जिससे घटनाएं और अधिक बढ़ने वाली है। क्योंकि इससे समाधान के विषय पर कोई बात सामने नहीं आती है।समाज में सत्ताधारी राजनीतिक पार्टी और विपक्ष, सामाजिक संस्थाएं मिलकर दलित समाज और स्वर्ण समाज के बीच में सौहार्दता, समानता, एकता, प्रेम और सहानुभूति का वातावरण बनाने के लिए आगे आएंगे तो बहुत लंबा वक्त दलितों पर हो रहे अत्याचार को रोकने में नहीं लगेगा।

# रविवार रात में 4 मंजिला इमारत में लगी आग, 5 लोग जिंदा जले

नेशनल एक्सप्रेस डी के सिंह

कानपुर। कानपुर में रविवार रात 8 बजे एक 4 मंजिला बिल्डिंग में आग लग गई। हादसे में एक परिवार के 5 लोग जिंदा जल गए। मरने वालों में पति-पत्नी और उनकी 3 बेटियां हैं। बिल्डिंग के बेसमेंट और ग्राउंड फ्लोर पर जूता-चप्पल बनाने का कारखाना था। ऊपर के 4 फ्लोर में दो भाइयों का परिवार रहता था।

आग की शुरुआत ग्राउंड फ्लोर पर कारखाने से हुई। देखते ही देखते आग पूरी बिल्डिंग में फैल गई। घर में रखे सिलेंडर, केमिकल और एसी फटने लगे। आग ने 10 से 15 मिनट में पूरी बिल्डिंग को चपेट में ले लिया। मामला चमनगंज थाना क्षेत्र के प्रेम नगर का है।

हादसे में कारोबारी मो. दानिश (45), उनकी पत्नी नाजमी सबा (42), बेटी सारा (15), सिमरा (12), इनाया (7) की जलकर मौत हो गई। दानिश और उनके परिवार का शव जिस हालत में अंदर मिला है, उसे देखकर फायर कर्मी तक रोने लगे।




घर के अंदर गए अफसर ने बताया कि एक बेटी का शव मां से लिपटा हुआ मिला। ऐसा लगता है कि मां ने बेटियों को बचाने के लिए खूब कोशिश की।

आग लगने के बाद दानिश अपने बुजुर्ग पिता को लेकर बाहर आ गए थे। वह पत्नी और बेटी को लेने वापस अंदर गए, लेकिन आग से बाहर नहीं आ पाए।

दमकल की 20 गाड़ियां पहुंचीं। रात 1.30 बजे लखनऊ से SDRF के जवान भी रेस्क्यू के लिए पहुंचे। आग को देखते हुए आसपास की इमारतें खाली कराई गईं। फायर फाइटर्स ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन मकान में केमिकल रखा होने की वजह से आग कंट्रोल नहीं हो पाई। दमकल टीम ने ऊपरी फ्लोर में कई जगह से दीवार तोड़कर छेद किए। फिर अंदर पानी डाला गया। करीब 5 घंटे के रेस्क्यू के बाद फायर टीम ने मां-पिता और 3 बेटियों के शव निकाले गए।

## खबरें फटाफट

### सुजाता का ट्रेलर लॉन्च कर प्रेस वार्ता कर दी जानकारी

कानपुर। विट्ठल देवा फिल्म प्रोडक्शन के अंतर्गत बनाई गई फीचर फिल्म सुजाता का अपराह्न 1:00 बजे नोवेल्टी



टॉकीज में भव्य ट्रेलर लॉन्च हुआ। फिल्म के निर्माता संतोष गुप्ता ने बताया की फीचर फिल्म सुजाता एक सामाजिक महिला प्रधान फिल्म देश प्रेम से ओत-प्रोत फिल्म है और यह फिल्म महिला सशक्तिकरण को दर्शाती है। अपनी अलग-अलग भूमिकाओं से बॉलीवुड तक अपनी पहचान बनाने वाले अभिनेता अजय त्रिपाठी ने बताया की फिल्म में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के हित में किए गए महान कार्यों के बारे में बताया गया है और विपक्ष किस तरह मोदी के अच्छे कार्यों की भी बुराई करता है इसको भी बखूब दिखाया गया है। फिल्म की ज्यादातर शूटिंग कानपुर में की गई है और फिल्म में ऐसे कलाकारों को भी अवसर प्रदान किया गया है जिन्हें अपनी कला दिखाने का अवसर प्राप्त नहीं होता है। इस अवसर पर फिल्म के हीरो शान, हीरोइन देविका आरसी पाठक नितिन चोपड़ा अरविंद यादव विपिन पांडे अजय त्रिपाठी काव्या जयसवाल राखी जायसवाल शिवमोहन द्विवेदी और अफसर हुसैन आदि उपस्थित थे।

### बीसी सखी (बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट) से ग्रामीणों की बैंकिंग सेवाए हो गई आसान

कानपुर। दिनांक उत्तर प्रदेश में महिलाए न सिर्फ आत्मनिर्भर बन रही है, बल्कि प्रदेश और देश की अर्थव्यवस्था में योगदान भी दे रही है। उत्तर प्रदेश सरकार ने महिलाओं को रोजगार देने के लिए सबसे बड़ी पहल की है। गांव-गांव तक बैंकिंग सेवाओं को पहुंचाने के लिये प्रदेश की 50192 बीसी सखी (बैंकिंग कॉरस्पोंडेंट) बनाने हेतु प्रमाणीकरण पूर्ण कर लिया गया है। सभी चयनित बीसी सखी का प्रशिक्षण पूरा हो चुका है सरकार की इस नीति से बैंकिंग सेवाएं लोगों के घरों तक पहुंच रही है। ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों को अपने बैंक खातों से धनराशि निकालने और उसमें पैसा जमा करने में बड़ी आसानी हुई है उनका बैंक शाखाओं तक जाने का समय व खर्चा बच रहा है और घर के करीब ही बैंक के रूप में बीसी सखी मिल रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश बनाने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए मिशन रोजगार, मिशन शक्ति और मिशन कल्याण जैसी अनेक योजनाओं को शुरू किया है। इसके क्रियान्वयन हेतु तैयार किये गये कार्यक्रम के अनुसार सरकार के संबद्ध विभाग तेजी से आगे बढ़ा रहे हैं। इस क्रम में बैंक ऑफ बड़ौदा और यूको बैंक के सहयोग से यूपी इंडस्ट्रियल कंसल्टेंट्स लि० (यूपीकॉन) ने 58,000 बीसी सखी (बैंकिंग कॅरिस्पॉडेंट) बना लिये हैं जो शेष बीसी सखी बनाने के लक्ष्य को पूरा करने में लगे हैं। गांव से लेकर शहरों में बीसी सखी 24 घंटे बैंकिंग सेवाएं दे रही हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य की सभी महिलाओं को लाभ पहुंचाने के लिए बीसी सखी योजना की शुरूआत की है। इस योजना के तहत उत्तर प्रदेश राज्य की सभी महिलाओं को रोजगार के नए

# डीजी कॉलेज के लिपिक से अधिक वेतन की वसूली पर रोक



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कानपुर नगर में डीजी कॉलेज के लिपिक से शिक्षा निदेशक के आदेश से वसूली आदेश पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने कहा है कि बिना कोर्ट की अनुमति लिए आदेश प्रभावी नहीं किया जाएगा।

कोर्ट ने वेतन पुनर्निधारण के बाद हुए अधिक भुगतान की वसूली आदेश की वैधता की चुनौती याचिका पर राज्य सरकार से तीन सप्ताह में जवाब मांगा है। याचिका की अगली सुनवाई 8 जुलाई को होगी। यह आदेश में उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति विक्रम डी चौहान की एकल पीठ ने रवि श्रीवास्तव व 19 अन्य की याचिका की सुनवाई करते हुए दिया है।

याचीगण की तरफ से उच्च न्यायालय के अधिवक्ता सुनील श्रीवास्तव और अविनाश रंजन श्रीवास्तव ने बहस की। याची डीजी कॉलेज कानपुर नगर में लिपिक पद पर कार्यरत है। वर्ष 2017 में विभाग द्वारा वेतन निर्धारण किया गया था।

# अकबरपुर तथा मालवीय इण्टर कालेज मुंगीसापुर में कैरियर काउंसलिंग कार्यशाला का हुआ आयोजन



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर देहात जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देशन में जिला सेवायोजन कार्यालय, कानपुर देहात द्वारा समय-समय पर जनपद के शिक्षण संस्थानों में कैरियर काउन्सिलिंग कार्यशाला का आयोजन किया जाता है, जिसमें विभिन्न विषय विशेषज्ञों के माध्यम से अभ्यर्थियों को रोजगार स्वःरोजगार के अवसरों की जानकारी प्रदान की जाती है। इसी क्रम में दिनांक 05.05.2025 को अकबरपुर इण्टर कालेज अकबरपुर, कानपुर देहात तथा मालवीय इण्टर कालेज मुंगीसापुर कानपुर देहात में एयर फोर्स स्टेशन चकेरी, कानपुर नगर से आये वारेण्ट आफीसर ए० के० जयसवाल एवं सारजेंट डी० के० सिंह, 3-वायु सैनिक चयन केन्द्र, वायुसेना स्टेशन, कानपुर नगर के द्वारा भारत सरकार की योजना अग्निवीर, वायु के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी तथा छात्र-छात्राओं के विभिन्न प्रश्नों का उत्तर दिया गया। इस कार्यशाला के सफल आयोजन में अकबरपुर इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य भारत सिंह तथा अन्य अध्यापक एवं कर्मचारीगण तथा मालवीय इण्टर कालेज मुंगीसापुर, कानपुर देहात के प्रधानाचार्य विनय कुमार सिंह तथा अन्य कर्मचारीगण का सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के आयोजन में जिला सेवायोजन कार्यालय, कानपुर देहात की जिला सेवायोजन अधिकारी शशि तिवारी, रामकिशोर सोनकर तथा अनुज यादव उपस्थित रहे।

# अपराधियों पर अंकुश में सफल कानपुर के सीपी अखिल की नेतृत्व कुशलता, ई सिगरेट समेत तस्कर गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर। यहां कमिश्नरेट पुलिस की सक्रियता हर तरह के अपराधों पर अपना मजबूत शिकंजा करते हुए उन्हें माल गिरफ्तार कर जेल भेजने में भी लगातार सफल चल रही है। पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार की ईमानदार पूर्ण नेतृत्व कुशलता के फल स्वरुप कमिश्नरेट पुलिस का यह अभियान मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ भी लगातार जारी है। जिसके क्रम में साउथ पुलिस के नारकोटिक्स सेल ने लाखों की कीमत वाली 350 ई सिगरेट समेत एक तस्कर को सटीक सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के मुताबिक जूही थाना क्षेत्र में पकड़ा गया आरोपी तुषार वर्मा काफी अरसे से इसी धंधे में लिप्त था ,जिसे यहां अपनी चुनौती पूर्ण नियुक्ति के बाद से ही योगी सरकार की मंशा के अनुरूप कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही में अग्रणी अपने



कर्तव्य का पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करने वाले पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार की परिश्रम पूर्ण नेतृत्व कुशलता ने गिरफ्तार करवा दिया।

यह भी अवगत कराते चलें कि निर्दोष फंसे नहीं और अपराधी बचे नहीं जैसी लोकहित की विचारधारा के अनुरूप निष्पक्ष और पारदर्शी कार्य शैली के एडीजी अखिल कुमार कानपुर के पहले ऐसे पुलिस कमिश्नर हैं ,जिन्होंने हर तरह के अपराधियों के खिलाफ जनहित से जुड़े हर मुद्दे पर सराहनीय कार्रवाई के रिकॉर्ड भी तोड़े हैं। वह चाहे घटनाओं के सटीक खुलासे के साथ ही शातिरों को जेल का रास्ता दिखाने का मामला हो या फिर उनकी गिरफ्तारी में विशेष रूप से सहायक त्रिनेत्र अभियान के तहत सैकड़ों कैमरे लगवाने का मामला, ट्रैफिक व्यवस्था को पहले से बहुत बेहतर बनाने में मिली सफलता हो अथवा सभी त्योहारों और पर्वों को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने का मामला, और इसमें भी पत्रकारिता के क्षेत्र में आने वाली भावी पीढ़ियां भी जिसे सदैव याद रखेंगी, वह है विश्व पत्रकारिता के इतिहास में पहली बार किया गया पत्रकारिता की आड़ में सक्रिय रहा अवनीश दीक्षित जैसे शातिर अपराधी माफिया गिरोह का भंडाफोड़। जिसका पूर्ण श्रेय कठोर परिश्रम वाले जुझारू पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार की कर्तव्य निष्ठा, उनकी ईमानदारी और उनकी निडरता को ही जाता है।

# कानपुर सागर राजमार्ग में ट्रक की टक्कर में तीन युवकों की मौत

महोबा। कानपुर सागर राष्ट्रीय राजमार्ग में रविवार की देर रात ट्रक की टक्कर से सड़क किनारे खड़े बाइक सवार एक किशोर समेत तीन लोगों की मौत हो गई है। मृतक शादी में खाना बनाकर वापस लौट रहे थे। कबरई कस्बा के मुहाल राजीव नगर निवासी प्रमोद (25) पुत्र कल्लू कुशवाहा अपने साथी जीतू (18) पुत्र उदयभान कुशवाहा और गांधीनगर निवासी भरत (17) पुत्र हरचरन के साथ बरबई गांव में शादी समारोह में खाना बनाकर वापस लौट रहे थे। तीनों छानी मोड़ के पास बाइक रोक कर कानपुर सागर राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे खड़े होकर अपने अन्य साथियों का इंतजार कर रहे थे तभी एक ट्रक आया और तीनों टक्कर मारता हुआ निकल गया। इस हादसे में तीनों की दर्दनाक मौत हो गई है।

# डीएम का बंगला और सरकारी जमीन में बने 32 मकान आए कार्रवाई की जद में



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

हमीरपुर। हमीरपुर शहर में डीएम बंगला और इससे सटी हजार करोड़ की जमीन के कथित विवाद के मामले में अब प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करने की तैयारी की है। बेशकीमती भूमि के प्लाटिंग के बाद बनाए गए बत्तीस बहुमंजिले भवन अब जांच के बाद कार्रवाई की जद में आ गए है। एडीएम की अध्यक्षता में राजस्व डिपार्टमेंट के अफसरों व कर्मियों की बनाई गई टीम ने कानपुर-सागर नेशनल हाइवे किनारे सरकारी भूमि और चौरादेवी मंदिर के पास बने भवनों की जांच पड़ताल की। सरकारी जमीन की नाप और जोख भी कराई गई है। जिससे भवन मालिकों में हड़कम्प मचा हुआ है।

हमीरपुर शहर में मराठाकालीन बंगला और इससे सटी 58.14 एकड़ जमीन पर अंग्रेजों के जमाने में कलेक्टर के आधीन था। अंग्रेजों के भारत छोड़े जाने के बाद इस बंगले और अरबों रुपये कीमत की जमीन पर सिंघल परिवार ने अपना हक जताया था। इसे लेकर साढ़े चार दशक पहले सिंघल परिवार ने हाईकोर्ट में वाद दायर किया था। यहां के प्रशासन की कानूनी लड़ाई को जीतने के लिए ठोस पैरवी नहीं की जिससे कलेक्टर बंगला और उससे जुड़ी बेशकीमती जमीन हाथ से निकलने का खतरा मंडरा गया था। यह मामला हाईकोर्ट में लम्बे समय तक चला। जिसमें विपक्षियों के पक्ष में फैसला होने के कारण प्रशासन की मुश्किलें बढ़ गई थी। मामला सुप्रीमकोर्ट तक पहुंचा था।




मेष : कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी।

वृष : विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-2-3-7

मिथुन : पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें।

कर्क : अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं।

सिंह : धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

कन्या : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

तुला : पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा।

वृश्चिक : शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

धनु : कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है।

मकर : यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी।

कुंभ : शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी।

मीन : मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी।

# भारत से पाकिस्तान को आयात निर्यात पर प्रतिबंध करने की घोषणा का किया

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो




कानपुर। जिलाधिकारी श्री जितेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त संबंधित विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ रोड कटिंग के संबंध में समन्वय बैठक आयोजित की गई।बैठक का मुख्य उद्देश्य निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु बिना केस्को (KESCo) की अनुमति से कोई भी विभाग किसी प्रकार की रोड कटिंग न करें संबंधित विभागों से आपसी संबंध स्थापित करने के समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित विभागों के उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि असमंजस या असहमति की स्थिति में विभागीय समन्वय अत्यंत आवश्यक है, ताकि जनसुविधाओं पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े और विकास कार्य भी समयबद्ध रूप से संपन्न हो सकें। जिलाधिकारी ने सभी खुदाई/ उत्खनन से संबंधित विभागों एवं एजेंसियां किसी भी प्रकार की खनन गतिविधि आरंभ करने से पूर्व CBuD ऐप के माध्यम से अनिवार्य रूप से रोड कटिंग की अनुमति प्राप्त होने के पश्चात ही कार्य प्रारंभ किया जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने उपस्थित समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि BSNL से संबंधित किसी भी प्रकार की रोड कटिंग की सूचना हेतु श्री विकास वर्मा – 9450932666 से संपर्क करें। साथ ही KESCo से संबंधित रोड कटिंग की परमिशन अथवा किसी प्रकार की यूटिलिटी शिफ्टिंग के संबंध में समस्त विभाग लिए श्री रवि श्रीवास्तव – 9151895665 से संपर्क करें।

# मा0 मंत्री ने की विधानसभा भोगनीपुर से संबंधित विकास कार्यो की समीक्षा, दिये निर्देश

नेशनल एक्सप्रेस उत्कर्ष सिंह

कानपुर देहात मा० मंत्री, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, हथकरघा तथा वस्त्रोद्योग, रेशम विभाग, उ०प्र० श्री राकेश सचान जी की अध्यक्षता में निरीक्षण भवन, माती में विधानसभा क्षेत्र-भोगनीपुर से संबंधित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की गई। समीक्षा बैठक में परिवहन, स्वास्थ्य, वन, कृषि, पशुधन, विद्युत, जल जीवन मिशन, डीसी मनरेगा, सिंचाई, लघु सिंचाई, लोक निर्माण, नगर पंचायत, नगर पालिका, मंडी परिषद्, जिला पंचायत, खण्ड विकास अधिकारी, मलासा, अमरौधा, सरवनखेड़ा के अधिकारी सम्मिलित हुए। बैठक के दौरान मा0 मंत्री जी ने विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत चल रहें विकास कार्यों



की विस्तृत जानकारी ली तथा समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जलापूर्ति, सड़क निर्माण, शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास से जुड़ी परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मा० मंत्री जी द्वारा विकास एवं निर्माण कार्यों के संबंध में अद्यतन जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। उन्होंने कहा कि विधानसभा अंतर्गत कराएं जा रहें विकास व निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाए, जनकल्याणकारी योजनाओं से जन-जन को जोड़ा जाए, पात्र व्यक्ति को योजनाओं से आच्छादित किया जाये, निर्माण कार्यों को समय अंतर्गत पूरा कराया जाए। मा0 मंत्री जी ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा करते हुए कहा कि सर्वे का कार्य समयान्तर्गत पूरा किया जाये तथा सभी पात्रों को सूची में शामिल किया जाये। परियोजना निदेशक द्वारा मा0 मंत्री जी को अवगत कराया गया कि शासन के निर्देशानुसार सर्वे का कार्य चल रहा है। मा0 मंत्री जी द्वारा विधानसभा क्षेत्र के तीनों ब्लाकों में हो रहे विकास कार्यों के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा प्राप्त होने वाले प्रस्तावों को प्राथमिकता पर रखते हुए कार्य कराया जाये। जल जीवन मिशन के सम्बन्ध में मा0 मंत्री जी ने कहा कि योजनान्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की प्रगति धीमी है, तेजी लाते हुए सरकार की मंशानुरूप हर घर को पाइपलाइन द्वारा जल उपलब्ध कराया जाये। उन्होंने एजेन्सी द्वारा कराये जा रहे कार्यो का भौतिक निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार करने के भी निर्देश दिये। मा0 मंत्री जी ने कहा कि जहां-जहां भी पाइपलाइन डालने हेतु सड़क क्षतिग्रस्त हो रही है, वहां गुणवत्तापूर्ण रोड रेस्टिरेशन का कार्य पूर्ण होने पर ही भुगतान कराया जाये। उन्होंने सिचाई विभाग को नहरों में टेल तक पानी पहुंचाने, टीम बनाकर कराये गये कार्यो का सत्यापन कराने तथा तालाबों में पानी भराने के निर्देश दिये। मा0 मंत्री जी द्वारा वन विभाग को विधानसभा अन्तर्गत बनायी गयी नवीन सड़कों व चौड़ी की गयीं सड़कों के किनारे वृक्षारोपण कराने के निर्देश दिये।

# भीषण सड़क हादसा में रोडवेज बस चालक की मौत, कई यात्री घायल

### मृतक के भाई का अस्पताल में उचित इलाज न मिलने का आरोप





**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**

**मुरादाबाद।** जनपद के ठाकुरद्वारा क्षेत्र में सोमवार तड़के मुरादाबाद काशीपुर हाईवे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। काशीपुर डिपो की एक रोडवेज बस ईंटों से लदी ट्रैक्टर ट्राली से पीछे से जा टकराई इस टक्कर में बस चालक की मौत हो गई। ठाकुरद्वारा क्षेत्र के मुरादाबाद काशीपुर नेशनल हाईवे पर रोडवेज बस और ईंटो से भरी ट्रैक्टर ट्राली में भीषण टक्कर हो गई। बस दुर्घटना में बस चालक की मौत हो गई। जबकि 18 यात्री घायल हो गए। घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया, बस में सवार अन्य यात्री निजी बहनों से अपने यहां रवाना हो गए। मुरादाबाद काशीपुर हाईवे पर सोमवार के तड़के गांव फौलादपुर के निकट मुरादाबाद की दिशा आ रही उत्तराखंड काशीपुर डिपो की बस पीछे से ईंटों से भरी ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई।

इस हादसे में बस पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। और दुर्घटना में बस चालक महफूज आलम निवासी गांव बोवदवाला ठाकुरद्वारा की मौत हो गई। घायलों में संदीप, अंकित, धर्मवीर, गीता, दीपू रवि सिंह, दयाल सिंह, राहुल, देवेंद्र, प्रवीण, नरेंद्र, प्रकाश, समेत लगभग 18 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना के बाद राहीगिरों के साथ ग्रामीण की भीड़ जमा हो गई सूचना पर डायल 100 व कोतवाली पुलिस ने पहुंचकर घायलों को एंबुलेंस की मदद से सरकारी अस्पताल पहुंचाएं। चिकित्सकों ने जहां बस चालक महफूज आलम को मृत घोषित कर दिया।

वही बस चालक के भाई ने सरकारी अस्पताल के डॉक्टर पर उचित इलाज न मिलने से बड़ा आरोप लगाया, ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचकर पुलिस ने गंभीर घायल लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया। प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार शर्मा ने बताया कि दोनों वाहनों को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। मृतक महफूज आलम के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटनास्थल पर शांति बनी है। मामूली चोटिल यात्री प्राथमिक उपचार के बाद अपने घरों के लिए रवाना हो गए।

## एस.एन.डी.चिल्ड्रन एकेडेमी में मिशन सड़क सुरक्षा अभियान चलाकर छात्रों को किया जागरूक

### ट्रैफिक नियमों की जानकारी देकर पम्पलेट बांटे




**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**

**मुरादाबाद।** सोमवार को एस.एन.डी. चिल्ड्रन एकेडमी पंडित नागला रोड मुरादाबाद में जाकर टीएसआई जसवीर सिंह द्वारा रोड सेफ्टी मिशन के अंतर्गत स्कूल के लगभग 300 विद्यार्थियों को रोड सेफ्टी नियमों के बारे में अवगत कराया।

प्रधानाचार्य सीवी गिरी की उपस्थिति में सभी विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। दो पहिया वाहन, हेलमेट व चार पहिया वाहन सीट बेल्ट का पालन करेंगे।

मोबाइल प्रयोग करते हुए वाहन नही चलाना है। नशे का सेवन करके वाहन नही चलाना है। अधिक गति सीमा से वाहन नही चलाना है। ओवरटेक नही करना है।

सड़क पर स्टंट नहीं करना है। घायल व्यक्ति की मदद करनी है। नाबालिग द्वारा वाहन नही चलाना है। इत्यादि नियमों से अवगत कराया टीएसआई जसवीर द्वारा बच्चों को पम्पलैट वितरित व दिखाकर उनको जागरूक किया।

मिशन सड़क सुरक्षा अभियान के तहत दुर्घटना से सुरक्षा के संबंध में थाना मूढ़ापाण्डे पुलिस द्वारा स्कूल के छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक कर शपथ दिलाई गई। तथा सड़क सुरक्षा प्रचार प्रसार हेतु सभी से अपने आस-पास के लोगों को भी जागरूक करने हेतु अपील की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### अम्बेडकर प्रतिमा खंडित करने पर लोगों में आक्रोश

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** थाना मंझोला क्षेत्र अंतर्गत भोला सिंह की मिलक में डॉ भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा को कुछ शरारती तत्वों द्वारा खंडित किया गया। जिसकी सूचना मिलने पर पूर्व सांसद गिरीश चन्द्र बहुजन समाज पार्टी के व पदाधिकारी के साथ मौके पर पहुँचे। और घटना स्थल का जायजा लिया साथ ही शरारती तत्वों पर कार्यवाही करने की मांग की। न्याय के लिये आंदोलन किया जाएगा। अंबेडकर पार्क में बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को शरारती तत्वों ने क्षतिग्रस्त होने पर इसकी जानकारी मिलते ही इलाके में तनाव का माहौल बन गया। बड़ी संख्या में लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। घटना की सूचना मिलते ही शहर विधायक रितेश गुप्ता मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने स्थानीय लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की और पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की। मझोला थाना पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

### वित्तविहीन मैनेजमेंट एंड टीचर्स एसोसिएशन ने किया बैठक का आयोजन

**नेशनल एक्सप्रेस जाकिर हुसैन**

**मुंढापांडे।** वित्तविहीन मैनेजमेंट एंड टीचर्स एसोसिएशन की एक मीटिंग राजेंद्र सिंह इंटर कॉलेज मुंडापांडे में आयोजित की गई। इस मीटिंग में जिला अध्यक्ष मुरादाबाद रूकम को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया साथ ही मुरादाबाद के मंडल अध्यक्ष पद पर उमेश चंद्र गुप्ता को मनोनीत किया गया। वित्तविहीन की इस बैठक में धन सिंह चौधरी प्रदेश उपाध्यक्ष, ठाकुर पुष्पेंद्र सिंह, नजम अख्तर सलमानी, डॉ केपी सिंह , मनोज ठाकुर ,रामवीर सिंह यादव, शहजादे , कमरे आलम रामकृष्ण सिंह ,विद्यालयों के प्रबंधक तथा शिक्षक गण उपस्थित थे। मीटिंग की अध्यक्षता वित्तविहीन एवं मैनेजमेंट एंड टीचर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष ठाकुर ओमवीर सिंह एडवोकेट ने की। मीटिंग में यह प्रस्ताव रखा गया कि सरकार द्वारा जूनियर हायर सेकेंडरी इंटर कॉलेज तथा डिग्री कॉलेज के शिक्षकों को मानदेय दिया जाए मीटिंग में यह भी प्रस्ताव पारित किया गया। उनकी सेवा को नियमित किया जाए।

### कूटरचित दस्तावेज तैयार व धोखाधड़ी कर बैंक से ऋण प्राप्त करने के आरोपीयों किया गिरफ्तार

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** वादी सनी चौधरी पुत्र जोगेन्द्र सिंह वरिष्ठ शाखा प्रबन्धक प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक शाखा टाउन हाल, थाना कोतवाली जिला मुरादाबाद ने अभियुक्तगण द्वारा कूटरचित दस्तावेज तैयार व धोखाधड़ी कर प्रथमा यू0पी0 ग्रामीण बैंक को बन्धक कर ऋण प्राप्त करने तथा भुगतान ने करने के सम्बन्ध में थाना सिविल लाईन्स में पंजीकृत कराया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में सोमवार को थाना सिविल लाईन्स पुलिस द्वारा अभियुक्त अशोक कुमार पुत्र मुन्शीलाल निवासी ग्राम हरियाणा थाना कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद हाल पता मोरा मिलक का चौराहा आशियाना फेस एक थाना सिविल लाईन्स मुरादाबाद, रघुवीर सिह पुत्र स्व0 रामगोपाल सिह निवासी ग्राम हरियाणा थाना कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद हाल पता मौ0 कुन्दन पुर ढक्का लाईनपार थाना मझोला मुरादाबाद , राजीव कुमार पुत्र मुन्शीलाल निवासी ग्राम हरियाणा थाना कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद हाल निवासी ग्राम भदोडा थाना कटघ■ मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया, अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

## वर्तमान प्रधान ने बंजर भूमि को राजस्व अधिकारियों के सहयोग से कराया कब्जा मुक्त



**नेशनल एक्सप्रेस जाकिर हुसैन**

**मुंडापांडे।** जनपद मुरादाबाद के ब्लॉक मुंडापांडे की ग्राम पंचायत रामपुर भीला में बंजर की जमीन को कराया गया मुक्त, प्रधान ने ग्राम समाज की भूमि का कब्जाधारी के खिलाफ उच्च अधिकारियों से शिकायत की थी। जिसके आधार पर जिलाधिकारी द्वारा आदेशित कर कब्जा मुक्त करने के आदेश दिए थे। रविवार को राजस्व निरीक्षण व लेखपाल प्रदीप कुमार ने ग्राम रामपुर भीला में अवैध रूप से कब्जा कर रहा बंजर भूमि को मुक्त कराया गया। ग्राम प्रधान नौशाद अली ने बताया कि गांव के ही कुछ लोगों द्वारा ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया था जिसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से दी गई थी। मौके पर पहुंचे तहसील के अधिकारियों ने पुलिस प्रशासन के सहयोग से जमीन को कब्जा मुक्त करा दिया।

## मिट्टी की जांच के लिए मृदा नमूना एकत्रितकरण अभियान चलाया

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



**मुरादाबाद।** उप कृषि निदेशक मुरादाबाद सन्तोष कुमार द्विवेदी के पर्यवेक्षण में सोमवार को प्रदेश स्तरीय मृदा नमूना संकलन अभियान के अन्तर्गत जनपद मुरादाबाद के विकास खंड छजलैट के ग्राम नसीरपुर मे कृषक मंगला पुत्र शोभा के खेत से मृदा नमूना संकलित किया गया। साथ में सहायक निदेशक मृदा परीक्षण हर्षित चौहान एवं भूमि संरक्षण अधिकारी डॉ योगेन्द्र कुमार एवं क्षेत्रीय कर्मचारी तथा कृषकगण मौजूद रहे। प्रमुख सचिव कृषि उत्तर प्रदेश के निर्देशों के अनुपालन मे सोमवार को पूरे उत्तर प्रदेश मे मृदा नमूना संकलन हेतु विशेष अभियान चलाया गया। जिस प्रकार से मनुष्य के स्वास्थ्य की जांच की जाती है, ठीक उसी प्रकार मृदा की स्वास्थ्य की जांच की जाती है। जनपद मुरादाबाद मे वित्तीय वर्ष 2025-26 मे कुल 16000 मृदा नमूना का लक्ष्य है। जिसमे से 70 लक्ष्य खरीफ फसल मे पूर्ण किया जाना है। प्रत्येक विकास खंड मे कृषि निदेशालय लखनऊ से चिन्हित 20 ग्राम पंचायतों मे तथा चिन्हित प्रत्येक ग्राम पंचायत मे 100 मृदा नमूने लिये जायेंगे। मृदा नमूने लिये जाने के पश्चात मृदा परीक्षण प्रयोगशाला मुरादाबाद मे मृदा मे पाये जाने वाले पोषक तत्वों की मात्रा का परीक्षण किया गया। तथा मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी किया जायेगा। मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार उपलब्ध पोषक तत्वों के आधार पर फसल के अनुसार उर्वरकों, जैविक खाद इत्यादि का सुझाव दिया जाता है। मृदा नमूना संकलन हेतु विशेष अभियान सोमवार को प्रत्येक जनपद हेतु कृषि निदेशालय से नोडल अधिकारी नामित सहायक निदेशक मृदा, मुरादाबाद मंडल, हर्षित चौहान की देखरेख मे जनपद मुरादाबाद मे मृदा नमूने लिये गए। सभी किसान भाइयों ने मृदा नमूना में सहयोग किया।

## फरियादियों की समस्याएं सुनकर गुणवत्तापूर्ण किया निस्तारण



**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**

**मुरादाबाद।** पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मुरादाबाद द्वारा जनसुनवाई में आए फरियादियों की सुनी गई समस्याएं। प्राप्त जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश। सोमवार को पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह मुरादाबाद द्वारा जनसुनवाई में आये फरियादियों की समस्याएं, शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया गया। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि जनसुनवाई, महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित,शिकायतकर्ता को अनावश्यक रुप से अपने थाने से पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो साथ ही सभी थाना प्रभारियों को यह भी निर्देश दिये गये कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें।

## पुलिस कर्मचारियों की बीट बुक चेक कर दिए दिशा निर्देश



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपदीय थानों में तैनात पुलिस कर्मचारियों की बीट बुक को पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुंवर आकाश कुमार सिंह द्वारा चेक कर बीट प्रणाली के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए नियमित रूप से अपनी बीट में भ्रमण करने के दिए दिशा निर्देश। जनपद के विभिन्न थानों सहित व भोजपुर थाने में तैनात पुलिस कर्मचारियों की बीट बुक को पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुंवर आकाश कुमार सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय में क्षेत्र के पुलिस कर्मचारियों की बीट बुक चेक कर बीट प्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए नियमित रूप से अपनी बीट में भ्रमण करने व बीट बुक को अद्यावधिक रखने के लिए दिशा निर्देश दिए गए है।

## बकरा चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

**भोजपुर।** वादी नरेश पुत्र केवल नि0 ग्राम रुपपुर बहादुरपुर थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद ने अभियुक्त द्वारा ग्राम रुपपुर बहादुरपुर से बकरा चोरी करने के सम्बन्ध में थाना भोजपुर पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना भोजपुर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में थाना भोजपुर पुलिस द्वारा सोमवार को अभियुक्त अजहर पुत्र अलीम निवासी काजीपुरा थाना सिविल लाईन जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार कर बकरा बरामद किया गया। वांछित अभियुक्त कलुआ पुत्र शाकिर अली निवासी जवाहरनगर लोधीपुर थाना मझौला जिला मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराकर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## सड़क निर्माण कार्य में घटिया सामग्री लगाने पर ग्रामीणों का विरोध, उच्च अधिकारियों से की जांच की मांग

### प्रधान व ठेकेदार की मिलीभगत का लगाया ग्रामीणों ने आरोप

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**



**मुरादाबाद।** ब्लॉक डिलारी के गांव सिढ़ाबली में ग्रामीणों ने सड़क व नाले पर चल रहा कार्य रुकवाया। ग्रामीणों ने सीधा आरोप लगाते हुए नाली निर्माण व सड़क में कार्य में घटिया निर्माण सामग्री का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। ग्रामीणों का कहना है। कि सही तरीके से काम नहीं होगा।

तब तक कार्य नहीं होने देंगे। गांव के मुख्य मार्ग पर लग रही सीसी टाइल्स और नाले का निर्माण चल रहा था। ग्रामीणों ने देखा की मिट्टी के ऊपर ही टाइल्स बिछाई जा रही है। और नाले में पीली ईट का इस्तेमाल किया जा रहा है। इससे ग्रामीणों में आक्रोश पैदा हुआ। और काम में गलत ईंट का इस्तेमाल होने से गांव के लोग निराश हैं।

इसराइल के घर से बबलू के घर तक यह रास्ता बना था। जिसमें घटिया सामग्री ठेकेदार द्वारा लगाई जा रही।

इस वक्त ग्रामीणों ने देखा की टाइल्स मिट्टी के ऊपर बिछाई जा रही है। ना की टाइल्स के कोई कंक्रीट है। तभी ग्रामीणों ने ठेकेदार से काम करने को सही काम करने को कहा ठेकेदार ने अपनी मनमानी जताते हुए ऐसे ही काम करने का कहा ग्रामीणों ने कहा कि जब तक सही कार्य नहीं हो जाता तब तक इसका विरोध करते रहेंगें।

# रालोद के सक्रिय सदस्यता अभियान में सपा-कांग्रेस के कई कार्यकर्ता शामिल

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के निर्देशानुसार चलाए जा रहे सक्रिय सदस्यता अभियान के अंतर्गत आज लखनऊ पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के अमान गेस्ट हाउस, ठाकुरगंज में एक भव्य सदस्यता समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे रहे, जिन्होंने बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस से आए कार्यकताओं को पार्टी की सदस्यता दिलाई। समारोह की अध्यक्षता पार्टी के प्रदेश सचिव अफसर अली ने की। विशिष्ट अतिथियों में प्रदेश महासचिव मनोज सिंह चौहान और व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रोहित अग्रवाल शामिल रहे। कार्यक्रम के संयोजक पूर्व नगर अध्यक्ष उमर अली एवं मॉल ब्लॉक के पूर्व प्रधान बराती लाल थे।





श्री दुबे ने पूर्व प्रधान बराती लाल, उमर अली, हकीमुद्दीन उर्फ पप्पू, अजमल खान, उमरदराज, डॉ. शेख मोहम्मद, सैफी खान, अताउर रहमान, मोहम्मद नसीम, जावेद अहमद, इमरान खान, रेहान खान, शोएब अहमद, शादाब खान, संजय कुमार, आलम खान, गुलजार खान, अकरम खान, सीमा हसन, इकरा बानो, मोहम्मद कामिल, ममता कनौजिया, अनिता कुमारी, शबाना बेगम, कुमारी पूजा और मोहम्मद रईस सहित दर्जनों लोगों को सदस्यता दिलाई।

समारोह को संबोधित करते हुए श्री दुबे ने बताया कि यह अभियान डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल से शुरू होकर 15 अक्टूबर तक चलेगा, जिसके बाद 15 अक्टूबर से 15 नवंबर तक सांगठनिक चुनाव संपन्न होंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी समाज में भाईचारा स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। श्री दुबे ने कहा कि दुकानों पर नाम लिखे जाने और सड़कों पर नमाज अदा करने जैसे मुद्दों पर प्रशासन की कार्रवाई का विरोध सबसे पहले रालोद ने किया। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित किए जाने की सराहना की। व्यापार प्रकोष्ठ अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने युवाओं और किसानों के लिए पार्टी द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। समारोह को मनोज सिंह चौहान और अफसर अली ने भी संबोधित किया।

सदस्यता समारोह में बड़ी संख्या में अल्पसंख्यक समुदाय के लोग उपस्थित रहे और सभी अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

## चौकी इंचार्ज पर लगाया अभद्रता का आरोप

■ मिट्टी खनन को लेकर हुआ था विवाद

**गोंडा।** जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र के लोलपुर निवासिनी एक महिला ने सरयू घाट पुलिस चौकी पर तैनात उप निरीक्षक संजीव सिंह पर अभद्रता का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग किया है।बताते चलें कि लोलपुर निवासी सतिस तिवारी के सहन दरवाजे पर सड़क पाटने के लिए अमन सिंह पुत्र विनय सिंह द्वारा जेसीबी से मिट्टी खनन किया जा रहा था जिसका विरोध करने पर ठेकेदार व उसके सहयोगियों द्वारा मारपीट किया जाने लगा आवाज सुनकर सतिश कि पत्नी द्वारा मौके पर विरोध किया गया तो ठेकेदार व सहयोगियों द्वारा महिला के साथ भी मारपीट किया गया जिससे बचने के लिए पीड़ित दंपत्ति ने घर में घुसकर जान बचाने का प्रयास किया तो ठेकेदार व उसके सहयोगी घर में घुसकर तोड़फोड़ करने लगे।घटना की जानकारी पर डायल 112 आई जिसके मद्देनजर ठेकेदार अपने सहयोगियों के साथ भाग गया।

## दो स्थानों पर सीसी रोड व नाली निर्माण को मंजूरी

### 19.71 लाख रुपये होंगे खर्च

■ ठाकुर द्वारा मंदिर और राजा मोहल्ला को मिलेगी नई सड़क और नाली, जल्द शुरू होगा कार्य

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

**गोण्डा ।** नगर क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं के विकास को लेकर जिलाधिकारी एवं विनियमित क्षेत्र नियंत्रक प्राधिकारी नेहा शर्मा ने दो महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों को स्वीकृति प्रदान की है।

ठाकुर द्वारा मंदिर (गोण्डा-उतरौला मार्ग) तक और राजा मोहल्ला डाकघर से अमरदीप श्रीवास्तव के मकान तक सीसी रोड और नाली का निर्माण कराया जाएगा। इन कार्यों पर कुल 19.71 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे।बताते चलें कि इन दोनों क्षेत्रों में लंबे समय से सड़क की जर्जर स्थिति और जलनिकासी की समस्याएं बनी हुई थीं। स्थानीय नागरिकों ने हाल ही में जिलाधिकारी से मुलाकात कर इन समस्याओं को उठाया था।

डीएम ने समस्या को प्राथमिकता पर लेते हुए तत्काल निरीक्षण और प्रस्ताव तैयार कराने के निर्देश दिए। अवर अभियंता द्वारा पीडब्ल्यूडी शिड्यूल ऑफ रेट्स 2020 के अनुसार निर्माण कार्य का तकनीकी आकलन किया गया।ठाकुर द्वारा मंदिर मार्ग पर 9.72 लाख और राजा मोहल्ला मार्ग पर 9.99 लाख रुपये की लागत निर्धारित की गई है। यह राशि भवन मानचित्र स्वीकृति से एकत्र विकास शुल्क से खर्च की जाएगी, जो इंडियन बैंक की कलेक्ट्रेट शाखा में विनियमित क्षेत्र खाते में जमा है।

उत्तर प्रदेश शासन के निदेर्शानुसार गठित समिति की संस्तुति के आधार पर जिलाधिकारी ने कार्यों को प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। अब निर्माण कार्य जल्द शुरू कराए जाएंगे, जिससे नागरिकों को बेहतर सड़क और जलनिकासी की सुविधा उपलब्ध होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### पांच सदस्यीय कमेटी करेगी हरचंदपुर बीडीओ पर लगे आरोपों की जांच

**रायबरेली ।** हरचंदपुर ब्लॉक में तैनात महिला ग्राम पंचायत अधिकारी (वीपीओ) की शिकायत की जांच पांच सदस्यीय कमेटी करेगी। कामकाजी महिलाओं के उत्पीड़न के मामले की जांच के लिए सामाजिक कार्यकर्ता की अध्यक्षता में यह कमेटी डीएम के स्तर से गठित की गई है। महिला कर्मचारी ने हरचंदपुर के खंड विकास अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए डीएम से कार्रवाई की मांग की है। डीएम को दिए शिकायती पत्र में महिला वीपीओ ने आरोप लगाया कि छुट्टी के दिन असमय फोन करके परेशान किया जा रहा है। साथ ही ब्लॉक में कई तरीके से मानसिक दबाव बनाया जा रहा है, जिनका उल्लेख करना संभव नहीं है। बताया कि अविवाहित होने के कारण ऐसे मानसिक शोषण से सामाजिक जीवन पर कुप्रभाव पड़ रहा है। ऐसे में बीडीओ के अधीनस्थ काम कर पाना संभव नहीं है। साथ काम कर रही एक और महिला कर्मचारी को भी परेशान किया जा रहा है।
डीएम हर्षिता माथुर ने मामले की जांच का आदेश दिया है। सामाजिक कार्यकर्ता अमिता खुबेले की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय आंतरिक शिकायत कमेटी गठित की गई है। सदस्यों में खंड विकास अधिकारी सलोन सुधा वर्मा, किशोर न्याय बोर्ड की सदस्य मीनू श्रीवास्तव, गांधी सेवा निकेतन के प्रबंधक अरुण कुमार मिश्रा को भी शामिल किया गया है।
पदेन सदस्य के रूप में जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा को भी शामिल किया गया है। कमेटी को मामले की जांच करके रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं। सीडीओ अर्पित उपाध्याय ने बताया कि जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी।

### रोड जाम और हंगामा करने पर 17 के खिलाफ केस

**रायबरेली ।** सड़क हादसे में युवती की मौत के बाद हंगामा करने वाले 17 लोगों पर मिल एरिया थाने में केस दर्ज किया गया है। आरोपियों पर ट्रक पर पथराव, राहगीरों के साथ अभद्रता और रोड जाम करने का आरोप है। मिल एरिया थाने में तैनात वरिष्ठ उपनिरीक्षक के मुताबिक मलिकमऊ की रहने वाली अराधना (18) की बृहस्पतिवार रात ट्रक की टक्कर लगने से मौत हो गई थी। इस दौरान लोगों ने ट्रक पर पथराव करके शीशा तोड़ दिया था। राहगीरों के साथ अभद्रता करते हुए कहासुनी की। पुलिस पहुंची तो सरकारी कार्य में बाधा डाला। वरिष्ठ उपनिरीक्षक के मुताबिक किसी तरह लोगों को शांत कराकर युवती का शव पोस्टमार्टम हाऊस ले जाया गया। इस दौरान फिर लोग आक्रोशित हो उठे और रायबरेली-डीह मार्ग पर जाम लगा दिया। इससे आवागमन प्रभावित हुआ और राहगीरों को परेशानी झेलनी पड़ी। थाना प्रभारी ने बताया कि शुभम, हिमांशू पासी, लकी सिंह, अर्पित, अभिषेक, बड़े, राहुल और आठ-दस अज्ञात पर सरकारी कार्य में बाधा डालने, पथराव, रोड जाम करने समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों पर जल्द कार्रवाई होगी।

### चोरी की योजना बनाते समय 02 शातिर चोर गिरफ्तार

**गोंडा ।**पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत के देख रेख व क्षेत्राधिकारी नगर आनन्द कुमार राय के नेतृत्व में थाना खरगूपुर पुलिस द्वारा चोरी की योजना बनाते समय 02 शातिर चोरों चन्दन पुत्र राजकिशोर पासवान नि0 एम ब्लाक रानीबाग शकूरपुर नेताजी सुभाष पुलिस दिल्ली व सोनू कन्नौजिया पुत्र बुद्धई नि0 गैजहवा थाना को0 देहात जनपद बलरामपुर को सझवल पोखरा के पास स्थित सागौन के बगीचे से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी करने के उपकरण, चोरी का माल व 02 अदद चोरी की मोटरसाईकिलों को बरामद किया ।गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थाना खरगूपुर पुलिस द्वारा सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

## परसपुर भूमि प्रकरण में अवैध कब्जे की पुष्टि, रिपोर्ट दर्ज करने के दिए निर्देश

■ जांच समिति की रिपोर्ट में गंभीर अनियमितताएं उजागर, प्रशासन ने लिया कड़ा रुख

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

**गोण्डा।** नगर पंचायत परसपुर से जुड़े भूमि विवाद के मामले में जांच के दौरान अवैध कब्जे और फर्जी दस्तावेजों की पुष्टि हो गई है। जिलाधिकारी नेहा शर्मा द्वारा गठित उच्चस्तरीय जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर दोषियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

अनिल कुमार, मुस्तफा और इब्राहीम द्वारा प्रस्तुत शिकायत में आरोप लगाया गया था कि गाटा संख्या 559 व 743 की भूमि को विपक्षी पक्ष द्वारा कूटरचित इकरारनामे के जरिए फर्जी रूप से विक्रय किया गया है। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया था कि विद्यालय, कब्रिस्तान और पुरानी आबादी से जुड़ी जमीनों पर भी सुनियोजित ढंग से कब्जा करने की कोशिश की गई।जिलाधिकारी द्वारा गठित जांच समिति–जिसमें अपर जिलाधिकारी गोण्डा (अध्यक्ष), उप जिलाधिकारी करनैलगंज, सहायक महानिरीक्षक निबंधन और बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी सदस्य थे–ने पूरे मामले की गहनता से जांच की। समिति ने पाया कि कई भूखण्डों पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर न केवल अवैध विक्रय किया गया, बल्कि कुछ स्थानों पर कब्जा भी कर लिया गया।इस गंभीर भूमि अनियमितता पर सख्त रुख अपनाते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित थाने को दोषियों के विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज करने और विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## जीत वेलफेयर फाउंडेशन की लालगंज में सराहनीय पहल

### सार्वजनिक स्थानों पर की गई शीतल प्याऊ जल की व्यवस्था,राहगीरों को मिलेगी राहत

■ सेवा कार्य पर राहगीरों ने व्यक्त की प्रसन्नता

» **नेशनल एक्सप्रेस**

**लालगंज(रायबरेली)।**भीषण गर्मी से जनजीवन बेहाल है,इस तपती धूप में यदि जरूरतमंदों को समय पर पानी मिल जाए तो इससे बडा पुण्य और इससे बड़ी और कोई सेवा नहीं हो सकती।

गर्मी के मौसम में जब पानी का एक घूंट व्यक्ति को मिल जाए तो वह बड़ी राहत महसूस करता है,ऐसे में सामाजिक संस्था जीत वेलफेयर फाउंडेशन,उत्तर प्रदेश के संस्थापक जितेंद्र सविता के निर्देशन पर रायबरेली संस्था जिलाध्यक्ष अजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में समस्त जिला इकाई टीम सहित लालगंज नगर के अधिकतम सभी सार्वजनिक स्थानों पर निःशुल्क शीतल प्याऊ जल की व्यवस्था की गई,जिसके चलते किसी भी राहगीर व विद्यार्थियों को इस भीषण गर्मी में पेय जल से संबंधित कोई दिक्कत न हो सके।कस्बे के प्रमुख स्थानों जैसे हनुमान मंदिर



बेहटा चौराहा,मलपुरा मां विंध्यवासिनी सिद्ध श्री बालाजी सरकार,लालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र,आलमपुर पंचमुखी हनुमान मंदिर,गुरूबक्शगंज चौराहा (चौकी), तिकोना पार्क,सोनालिका एजेंसी के पास,मंडी समिति के समीप,संस्था,कार्यालय इत्यादि सार्वजनिक जगहों पर संस्थान की ओर से शीतल प्याऊ जल की व्यवस्था की गईं है।

सेवा कार्य पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए राहगीरों ने कहा कि इस चिलचिलाती गर्मी में यदि रास्ते में ठंडा व स्वच्छ पानी मिल जाए,तो यह किसी वरदान से कम नहीं।

इस अवसर पर उपस्थित संस्था संस्थापक जितेंद्र सविता,जिलाध्यक्ष अजय प्रताप सिंह,जिला उपाध्यक्ष चन्दर,जिला महासचिव यशपाल सिंह,संस्था सलाहकार दिलीप कुमार वर्मा,मीडिया प्रभारी मनदीप कुमार,र-ाममिलन शर्मा,आदित्य वर्मा आदि सदस्यगण मौजूद रहे।

## ग्राम चौपाल में प्रधान प्रतिनिधि के बेटे ने वीडीओ को लात-घूंसों से पीटा, पीड़ित की तहरीर पर केस दर्ज

» **नेशनल एक्सप्रेस**

**रायबरेली**-महराजगंज ब्लॉक के पाली ग्राम पंचायत की है। पाली में रोस्टर के हिसाब से ग्राम चौपाल आयोजित की गई थी। ग्राम विकास अधिकारी संतशरण चौपाल में ग्रामीणों की समस्याएं सुन रहे थे। इसी दौरान प्रधान प्रतिनिधि के रूप में काम कर रहे पाली निवासी राजेंद्र कुमार का पुत्र सावंत कुमार उर्फ साहिल चौपाल में पहुंच गया। उसने गाली-गलौज करना शुरू कर दिया।

### पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया

वीडीओ के मना करने पर उन्हें लात मारकर ढकेल दिया। फिर लात-घूसों से जमकर पिटाई कर दी। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि वीडीओ की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मारपीट और सरकारी कार्य में बाधा डालने सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। आरोपी को हिरासत में लिया गया है।

### वीडीओ संघ ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन, जताया गुस्सा

वीडीओ के साथ आपराधिक वारदात के बाद ग्राम विकास अधिकारी संघ के पदाधिकारियों ने गुस्सा जताया। वैभव मिश्रा, महेंद्र शुक्ला, सर्वोत्तम सिंह, अरुण कुमार, अतुल कुमार आदि ने बीडीओ वर्षा सिंह को ज्ञापन देकर घटना की कड़ी निंदा की। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

### ह्यूम पाइपों व रिबोर हैंडपंपों के सवाल पर प्रधान हुए चुप

वारदात के बाद सीडीओ अर्पित उपाध्याय के निर्देश पर जांच करने पहुंचे डीपीआरओ सौम्यशील सिंह ने दुजई को कड़ी फटकार लगाई। कहा कि प्रधान आप हैं, तो प्रतिनिधि किसी और को क्यों बनाए हुए हैं। डीपीआरओ ने प्रधान से पूछा कि 53 हजार रुपये के ह्यूम पाइप की खरीद हुई है। खरीदी गईं पाइपों के मामले में जानकारी पूछी तो प्रधान जवाब नहीं दे पाए।

### प्रधान के खिलाफ भी कार्रवाई होगी

रिबोर किए गए हैंडपंपों के बारे में भी प्रधान जवाब देने में नाकाम रहे। डीपीआरओ ने महराजगंज थाने पहुंचकर भी घटना की जानकारी ली। डीपीआरओ ने बताया कि प्रधान दुजई हैं, लेकिन प्रतिनिधि के तौर पर राजेंद्र कुमार काम करते हैं। मामले में जांच शुरू की गई है। प्रधान के खिलाफ कार्रवाई होगी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटकता मिला विवाहिता का शव, मचा हडकंप

### सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा

» **नेशनल एक्सप्रेस**



**सरेनी(रायबरेली)** ।सोमवार को थाना क्षेत्र के एक गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता का शव फांसी के फंदे पर लटकता मिला,इससे हड़कंप मच गया।ससुरालीजनों की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।पुलिस घटना के कारणों को तलाशने में जुट गई है।थाना क्षेत्र के ठकुराइन गंज मजरे रालपुर गांव के रहने वाले सुरेश कुमार पुत्र देवी शंकर अपनी पत्नी स्वाती (उम्र 22 वर्ष) को लेकर बीते शनिवार को ससुराल बलभद्र खेड़ा थाना खीरों गए थे और रविवार को दोनों पति-पत्नी वापस ठकुराइन गंज आ गए।सोमवार की सुबह करीब 8 बजे पति सुरेश कुमार दवा लेने चौराहे चला गया व उसके पिता देवीशंकर व मां सरोजिनी दरवाजे पर बैठे थे तभी स्वाती ने कमरे का दरवाजा बंद कर पंखे के हुक से फांसी लगा लिया।जब पति सुरेश चौराहे से लौटा और पत्नी को आवाज लगाया लेकिन जब कोई जवाब नहीं मिली तो उसने खिड़की से झांक कर देखा तो स्वाती पंखे से फांसी पर लटक रही थी।उसने पुलिस को घटना की जानकारी दी तो पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतरवाया,इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।प्राप्त जानकारी के मुताबिक मृतका की शादी 26 अप्रैल 2024 को हुई थी।फिलहाल पुलिस आत्महत्या के कारणों की तलाश में जुट गई है।वहीं उप निरीक्षक सुधीर पांडेय ने बताया कि स्वाती नाम की महिला ने कमरे के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था,जिसे तोड़कर शव को फांसी के फंदे से नीचे उतरवाया गया और शव को कब्जे में लेते हुए पीएम के लिए भेज दिया गया है।अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## प्रदेश के 7 जनपदों में महापुरुषों और देवी-देवताओं की मूर्तियों के लिए 1.23 करोड़ रुपये की स्वीकृति

» **नेशनल एक्सप्रेस**

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के संस्कृति विभाग द्वारा प्रयागराज, एटा, बांदा, सीतापुर, झांसी और अयोध्या जैसे जनपदों में महापुरुषों एवं देवी-देवताओं की मूर्तियों की स्थापना के लिए कुल 1 करोड़ 23 लाख 42 हजार रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है।

यह राशि वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए तय की गई है। इन मूर्तियों में पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय कल्याण सिंह, स्व. कमला बहुगुणा, अवंतीबाई होलकर, महंत अवैद्यनाथ, भक्त प्रह्लाद, नरसिंह भगवान, भगवान सूर्य नारायण, भगवान गणेश और महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमाएं शामिल हैं।

प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इन परियोजनाओं के क्रियान्वयन हेतु राज्य ललित कला अकादमी की निदेशक श्रीमती श्रद्धा शुक्ला को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

### प्रमुख स्वीकृतियां इस प्रकार हैं

प्रयागराजः स्व. कमला बहुगुणा की 5 फीट की कांस्य प्रतिमा के लिए ₹6.60 लाख
एटाः बाबू कल्याण सिंह की 12.5 फीट की खड़ी मूर्ति हेतु ₹19.75 लाख
बांदाः अवंतीबाई होलकर की 12.5 फीट की अश्वारोही कांस्य मूर्ति के लिए ₹27.05 लाख
सीतापुरः महंत अवैद्यनाथ की 12.5 फीट ब्रांज मूर्ति के लिए ₹14.81 लाख
झांसीः भक्त प्रह्लाद की मूर्ति ₹4.95 लाख व नरसिंह भगवान की मूर्ति ₹21.18 लाख

### अयोध्या

भगवान सूर्य नारायण की मूर्ति ₹2.56 लाख
भगवान गणेश की मूर्ति ₹12.50 लाख
महर्षि वाल्मीकि की मूर्ति ₹14.01 लाख
यह पहल राज्य की सांस्कृतिक विरासत को सशक्त बनाने और श्रद्धा केन्द्रों को संरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## बाढ़ से पहले बड़ी तैयारी

### यूपी सरकार ने तटबंध सुदृढ़ीकरण के लिए 200 करोड़ की परियोजनाओं को दी मंजूरी

» **नेशनल एक्सप्रेस**

■ सरयू, गंगा, राप्ती और रोहिन नदी किनारे होंगे सुरक्षा उपाय, मानसून से पहले पूरी होंगी व्यवस्थाएं

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने आगामी मानसून सीजन को देखते हुए बाढ़ संभावित जिलों में सुरक्षा तैयारियों को मजबूती देने के लिए 200 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी दी है। यह राशि प्रमुख नदियों–सरयू, गंगा, राप्ती और रोहिन–के किनारे बसे क्षेत्रों में तटबंधों को मजबूत बनाने और बाढ़ नियंत्रण उपायों पर खर्च की जाएगी।

इन परियोजनाओं के अंतर्गत आरसीसी पिलर का निर्माण, पुराने तटबंधों की मरम्मत, कटाव रोधी उपायों की व्यवस्था और नए पंपिंग स्टेशनों की स्थापना शामिल हैं।

सरकार का स्पष्ट लक्ष्य है कि मानसून से पहले सभी जरूरी बाढ़ नियंत्रण उपाय पूरे कर लिए जाएं, ताकि जान-माल की हानि को प्रभावी रूप से रोका जा सके। सरकारी अधिकारियों के अनुसार, इन कार्यों की निगरानी उच्च स्तर पर की जाएगी और प्रभावित क्षेत्रों में समय पर राहत और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

## नकाबपोश बदमाशों ने होटल मालिक को पीटा

### गंभीर हालत में सीएचसी से जिला अस्पताल किया गया रेफर

» **नेशनल एक्सप्रेस**



**सरेनी(रायबरेली)** ।रविवार की शाम को नकाबपोश बदमाशों ने होटल मालिक पर लाठी सरिया से हमला कर दिया,इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।परिजन एंबुलेंस से उसे सीएचसी ले गए जहां के चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर हालत देखकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद सहित पांच नकाबपोशों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।थाना क्षेत्र के सतवाखेड़ा गांव के रहने वाले गुड्डू अली उर्फ भुद्दू उम्र 45 वर्ष पुत्र मगरू अली रविवार की शाम को अपने होटल के बगल में पेड़ के नीचे बैठे थे तभी दो बाइकों में सवार पांच नकाबपोश लाठी डंडो व सरिया से लैश होकर आ गए और गाली गलौज कर गुड्डू पर हमला कर दिया इससे वह घायल हो गए।इसके बाद नकाबपोश जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।घायल गुड्डू अली को परिजन एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां के चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देखकर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है।गुड्डू की तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद सहित पांच नकाबपोश बदमाशों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।कोतवाल शिवाकांत पांडेय का कहना है कि दो नामजद सहित पांच लोगों के खिलाफ मामला पंजीकृत है,घटना की सीसीटीवी फुटेज देखकर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### श्रम विभाग से रिटायर्ड हुए सुनील का व्यापारियों ने किया विदाई समारोह




नेशनल एक्सप्रेस/ तहसील रिपोर्टर/ शिकोहाबाद । श्रम विभाग में कार्यरत रहे प्रधान सहायक सुनील सक्सेना के सेवानिवृत होने पर एक विदाई समारोह का आयोजन अग्रवाल पंचायती धर्मशाला बड़ा बाजार में किया गया । इस दौरान मौजूद व्यापारियों, समाजसेवियों द्वारा उनका फूलमाला पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया । इस मौके पर सुनील सक्सेना ने कहा कि उनको शिकोहाबाद नगर की जनता ने जो प्यार दिया है उसे वह कभी भुला नहीं पाएंगे। आज व्यापारियों द्वारा जिस प्रकार से सम्मान दिया है, उसे वो हमेशा याद रखेंगे। व्यापारी नेता ठाकुर सुदीप सिंह ने कहा कि सुनील सक्सेना द्वारा अपने कार्यकाल के दौरान व्यापारियों की हर समस्या का तुरंत समाधान किया तथा अधिकारियों से भी कराने का कार्य किया। राजीव अग्रवाल ने कहा कि सुनील सक्सेना केवल सरकारी कर्मी ही नहीं रहे बल्कि सामाजिक क्षेत्र में भी अग्रसर रहे। इस मौके पर कार्यक्रम आयोजक ठा. सुदीप कुमार सिंह, कुलदीप गुप्ता जोनू, अजय मित्तल, राजेश गुप्ता, अनिल किशोर अग्रवाल, प्रदीप शर्मा, मुकेश सक्सेना, पल्लव अवस्थी, अश्वनी ठाकुर हीरो एजेंसी, राहुल सोनी, योगेश कुमार गुप्ता, नीरज गुप्ता, मुकेश गौड़, शेखर अग्रवाल, मोहनलाल अग्रवाल, विजेंद्र सिंह उर्फ पप्पन आदि थे। संचालन व्यापारी नेता राजेश गुप्ता ने किया।

### टूंडला के स्टेशन रोड पर करंट से गौ वंश की मौत



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/टूंडला। नगर के स्टेशन रोड डॉ. घोष की कोठी के सामने सारस्वत एंक्लेब मार्ग पर एक बंद पड़ी दुकान के शटर में आ रहे करंट से एक निराश्रित गौ वंश की करंट लगने से मौत हो गई। गौ वंश की मौत पर आसपास के निवासियों व राहगीरों ने विद्युत विभाग के खिलाफ रोष व्यक्त किया। लोगों ने बताया कि नगर में आए दिन विद्युत करंट से गौ वंशो की मौत हो रही है, लेकिन विद्युत विभाग के कर्मचारियों के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही विभागीय कर्मचारी कानों में रुई डालकर बैठे हुए हैं, विद्युत कर्मचारी जनता का फोन तक उठाना जरूरी नहीं समझते कई बार शिकायत करने के बावजूद कर्मचारी कोई सुनवाई नहीं करते नगर में कई जगह विद्युत पोलों पर तार झूल रहे हैं,व विद्युत पोलो में करंट दौड़ रहा है, जिससे कभी भी इस तरह जन हानि भी हो सकती है। वहीं अपने आप को गौ सेवा में तत्पर रहने के बड़े बड़े दावे करने वाले नगर के गौ संगठन पदाधिकारी निराश्रित गौ वंश की मौत पर गौ वंश के घंटो पड़े रहने के बावजूद कहीं नजर नहीं आए जिससे उनका केवल फोटो खिंचा कर सोशल मीडिया पर एक्टिव रहना दशार्ता है। गौ वंश की मौत पर नगर वासियों ने विधुत विभाग के विरुद्ध रोष प्रकट कर विद्युत पोलों आदि जगह जगह चेकिंग कर ठीक कराए जाने की मांग की है।

### अभद्र दरोगा का ट्रांसफर एका में व्यापारियों का विरोध समाप्त

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर/जसराना: चोरी के मामले का खुलासा न होने और दरोगा द्वारा व्यापारियों से अभद्रता किए जाने समाजसेवियों गौ सेवकों के खिलाफ की गई शांति भंग की कार्रवाई से नाराज व्यापारियों ने शनिवार को थाना परिसर के बाहर धरना प्रदर्शन किया था। क्षेत्राधिकारी और उप जिलाधिकारी पुष्पेंद्र सिंह ने पहुंच कर व्यापारियों की मांगों के अनुरूप आश्वासन देकर प्रदर्शन समाप्त करने के बाद बाजार खुलवाया था। रविवार को व्यापारियों ने दुकानों पर काले झंडे लगाने और काली पट्टी बांधकर विरोध जताने का ऐलान किया था।इस विरोध को लेकर जैसे ही मामला तूल पकड़ने लगा, थाना अध्यक्ष रमित आर्य ने व्यापारियों से बातचीत कर स्थिति को संभालने का प्रयास किया। उन्होंने व्यापारियों को बताया कि खराब कार्य प्रणाली और क्षेत्र वासियों की मांग पर पुलिस अधीक्षक महोदय ने मामले को संज्ञान में लेते हुए व्यापारियों से अभद्रता के आरोपी दरोगा शिवांग तोमर का स्थानांतरण थाना नसीरपुर कर दिया है। साथ ही उन्होंने चोरी के जल्द खुलासे का आश्वासन भी दिया और अनशन न करने की अपील की। पुलिस की इस कार्रवाई और सकारात्मक पहल के बाद व्यापारियों ने अपना आंदोलन समाप्त करने की घोषणा कर दी। व्यापार मंडल अध्यक्ष हैप्पी वार्ष्णेय ने पुलिस अधीक्षक के निर्णय का स्वागत करते हुए आभार प्रकट कर कहा कि फिलहाल क्षेत्र में शांति का माहौल है आरोपी दरोगा वर्दी के रोग में अपनी प्राइवेट गाड़ी में हूटर बजाते हुए कई व्यापारी और संभ्रांत व्यक्तियों के साथ अभद्र व्यवहार कर चुका था। हम सभी व्यापारियों ने उम्मीद जताई है कि पुलिस आगे भी संवेदनशीलता और तत्परता से कार्य करती रहेगी। बैठक में व्यापारी नेता आशु शर्मा, रतन मिश्रा, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि योगेश लोधी,शीलू सविता, सौरभ गुप्ता, सुनील जैन, विक्की वार्ष्णेय, धर्मेंद्र रावत, संगम राघव,नमन पंडित,राहुल पचौरी,संतकुमार,प्रदीप गुप्ता, अर्जुन दीक्षित,लालू चौहान, निशू जैन,शिवम चतुर्वेदी, रोहित लोधी, पुलकित मिश्रा,मनु सविता,किशोरी पचौरी,सोल्जर रावत सैकड़ों व्यापारी और गौसेवक शामिल रहे।

### डीएम का स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के लिए किया जा रहा प्रयास ला रहा है रंग


नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/फिरोजाबाद । जिलाधिकारी के प्रयासों के परिणाम स्वरुप उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जनपद फिरोजाबाद के 9 विकास खण्डों के 1025 स्वयं सहायता समूह को सामुदायिक निवेश निधि सी0आई0एफ0 की (धनराशि रु0 15,37,50,000) 15 करोड़ 37 लाख 50 हजार रुपए धनराशि प्राप्त हुई है, इस धनराशि से ग्रामीण क्षेत्रों की समूहों से आच्छादित महिलाओं को स्वरोजगार हेतु ऋण उपलब्ध कराया जाएगा, मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन और जिलाधिकारी के नेतृत्व में यह प्रयास किया जा रहा है कि महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बने, जिलाधिकारी का यह निरंतर प्रयास है कि समूह की महिलाओं को अपने उत्पादों को बनाने में आर्थिक तंगी का सामना न करना पड़े, समूह की महिलाओं के द्वारा कांच की चूड़ियां, कांच के कंगन, कांच के खिलौने, कांच की मूर्तियां आदि बनाने का कार्य किया जा रहा है, इसके अलावा इनके द्वारा गोवंश के गोबर से दीपक, मूर्तियां, माला आदि बनाए जा रही हैं, जिलाधिकारी का प्रयास है कि ज्यादा से ज्यादा महिलाएं समूहों से जुड़े जिससे उनकी आत्मनिर्भरता तो बड़े ही, साथ ही वह अपने परिवार के लिए एक मजबूत स्तंभ भी बन सकें।

### कथाएं सुनाकर श्रोताओं को किया भाव विभोर

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/चंदौसी के सुभाष रोड स्थित श्री रघुनाथ मंदिर में सोमवार को रमेश अधीर कृत नवीनतम भागवत ग्रंथ ₹श्रीमद्भागवत महापुराण काव्य कथामृत₹ के आधार पर संगीतमयी भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिवस की कथा में कथावाचक परम भागवताचार्य श्री शिवशंकर भारद्वाज जी ने शौनकादिक ऋषियों द्वारा सूत जी से किए गए छः प्रश्नों की चर्चा करते हुए महाराज परीक्षित के जन्म, द्रोण- पुत्र अश्वत्थामा द्वारा सोते हुए द्रौपदी पुत्रों के वध का प्रसंग सुनाते हुए द्रौपदी को करुणा और उदारता की प्रतिमूर्ति बताया। साथ ही भीष्म पितामह का प्रभु- दर्शन करते हुए प्राण त्याग, पाण्डवों के वन गमन के पश्चात परीक्षित जी का राज तिलक तथा परीक्षित जी को श्रृंगी ऋषि का श्राप आदि अति महत्वपूर्ण कथाएं सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया।कथा में नगर के साथ- साथ दूर- दूर से आये अनगिनत प्रबुद्ध भागवतों में श्री फूल प्रकाश जी, श्री प्रमोद अग्रवाल एडवोकेट, डॉ हर्षित अग्रवाल, डॉ मीता अग्रवाल,ओम प्रकाश गोगी, अनिल गोयल, मुकेश वार्ष्णेय, विपिन कुमार (चीनी), राकेश- उमेश सर्राफ, सुमित गोयल, पुलकित अग्रवाल, नमिता अग्रवाल, उमा अग्रवाल, मंजू रानी, सुमन अग्रवाल, स्वाति गोयल आदि की उपस्थिति ने कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की।

# आव गंगा के कार्य को गुणवत्तापूर्ण और समय से करे पूराः डीएम

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।




फिरोजाबाद । पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह के मार्गदर्शन और जिलाधिकारी के प्रेरणादायीं नेतृत्व और मुख्य विकास अधिकारी की सक्रियता के चलते आव गंगा नदी के पूर्नोद्धार कार्य मनरेगा के अंतर्गत ग्राम करहरा ब्लॉक अरांव में सामौर बाबा मंदिर के पास युद्ध स्तर पर कराया जा रहा है आओ गंगा से न केवल धार्मिक मान्यताएं जुड़ी है अपितु इसके साथ गांव के लोगों की ऐतिहासिक मान्यताएं और भावनात्मक जुड़ाव भी सम्बद्ध है, इसके जीर्णोद्धार से वहां के स्थानीय लोगों से लेकर पशु-पक्षियों को भी लाभ पहुंचेगा यह नदी ग्राम पंचायत करहरा में प्रथम तालाब सिरसागंज से पेंगू मार्ग के बाई तरफ स्थित है, जिसे परमाली तालाब कहा जाता है, परमाली तालाब से पहले आव गंगा पंचायत कीठोत तरफ से बहती हुई प्रवेश करती है, सामौर बाबा मंदिर से निकालकर आव गंगा लगभग 1.5 किलोमीटर करहरा पंचायत में बहती हुआ ग्राम पंचायत किश्रांव में प्रवेश करती है, विकासखंड अरांव की कुल 11 पंचायतों में मनरेगा के माध्यम से आओ गंगा पर कार्य कराया जाना प्रस्तावित है, जिसका विवरण निम्नवत है। ग्राम पंचायत रुधैनी में 1.05. किलोमीटर ग्राम पंचायत भदेसरा में 1.05 किलोमीटर कीठोत में 2 किलोमीटर, करहरा में 2 किलोमीटर, किशरांव में 0.7 किलोमीटर, सिंगैमई में 1.6 किलोमीटर, सोथरा में 0.58 किलोमीटर, अकबरपुर सराय में 1.8 किलोमीटर, गुरैया सोयलपुर में 0.52 किलोमीटर, बहादुरपुर में 1.9 किलोमीटर, फक्करपुर में 1.5 किलोमीटर इस प्रकार कुल 15.15 किलोमीटर में कार्य कराया जाना है, जिलाधिकारी ने कहा कि आव गंगा के साथ लोगों की भावनाएं और भक्ति दोनों जुड़ी हैं, इसलिए इस कार्य को गुणवत्तापूर्वक और ससमय पूरा करें, जिससे इसका लाभ यहां के स्थानीय निवासियों को दिलाया जा सके।

## छात्र छात्राओं को समझाये नशे की लत के नुकसान



**नशीली दवाओं और मादक पदार्थों से बचने के बतायें उपाय**

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।

फिरोजाबाद/टूण्डला। ऑपरेशन जागृति फेज चार के तहत क्राइज द किंग इंटर कॉलेज टूंडला फिरोजाबाद में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ऑपरेशन जागृति मिशन शक्ति के अंतर्गत नशा मुक्ति, झूठी एफआईआर पंजीकृत कराना, बालक बालिकाओं का अपने घर से बिना बताए कही चले जाना, घरेलू हिंसा और उसके बचाव, साइबर बुलिंग एयर महिलाओं के सशक्तिकर से संबंधित जन सामान्य को जागरूक करते हुए विशेष चर्चा की गई। तथा ऑपरेशन जागृति मिशन शक्ति व यातायात नियमों के बारे में कार्यक्रम का व्यापक प्रचार प्रसार किया गया।

मिशन शक्ति के तहत नशीली दवाओं के प्रकार, एवं नशीली दवाओं और मादक पदार्थों से बचाव के बारे में तथा नशे की लत के उपचार एवं काउन्सलिंग हेतु हेल्पलाइन नंबर 14416, 1098, 1800-891-4416 की जानकारी दी गई। तथा नशे की लत से होने वाले मानसिक, शारीरिक, आर्थिक एवं सामाजिक दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर छात्र, छात्राओं सहित अध्यापक और अध्यापिकाएँ मौजूद रहीं। पुलिस से उप निरीक्षक आदेश कुमार, महिला उप निरीक्षक निशा बंसल, हेड कांस्टेबल महेंद्र कटियार, महिला कांस्टेबल खुशबू मौजूद रहीं।

क्राइज द किंग कॉलेज से प्रधानाध्यापक फादर पीटर पार्के, अध्यापक ब्रजेश चौधरी, अध्यापक अजय पांडे, अध्यापिका निकिता पाठक, अध्यापिका रजनी रिचरिया, अध्यापिका रेखा गुप्ता मौजूद रही।

## कस्बा पाढ़म के शांति वाटिका मैरिज होम में हुई भाजपा की बैठक



नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।

जसराना। भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह के नेतृत्व में शांति वाटिका मैरिज होम पाढ़म में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें वक्क सुधार जन जागरण अभियान को लेकर जानकारी दी गई।

भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने बताया कि भाजपा 365 दिन कार्य करने वाली पार्टी है। अभी एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर कार्यक्रम 30 अप्रैल तक पूरे जिले में किये गये। अब वक्क सुधार जन जागरण अभियान चल रहा है। 13 मई तक चलेगा। बताया कांग्रेस, सपा द्वारा जो नेगेटिव फैलाया जा रहा है मोदी जी मुसलमानों के विरोधी हैं तो उनको सच्चाई बताने के लिये गांव गांव कार्यकर्ता जा रहे हैं जगह जगह बैठकें कर रहे हैं पार्टी के विभिन्न प्रकार के बड़े बडे कार्यक्रम कर रहे हैं अल्पसंख्यक समाज लोगों के बीच जाकर दूसरी पार्टियों द्वारा फैलाये जा रहे भ्रम को दूर करने का कार्य भाजपा द्वारा किया जा रहा है। बैठक में देवेंद्र पालीवाल, अनुराग भटट, ओमेंद्र बघेल, रनवीर कुशवाह, सगीर अहमद, नबाव सिंह, पंकज गहलोत, अनिल कुमार आदि उपस्थित रहे।

## अवैध तमंचा सहित फोटो सोशल मीडिया पर वायरल, पुलिस ने पकड़ा



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।

फिरोजाबाद। दक्षिण पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अवैध असलहा के साथ वायरल हुए फोटो का तत्काल संज्ञान लेते हुए वसीम को अवैध असलहा सहित गिरफ्तार किया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अवैध असलहा के साथ वायरल हुए फोटो का फिरोजाबाद पुलिस द्वारा तत्काल संज्ञान लिया गया जिसमें अभियुक्त की पहचान वसीम के रूप में की गयी। थाना दक्षिण पुलिस ने अभियुक्त वसीम पुत्र इस्लाम निवासी देवनगर गली नं0 2 थाना दक्षिण को विवेकानन्द स्कूल के सामने खाली पडे ग्राउण्ड से 01 अदद तमंचा 315 बोर व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## भाजपा का अल्पसंख्यक प्रबुद्ध नागरिक संवाद कार्यक्रम संपन्न

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।



फिरोजाबाद। रविवार राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित गुलाब वाटिका के हॉल में भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में वक़्फ सुधार जन जागरण अभियान के अंतर्गत अल्पसंख्यक प्रबुद्ध नागरिक संवाद कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि दुर्विजय सिंह शाक्य, क्षेत्रीय अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी बृज क्षेत्र व बतौर विशिष्ठ अतिथि अरशद अल्वी, प्रदेश मंत्री भारतीय जनता अल्पसंख्यक मोर्चा रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य ने उपस्थित अल्पसंख्यक समाज को वक़्फ संशोधन अधिनियम पर संक्षिप्त जानकारी देते हुए संबोधित करते हुए कहा कि वक़्फ इस्लामी कानून के अंतर्गत स्थापित एक अपरिवर्तनीय धर्मार्थ निधि है। जिसे भारत में वक़्फ अधिनियम 1995 के तहत मान्यता प्राप्त है, और विनियमित किया जाता है। इस शब्द में इस्लामी कानून के तहत पवित्र, धार्मिक या धर्मार्थ कर्म के से किए गए सभी दान शामिल हैं। वक़्फ बोर्ड और उनके द्वारा नियंत्रित संपत्तियां भारत में इस्लामी जीवन के महत्वपूर्ण अंग हैं। क्योंकि वह अनगिनत मस्जिदों, धार्मिक और परोपकारी संस्थाओं के संरक्षक के रूप में कार्य करते हैं। वक़्फ की व्यवस्थापन प्रणाली बहुत दुर्बल रही है जिसमें लगभग कोई जवाब दे ही नहीं रही। इसी कारण वक़्फ अधिनियम 2025 बनाया गया है। ताकि वक़्फ के शासन को सुव्यवस्था किया जा सके। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री अरशद अल्वी ने कहा कि तीन तलाक जैसे गंभीर मुद्दे इस्लाम से कतई ताल्लुक नहीं रखते हैं। कुछ राजनीतिक पार्टियों वोट बैंक की राजनीति के लिए इन सभी मुद्दों को इस्लाम से जोड़कर अपनी राजनीतिक रोटियां सेकती हैं। जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने उपस्थित अल्पसंख्यक समाज से आए हुए समाजसेवी, प्रबुद्ध जनों का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कार्यक्रम की समापन की घोषणा की व समक्ष उपस्थित अल्पसंख्यक समाज के लोगों से आवाहन किया कि जो पार्टियां सिर्फ वोट बैंक की राजनीति करने के लिए हिंदू मुस्लिम करती रहती हैं उनसे सचेत रहने की आवश्यकता है।

## जिला स्तरीय बाल एथलेटिक चैंपियनशिप का आयोजन

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।



सिरसागंज। वुडकैसल इंटरनेशनल स्कूल केशरी में दो दिवसीय एथलेटिक्स संघ उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में 3 व 4 मई को वुडकैसल इंटरनेशनल स्कूल, केसरी में जिला स्तरीय बाल एथलेटिक चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इस आयोजन में जिले भर से आए टीमों ने विभिन्न खेल प्रतिस्पधाओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने कौशल का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर आयोजक सचिव अमित सिंह (निदेशक, वुडकैसल स्कूल ) श्यामवीर सिंह (सचिव, जिला एथलेटिक्स संघ), व ओमवीर सिंह , नीरज कुमार, संजीव कुमार, ओम शिवा, रवेंद्र कुमार, सचिन राजपूत, अजीत सिंह, जे.पी. राजपूत, आलोक, विवेक, सौरभ , अजीत सिंह आदि उपस्थिति रहे।

## पुलिस ने चेकिंग में पकड़ा अवैध असलाह धारी

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।



सिरसागंज । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सिरसागंज पुलिस ने चेकिंग के दौरान अवैध असलाह धारी को गिरफ्तार किया है। सिरसागंज पुलिस नेशनल हाईवे शनि देव मंदिर के पास चेकिंग कर रही थी तभी पेगू रोड की ओर से एक अभियुक्त को पकड़ा । जिसके पास से पुलिस ने एक अवैध तमन्चा 315 बोर, 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किए गए है । पकड़े गए अभियुक्त ने अपना नाम सुशील उर्फ टिन्नी पुत्र भारत सिंह निवासी सराय लुकमान थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद बताया हैं। विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को जेल भेजा गया है।

## जनपद में अय्याशी का अड्डा बनी अवैध लाइब्रेरियां

**बड़ा सवाल अवैध लाइब्रेरियाँ पर कोन कसेंगा शिकंजा?**

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।

फिरोजाबाद। जनपद में कई अवैध रूप से संचालित लाइब्रेरीयाँ अब केवल अध्ययन स्थल नहीं रह गई हैं, बल्कि अय्याशी और गैरकानूनी गतिविधियों के अड्डे बनती जा रही हैं। नाम मात्र की किताबें और पढ़ाई का बहाना बनाकर इन लाइब्रेरियों में जिस प्रकार से असामाजिक गतिविधियाँ संचालित हो रही हैं, वह न केवल चिंताजनक है, बल्कि युवाओं के भविष्य पर भी एक गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इन लाइब्रेरीयों में देर रात तक आवाजाही बनी रहती है। बाहर से देखने पर ये सामान्य अध्ययन केंद्र प्रतीत होते हैं, लेकिन भीतर का माहौल कुछ और ही कहानी कहता है। कई बार इन संस्थानों के आसपास शराब की बोतलें, नशे से जुड़ी सामग्री और संदिग्ध गतिविधियाँ देखी गई हैं। घर से छात्र छात्राए पढ़ने के बहाने आते है और घंटों फोन पर खड़े होकर बाते करना, यार दोस्तों के साथ गपशप और मस्ती करते दिखते है।

सूत्रों के अनुसार, कुछ लाइब्रेरी मालिकों ने छात्रों की पढ़ाई की सुविधा के नाम पर लाइब्रेरी शुरू की, लेकिन धीरे-धीरे यह जगह नशाखोरी, संदिग्ध मेल-जोल और अय्याशी के केंद्र में तब्दील हो गई। कई जगहों पर बिना वैध अनुमति के ये लाइब्रेरीयाँ चल रही हैं, और न ही इन पर कोई निगरानी रखी जा रही है। यह सबसे बड़ा सवाल बन गया है कि जब यह गतिविधियाँ आम नागरिकों की नजर में आ रही हैं, तो स्थानीय प्रशासन और पुलिस अब तक चुप क्यों है? क्या यह लापरवाही है या फिर किसी मिलीभगत का नतीजा? स्थानीय लोगों ने जोर देकर प्रशासन से माँग की है कि इन अवैध लाइब्रेरीयों की तुरंत जांच की जाए। लाइसेंस की वैधता की पुष्टि हो, और यदि कोई असामाजिक गतिविधि पाई जाती है, तो दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। जहाँ एक ओर लाइब्रेरीयों को ज्ञान और शिक्षा का केंद्र माना जाता है, वहीं जनपद की यह सच्चाई हमारे समाज के एक काले पहलू को उजागर करती है। अगर समय रहते इस पर अंकुश नहीं लगाया गया, तो यह हमारे युवाओं के नैतिक और सामाजिक पतन का कारण बन सकता है।

### वैधानिक सूचना

मेरी एलआईसी पॉलिसी संख्या 265172589 है। जिसमें मेरा नाम राम सिंह पुत्र रूप सिंह जन्मतिथि 02/11/1972 है, जो गलत अंकित हो गई है। मेरे अन्य दस्तावेजों में मेरा सही नाम इनाम सिंह पुत्र रूप सिंह जन्मतिथि 01/01/ 1972 है जो सही है। अब मैं भविष्य में इनाम सिंह पुत्र रूप सिंह निवासी बूढ़ा भरथरा थाना व तहसील सिरसागंज जिला फिरोजाबाद के नाम से जाना जाऊंगा।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जांजगीर में नवनिर्मित तहसील कार्यालय भवन का किया लोकार्पण

## 142 वर्षों बाद जांजगीर को मिला नया तहसील भवन

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**

रायपुर(छत्तीसगढ़)।सुशासन तिहार के तहत संवाद से समाधान की भावना के साथ आकस्मिक दौरे पर जांजगीर पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जिलेवासियों को 142 वर्षों बाद एक ऐतिहासिक सौगात दी।उन्होंने नव-निर्मित तहसील कार्यालय भवन का लोकार्पण किया।अंग्रेजी शासन काल में वर्ष 1883 में बना पुराना तहसील भवन अब इतिहास बन गया है,और उसकी जगह 4 करोड़ 21लाख रुपये की लागत से अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त नया भवन जनता को समर्पित किया गया है।मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि आमजन तक सेवाओं की सरल,सहज और सुगम पहुंच सुनिश्चित हो,और यह नवीन तहसील कार्यालय उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।उन्होंने बताया कि इस भवन से क्षेत्र के 54 गांवों और 24 पटवारी



हल्कों के नागरिकों को राजस्व से जुड़ी सभी सेवाएं एक ही परिसर में उपलब्ध होंगी।नवीन तहसील भवन में प्रशासनिक और न्यायिक कार्यों के कुशल संचालन के लिए आवश्यक समस्त सुविधाएं विकसित की गई हैं।इसमें लोक सेवा केंद्र के माध्यम से जाति,निवास,आय प्रमाण-पत्र जैसी सेवाएं प्रदान की जाएंगी, वहीं आवक-जावक शाखा में दस्तावेजों का नियमानुसार प्रेषण और आवाज सुनिश्चित किया जाएगा।न्यायालयीन दस्तावेजों के संधारण के लिए नजीर शाखा,निर्वाचन से संबंधित कार्यों के लिए निर्वाचन शाखा, भूमि व राजस्व अभिलेखों के लिए कानूनगो शाखा तथा राजस्व वसूली और आर्थिक प्रबंधन के लिए मालजमादार कक्ष की स्थापना की गई है।साथ ही,कार्यालय भवन में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं अनुविभागीय दंडाधिकारी,तहसीलदार, अतिरिक्त तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार के प्रशासनिक और न्यायिक कार्यों के लिए सर्वसुविधायुक्त कक्ष बनाए गए हैं।इस अवसर पर वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी,सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े,पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष नारायण चंदेल, विधायक व्यास कश्यप,छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम अध्यक्ष सौरभ सिंह,मुख्य सचिव अमिताभ जैन,मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह,मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी,स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

# लालू-राबड़ी ने बिहार के वंचित व गरीबों को नहीं दिया रोजगार : मंगल पांडेय,मंत्री

### 20 साल बेमिसाल नीतीश कुमार ने रोका पलायन गरीबों को मिली नौकरी एनडीए के शासन में मिली सड़क, शिक्षा, अस्पताल,रोजगार व सम्मान

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**



पटना(बिहार)।सूबे के स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि सीएम नीतीश कुमार ने बतौर सीएम लगभग 20 साल पूरे कर लिए हैं।यह वर्ष 1990 से 2005 के बीच लालू यादव और उनकी पत्नी राबड़ी देवी के संयुक्त कार्यकाल की तुलना में अविस्मरणीय रहा है।सीएम नीतीश एनडीए में विकास पुरुष के तौर पर जाने जाते हैं।वर्ष 2005 में उनके सत्ता में आने के बाद पांच वर्षों में नदारत सड़कों की जगह बेहतर सड़कें बनीं और सरकारी अस्पताल जो कभी जर्जर हालत में होते थे और जहां कुत्ते डेरा डाले रहते थे। वो भी बेहतर ढंग से सक्रिय हो गए।स्पीडी ट्रायल की शुरूआत के साथ कानून-व्यवस्था की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ।नतीजतन 2010 में लोगों ने राज्य की विधानसभा की 243 सीटों में से 206 सीटों के साथ नीतीश जी के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन को सत्ता में पहुंचाया।सीएम नीतीश ने अपने दूसरे कार्यकाल में बिजली उपलब्धता में सुधार के अपने वादे को भी पूरा किया और पीक आवर्स में कुल बिजली की खपत में उल्लेखनीय सुधार कर दिया।श्री पांडेय ने कहा कि 2005 में जब नीतीश सीएम बने थे,तब बिहार न केवल सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों से जूझ रहा था,बल्कि इसकी आर्थिक स्थिति ने राज्य को भारत के सबसे गरीब राज्य का तमगा भी दिलाया था।न केवल राज्य की जीडीपी उच्च बेरोजगारी के साथ अपने सबसे निचले स्तर पर थी,बल्कि राज्य अराजकता से भी जूझ रहा था।राज्य का सकल राज्य घरेलू उत्पाद 2001से 2005 के बीच केवल 2.9 प्रतिशत था और 2001 से 2005 के बीच राज्य की विकास दर केवल 34 प्रतिशत थी।श्री कुमार के शासन में 2005 से 2012 के बीच राज्य की जीडीपी में उल्लेखनीय सुधार हुआ।भारत के योजना आयोग की एक रिपोर्ट के अनुसार 2005-2006 और 2011-12 के बीच बिहार में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि दर देखी गई।श्री पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में श्री कुमार के दो कार्यकालों यानी वर्ष 2006-07,2008-09,2010-11और 2011-12 के दौरान बिहार में क्रमशः17.7 प्रतिशत,14.5 प्रतिशत,14.7 प्रतिशत और 13.1प्रतिशत की उच्चतम विकास दर देखी गई।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत जिलों में तालाब निर्माण में प्रगति



**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**

पटना(बिहार)।सोमवार को निदेशक मत्स्य,बिहार,पटना की अध्यक्षता में राज्य और केंद्र प्रायोजित योजनाओं की प्रगति पर एक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।इस बैठक में जिला मत्स्य पदाधिकारी(मधेपुरा,नवादा,मधुबनी और नालंदा)ने प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना और राज्य योजनाओं के तहत चल रहे निर्माण कार्यों की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की।विशेष रूप से,तालाब निर्माण और रियरिंग तालाबों के निर्माण पर जोर दिया गया,जिससे मत्स्य पालन में वृद्धि और किसानों की आय में सुधार हो सके।बताते चलें कि प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत मधेपुरा,नवादा,मधुबनी और नालंदा जिलों में तालाब निर्माण में प्रगति हुई है।मधेपुरा में 7.28 हे०,नवादा में 6.18 हे०,मधुबनी में 19.59 हे०और नालंदा में 48.90 हे०क्षेत्र में नए तालाबों का निर्माण किया गया।इसी प्रकार,रियरिंग तालाब निर्माण में भी मधेपुरा में 0.34 हे०,मधुबनी में 14.25 हे० और नालंदा में 12.1 हे०की उपलब्धि दर्ज की गई है।राज्य योजनाओं के तहत, विशेष सहायता योजना(2023-24,2024-25) में भी प्रगति देखी गई है।मधेपुरा में 3.50 ए०,नवादा में 4.94 ए०,मधुबनी में 12.49 ए०और नालंदा में 12.47 ए०की प्राप्ति हुई।मुख्यमंत्री चौर विकास योजना के तहत भी तालाब निर्माण में महत्वपूर्ण प्रगति की गई है,जहां मधेपुरा में 27.44 हे० और मधुबनी में 62.92 हे० क्षेत्र में तालाब बनाए गए हैं।निदेशक मत्स्य ने स्पष्ट निर्देश दिए कि वित्तीय वर्ष 2022-23,2023-24 और 2024-25 के दौरान केंद्र और राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं को जल्द से जल्द पूरा किया जाए।उन्होंने अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि एमआईएस पोर्टल पर सभी प्राप्त आवेदनों की त्वरित जांच की जाए और जिला मत्स्य पदाधिकारी को अग्रेतर कार्रवाई के लिए भेजा जाए।
निदेशक ने सभी अधिकारियों को यह निर्देश दिया कि मानसून से पहले सभी निर्माण कार्यों को पूर्ण किया जाए,ताकि योजनाओं का लाभ समय पर लाभार्थियों तक पहुंच सके।बैठक में उप निदेशक मत्स्य,जिला मत्स्य पदाधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों को जानकी नवमी की बधाई एवं शुभकामनाएं दी

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**



पटना(बिहार)।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जनक नंदिनी माता सीता के जन्मोत्सव जानकी नवमी के अवसर पर माता जानकी को नमन करते हुए राज्यवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।मुख्यमंत्री ने कहा कि मयार्दा पुरूषोतम भगवान श्रीराम की अर्द्धांगिनी माता सीता को धार्मिक गाथाओं में सौभाग्य की देवी और माता लक्ष्मी का अवतार भी कहा गया है।

माता जानकी ने जीवन की चुनौतियों एवं संघर्षों का जिस साहस,विवेक एवं सहनशीलता के साथ सामना किया,उससे सम्पूर्ण मानव जाति को अपनाने की प्रेरणा मिलती है।शक्ति, सेवा,संयम,समर्पण एवं सद्भाव से परिपूर्ण माता सीता का जीवन नारी सशक्तीकरण एवं आदर्श का प्रतीक है।मां जानकी सबका कल्याण करें,यही कामना है।

# एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की कार्रवाई,1.18 करोड़ रुपये कीमत का 785 किलो अफीम डोडा चूरा से भरा ट्रक कंटेनर पकड़ाया

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**

जयपुर(राजस्थान)।एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम की सूचना पर प्रतापगढ़ जिले की छोटी सादड़ी थाना पुलिस ने नाकाबन्दी में जयपुर नंबर के एक ट्रक कंटेनर को रुकवा 785 किलो अफीम डोडा चूरा जप्त कर आरोपी तस्कर रामलाल जाट पुत्र गोटू(40)निवासी बडियार थाना मावली जिला उदयपुर को गिरफ्तार किया है।जब्त मादक पदार्थ की कीमत करीब 1.18 करोड रुपए आंकी गई है।एजीटीएफ एडीजी दिनेश एमएन द्वारा मादक पदार्थ तस्करों विशेषकर मध्यप्रदेश के सीमावर्ती जिलों के तस्करों को चिन्हित कर उन पर विशेष निगरानी रख कार्रवाई के निर्देश दिये गये है।इसी क्रम में उपमहानिरीक्षक पुलिस योगेश यादव व अतिरिक्त पुलिस



अधीक्षक आशाराम चौधरी के सुपरविजन में हेड कानि महावीर सिंह व कांस्टेबल नरेन्द्र पाटीदार को काफी समय से सूचना मिल रही थी कि कुख्यात तस्कर कमल राणा गैंग से जुड़े तस्कर मध्यप्रदेश-राजस्थान बोर्डर से तस्करी की गतिविधियां संचालित कर रहे है।दूसरे राज्यों से अफीम डोडा चूरा एवं अन्य मादक पदार्थ लाकर राजस्थान के विभिन्न जिलों में सप्लाई कर रहे हैं।एडीजी श्री एमएन ने बताया कि निरन्तर आसूचना संकलन के दौरान टीम को सूचना मिली कि डाक पार्सल लिखे जयपुर नम्बर का एक ट्रक कन्टेनर प्रतापगढ़ से डोडाचूरा भरकर जोधपुर की तरफ जा रहा है।ट्रक के छोटीसादड़ी थाना क्षेत्र की सीमा में प्रवेश की सूचना पर स्थानीय पुलिस को सूचित किया गया।थाना पुलिस द्वारा रविवार देर रात गोमाना चौराहा ओवर ब्रिज से आगे मधुवन होटल के सामने निम्बाहेडा रोड पर बेरिकेटस लगा नाकाबन्दी कर सख्ती से चैकिंग शुरू की गई।इसी दौरान जयपुर नम्बर का उक्त ट्रक कन्टेनर रामदेवजी की तरफ से आता दिखाई दिया।जिसे हाथ का ईशारा देकर रोकना चाहा तो कन्टेनर चालक ने नाकाबंदी स्थल से करीब 20 मीटर की दूरी पर रोककर कन्टेनर से उतरकर भागने की कोशिश की।जिसे घेर कर पुलिस ने पकड़ लिया।कन्टेनर के अन्दर जूट की खाली बोरियों के 40 बन्डल पड़े हुये थे।उक्त बोरियों के बन्डल के आगे प्लास्टिक के कुल 39 कट्टे मिले।जिनमें अफीम डोडा चूरा कुल वजन 785 किलो भरा था।सभी आरोपी जेल में बंद कुख्यात तस्कर कमल राणा गैंग के सदस्य हैं,जो निरंतर मादक पदार्थ तस्करी में सक्रिय है। गिरफ्तार आरोपी रामलाल जाट और मनोज जाट के विरुद्ध लूट एवं एनडीपीएस के कई मुकदमें विभिन्न थानों में दर्ज हैं। साल 2022 में केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो द्वारा 24 क्विंटल अफीम डोडा चूरा जब्त किया था।जिसमें यह दोनों आरोपी जेल गए थे।तस्कर रामलाल करीब 1 साल पहले और मनोज करीब 3 महीने पहले जमानत पर बाहर आए थे तभी से दोनों मादक पदार्थ की तस्करी कर रहे थे।

## खेल

## संक्षिप्त समाचार

### भारत ने वनडे और टी20 में शीर्ष स्थान बरकरार रखा

दुबई (भाषा) भारत ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की सोमवार को जारी नवीनतम वार्षिक पुरुष रैंकिंग में सफेद गेंद प्रारूप में अपना दबदबा कायम रखते हुए वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा, लेकिन टेस्ट प्रारूप में वह एक स्थान नीचे चौथे नंबर पर खिसक गया जिसमें ऑस्ट्रेलिया शीर्ष पर काबिज है। नवीनतम रैंकिंग में मई 2024 के बाद से खेले गए सभी मैचों की दर 100 प्रतिशत और उससे पहले के दो वर्षों की 50 प्रतिशत है। वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल में पहुंचने वाले भारत को वनडे रैंकिंग में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने का फायदा मिला है। इससे उसके रेटिंग अंक 122 से बढ़कर 124 हो गए हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में उपविजेता न्यूजीलैंड ऑस्ट्रेलिया को पछाड़कर दूसरे स्थान पर आ गया है। ऑस्ट्रेलिया अब तीसरे स्थान पर है।
श्रीलंका ने हाल के महीनों में घरेलू मैदान पर शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला जीत भी शामिल है। इससे उसे पांच रेटिंग अंक का फायदा हुआ और वह चौथे स्थान पर पहुंच गया है। उसने पाकिस्तान (एक अंक के लाभ के साथ पांचवें) और दक्षिण अफ्रीका (चार अंक के नुकसान के साथ छठे) को पीछे छोड़ा। अफगानिस्तान चार अंकों के सुधार के बाद सातवें स्थान पर पहुंच गया जबकि पूर्व विश्व चैंपियन इंग्लैंड चार अंक खोने के बाद आठवें स्थान पर आ गया। वेस्टइंडीज पांच अंक हासिल करके नौवें स्थान पर पहुंच गया। बांग्लादेश चार अंकों की गिरावट के साथ 10वें स्थान पर खिसक गया है।
टी20 में मौजूदा विश्व चैंपियन भारत शीर्ष पर है, हालांकि दूसरे स्थान पर मौजूद ऑस्ट्रेलिया पर उसकी बढ़त 10 से घटकर नौ अंक हो गई है।
पहली बार वार्षिक अपडेट में वैश्विक टी20 रैंकिंग में 100 टीमों को शामिल किया गया है। सूची में वे सभी टीमें शामिल हैं जिन्होंने पिछले तीन वर्षों में कम से कम आठ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं।
इंग्लैंड तीसरे नंबर पर है, जबकि न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका क्रमशः चौथे, पांचवें और छठे नंबर पर हैं। इनके बाद श्रीलंका, पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, आयरलैंड और जिंबॉब्वे का नंबर आता है।
मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने टेस्ट टीम रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है, हालांकि वार्षिक अपडेट के बाद उसकी बढ़त 15 से घटकर 13 अंक रह गई है। ऑस्ट्रेलिया के 126 रेटिंग अंक हैं।
बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली इंग्लैंड की टीम दक्षिण अफ्रीका और भारत दोनों को पछाड़ते हुए दूसरे स्थान पर पहुंच गई। उसके रेटिंग अंक 113 हो गए हैं।

# चोटिल वंश बेदी की जगह उर्विल पटेल को टीम में शामिल किया

चेन्नई (भाषा) चेन्नई सुपरकिंग्स ने बाएं टखने में चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र से बाहर हुए वंश बेदी की जगह गुजरात के विकेटकीपर-बल्लेबाज उर्विल पटेल को अपनी टीम में शामिल किया है। पटेल ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में त्रिपुरा के खिलाफ 28 गेंदों में शतक जड़ा कर सुर्खियां बटोरी थी। यह किसी भारतीय द्वारा बनाया गया सबसे तेज टी20 शतक है।

इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने 47 टी20 मैचों में 1,162 रन बनाए हैं। वह इससे पहले 2023 सत्र में गुजरात टाइटंस टीम का हिस्सा थे। पटेल 30 लाख रुपये की अपनी आधार मूल्य पर चेन्नई की टीम से जुड़े।

चेन्नई सुपरकिंग्स 11 मैचों में से सिर्फ दो जीत के साथ प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई है। टीम को अपने बचे हुए मुकाबलों में कोलकाता नाइटराइडर्स, राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटंस का सामना करना है।



# पंकज आडवाणी ने लगातार तीसरी बार सीसीआई बिलियर्ड्स क्लासिक जीता

मुंबई (भाषा) दिग्गज क्यू खिलाड़ी (बिलियर्ड्स और पूल) पंकज आडवाणी ने फाइनल में धीमी शुरूआत से उबरते हुए ध्रुव सितवाला को 5-2 से हराकर अपना तीसरा सीसीआई बिलियर्ड्स क्लासिक खिताब जीता। आडवाणी ने सितवाला के खिलाफ 10-150, 150-148, 81- 150, 150-96, 150-136, 150-147, 150-137 से हराया। रविवार को देर रात खेले गए फाइनल के शुरूआती तीन फ्रेम में आडवाणी अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से काफी दूर थे लेकिन उन्होंने दूसरे फ्रेम में सितवाला द्वारा दिए गए अवसरों का पूरा फायदा उठाते हुए जीत दर्ज की।



आडवाणी ने चौथा फ्रेम जीतकर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया और लय हासिल करने के बाद खेल पर नियंत्रण बना लिया। उन्होंने अगले तीन फ्रेम जीतकर जीत सुनिश्चित की और ढाई लाख रुपये की पुरस्कार राशि हासिल की। उप विजेता सितवाला को डेढ़ लाख रुपये की इनामी राशि मिली।

आडवाणी ने कहा, यह जीत मेरे लिए विशेष है। आडवाणी ने इससे पहले 2023 और 2024 में भी यह खिताब जीता।

# विश्व कप में भारत की जीत की जश्न के बाद खेलो इंडिया यूथ गेम्स में मिली सेपक टकरॉ को जगह

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**

पटना(बिहार)।सेपक टकरॉ को स्थानीय दर्शकों से मिली जबरदस्त, प्रतिक्रिया ने इसे पहली बार खेलो इंडिया यूथ गेम्स में मेडल स्पोर्ट्स के रूप में शामिल करने के फैसले पूरी तरह उचित ठहराया है।हाल ही में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सेपक टकरॉ महासंघ विश्व कप में भारतीय पुरुष रेगु टीम द्वारा ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने और 2018 जकार्ता एशियाई खेलों तथा 2022 हांगझोउ एशियाई खेलों में पदक जीतने के बाद से इस खेल को एक नए दृष्टिकोण से देखा जाने लगा है।पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और केआईवाईजी बिहार 2025 के प्रतियोगिता प्रबंधक डॉ.करुणेश कुमार ने इसे भारत में इस खेल के लिए एक मील का पत्थर बताया कि इसका दीर्घकालिक प्रभाव होगा।उन्होंने बिहार राज्य खेल संघ और राज्य सरकार के प्रयासों की सराहना की।



उन्होंने कहा,सेपक टकरॉ को मेडल स्पोर्ट्स के रूप में शामिल करना एक ऐतिहासिक क्षण है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की खेलों को बढ़ावा देने की दृष्टि ने खेलो इंडिया गेम्स को एक अलग पहचान दी है।इस ब्रांड के साथ जुड़ाव इस खेल को जमीनी स्तर पर और लोकप्रिय बनाएगा।उन्होंने आगे कहा,हम पहले ही राष्ट्रीय खेलों और खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुके हैं,और अब यह कदम खेल की लोकप्रियता को और बढ़ाएगा।यह खेल पारंपरिक रूप से पूर्वोत्तर राज्यों से जुड़ा रहा है,लेकिन कोविड महामारी के बाद बिहार में इसे 14 प्राथमिकता वाले खेलों में शामिल किया गया और तब से यह राज्य इस खेल में एक शक्ति केंद्र के रूप में उभरकर सामने आया है।कई जिलों में खिलाड़ियों की भागीदारी में तेजी आई है।

राज्य सरकार के प्रयासों को रेखांकित करते हुए डॉ.करुणेश कुमार ने कहा कि बड़े टूनामेंटों में भागीदारी से पहले कम से कम 15 दिनों के अनिवार्य प्रशिक्षण शिविर आयोजित करना एक प्रभावशाली कदम रहा है।बिहार की टीमें 30 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर पूरी कर चुकी हैं और राज्य को उम्मीद है कि वह चारों आयोजनों में पदक जीतकर दिखाएगा।हालांकि भारतीय खेल प्राधिकरण के प्रशिक्षण केंद्रों जैसी केंद्र सरकार की पहलें पहले ही इस खेल को बढ़ावा देने में बड़ी भूमिका निभा रही हैं,लेकिन इसे खेलो इंडिया कार्यक्रम में शामिल करने से यह देश के सबसे दूरदराज हिस्सों तक भी पहुंचेगा।

# गेंदबाजों को आखिरकार कुछ स्विंग मिल सकती है: शमी

हैदराबाद (भाषा) भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का मानना है कि आईपीएल 2025 में गेंद पर लार के इस्तेमाल पर प्रतिबंध हटाने के भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के कदम ने इस टी20 लीग में बल्ले और गेंद के बीच संतुलन बहाल कर दिया है जो लंबे समय से गेंदबाजों के लिए कब्रगाह रही है।

आईपीएल के मौजूदा सत्र की शुरूआत से पहले बीसीसीआई ने गेंद को चमकाने के लिए लार के इस्तेमाल पर लगा प्रतिबंध हटा दिया और रात के मुकाबलों में ओस से निपटने के लिए ह्यदो गेंदह्न का नियम लागू किया जिससे गेंदबाजों को बहुत राहत मिली जो गेंदबाजी नियमों में बदलाव की वकालत कर रहे थे। शमी ने जियोहॉटस्टार पर कहा, लंबे समय से नियम बल्लेबाजों के पक्ष में रहे हैं लेकिन अब अंततः चीजें थोड़ी बदल रही हैं।

उन्होंने कहा, कोविड के बाद लार के इस्तेमाल पर प्रतिबंध ने गेंद को रिवर्स स्विंग कराना मुश्किल बना दिया था लेकिन इसे हटाए जाने के बाद गेंदबाजों को अंततः कुछ स्विंग वापस मिल सकती है। साथ ही गीली गेंद को बदल पाना एक बड़े फायदे की स्थिति है- सूखी गेंद बेहतर पकड़ और मौके देती है, विशेषकर कठिन परिस्थितियों में। दिलचस्प बात यह है कि बीसीसीआई ने ये बदलाव शमी द्वारा गेंद पर लार के इस्तेमाल के महत्व पर जोर दिए जाने के कुछ दिनों बाद लागू किए।

घुटने की चोट के कारण एक साल से अधिक समय तक बाहर रहे शमी ने कहा कि लय और मानसिकता हासिल करना कठिन था।

शमी ने कहा, चोटें एक तेज गेंदबाज के जीवन का हिस्सा हैं। मुझे ठीक होने में 14 महीने लगे और यह आसान नहीं था, विशेषकर घरेलू करियर के दौरान मैंने जिन चुनौतियों का मैंने सामना किया उन्हें देखते हुए। लय और सही मानसिकता हासिल करना कठिन था।

नई दिल्ली, मंगलवार 6 मई 2025

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

FRONT PAGE 2



किसानों से आवेदन लेने से पूर्व व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए और चयन प्रक्रिया में यह सुनिश्चित किया जाए कि अधिकाधिक विकास खंडों के किसान लाभान्वित हों।

योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उ.प्र.



दयाशंकर सिंह अपने प्रभारी जनपद प्रतापगढ़ के तुलसी सदन (हादी हॉल) में आयोजित वक्फ सुधार जनजागरण अभियान के अंतर्गत अल्पसंख्यक प्रबुद्ध संवाद को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया।




# 'पंजाब एक बूंद पानी हरियाणा को नहीं देगा' : पंजाब विधानसभा में प्रस्ताव पेश



चंडीगढ़, (भाषा) पंजाब और हरियाणा के बीच जल बंटवारे को लेकर गतिरोध के बीच भगवंत मान सरकार ने सोमवार को राज्य विधानसभा में एक प्रस्ताव पेश किया, जिसमें पड़ोसी राज्य के लिए अपने हिस्से का एक भी बूंद पानी नहीं छोड़ने का संकल्प जताया गया।

सदन में मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि पंजाब, हरियाणा को पानी की एक भी बूंद नहीं छोड़ने देगा, क्योंकि उनके राज्य के पास अतिरिक्त पानी नहीं है। इससे पहले जल संसाधन मंत्री बरिंदर कुमार गोयल ने विधानसभा के विशेष सत्र में प्रस्ताव पेश किया, जिसके बाद इस पर चर्चा की गई।

गोयल ने प्रस्ताव पढ़ते हुए कहा कि भाजपा हरियाणा और केंद्र में अपनी सरकारों तथा भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) के माध्यम से पंजाब के अधिकारों को छीनने की कोशिश कर रही है।

प्रस्ताव के अनुसार, ''असंवैधानिक व गैरकानूनी तरीके से बीबीएमबी की बैठक बुलाकर पंजाब के हक का पानी जबरदस्ती हरियाणा को दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। हरियाणा ने 31 मार्च तक अपने हिस्से का पूरा पानी इस्तेमाल कर लिया है। अब भाजपा पंजाब का पानी हरियाणा को देना चाहती है।'' ्रस्ताव में कहा गया कि पिछले तीन वर्षों के दौरान मान सरकार ने पंजाब के हर खेत तक नहर से पानी पहुंचाने का प्रयास किया है।

इसमें कहा गया, ''बहुत बड़े पैमाने पर नहरों और जलमार्गों का जाल बिछाया गया है। 2021 तक पंजाब के सिर्फ 22 प्रतिशत खेतों को नहर का पानी मिलता था। लेकिन आज पंजाब के करीब 60 प्रतिशत खेतों को नहर का पानी मिल रहा है।'' उन्होंने कहा, ''इसलिए पंजाब के पानी की एक-एक बूंद पंजाब के लिए बहुत कीमती हो गई है। पंजाब के पास अब किसी दूसरे राज्य को देने के लिए अतिरिक्त पानी नहीं है।''

प्रस्ताव के अनुसार हरियाणा ने छह अप्रैल को पंजाब से पीने के लिए पानी छोड़ने का अनुरोध किया था, जिसके बाद पंजाब ने बड़ा दिल दिखाते हुए 4,000 क्यूसेक पानी दिया। इसमें कहा गया है, ''हमारे गुरुओं ने हमें सिखाया है कि किसी भी प्यासे व्यक्ति को पानी पिलाना बहुत बड़ा पुण्य है।''

गोयल ने प्रस्ताव का हवाला देते हुए कहा कि हरियाणा की आबादी तीन करोड़ है और उसे पीने तथा अन्य मानवीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए केवल 1,700 क्यूसेक पानी की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, ''अब हरियाणा कह रहा है कि उसे अचानक 8,500 क्यूसेक पानी की जरूरत है। पंजाब के पास अपनी मांग पूरी करने के लिए अतिरिक्त पानी नहीं है। इसलिए भारतीय जनता पार्टी ने जबरन असंवैधानिक व अवैध तरीके से बीबीएमबी की बैठक बुलाई और प्रस्ताव पारित किया कि पंजाब को अपने हिस्से का पानी हरियाणा को देना होगा।''

प्रस्ताव में कहा गया, ''यह हमें स्वीकार्य नहीं है।'' प्रस्ताव में कहा गया, ''इसलिए यह सदन सर्वसम्मति से संकल्प लेता है कि पंजाब सरकार अपने हिस्से का एक भी बूंद पानी हरियाणा को नहीं देगी।'' इसमें यह भी कहा गया कि मानवीय आधार पर हरियाणा को पीने के लिए दिया जा रहा 4,000 क्यूसेक पानी जारी रहेगा, लेकिन इससे एक बूंद भी अधिक नहीं दिया जाएगा। प्रस्ताव में कहा गया कि यह सदन सत्तारूढ़ भाजपा द्वारा बीबीएमबी की बैठक ''अवैध और असंवैधानिक'' रूप से आयोजित करने की कड़ी निंदा करता है। प्रस्ताव में कहा गया है, ''बीबीएमबी केंद्र में बैठी भाजपा के हाथों की कठपुतली बन गई है। इसकी बैठकों में न तो पंजाब की आवाज सुनी जाती है और न ही उसके अधिकारों का ख्याल रखा जाता है। इसलिए बीबीएमबी का पुनर्गठन किया जाना चाहिए ताकि पंजाब के अधिकारों की रक्षा हो सके।'' सदन बांध सुरक्षा अधिनियम 2021 को भी पंजाब के अधिकारों पर हमला मानता है। चर्चा में भाग लेते हुए विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने प्रस्ताव का पूर्ण समर्थन किया तथा कहा कि देने के लिये पंजाब के पास एक बूंद भी पानी अतिरिक्त नहीं है।

## राफेल के ऊपर से 'नींबू-मिर्च' कब हटाएगी सरकार, कब होगी पहलगाम हमले के खिलाफ ठोस कार्रवाई: अजय राय

**लखनऊ/वाराणसी,** (भाषा) कांग्रेस की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अजय राय ने राफेल लड़ाकू विमान का उपहास उड़ाते हुए प्रतीकात्मक तौर पर एक खिलौना विमान से 'नींबू-मिर्च' लटकाकर सरकार से पूछा कि इस लड़ाकू विमान के ऊपर से 'नींबू-मिर्च' कब हटेगा।

सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने राय की इस टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। विवाद के बावजूद राय ने अपनी टिप्पणी पर कायम रहते हुए सोमवार को 'पीटीआई-वीडियो' सेवा से कहा, ''मैंने देश को सच्चाई दिखाई। जब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह राफेल लेने गए थे तो उन्होंने उस पर नींबू और मिर्च बांधी थी। मैंने कहा कि यह नींबू और मिर्च कब हटेगी और राफेल कब काम करेगा। आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई कब होगी? मैंने यही कहा।'' राय ने संवाददाताओं से बातचीत में राफेल विमान का जिक्र करते हुए सवाल उठाया कि पाकिस्तान को पहलगाम हमले का जवाब देने के लिए केंद्र सरकार राफेल के ऊपर से नींबू-मिर्च कब हटाएगी?

# यूनाइटेड हिंदू फ्रंट ने चांदनी चौक में रोष मार्च निकालकर पाकिस्तान के झंडे फूंके

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



नई दिल्लीः यूनाइटेड हिंदू फ्रंट ने आज पुरानी दिल्ली स्थित चांदनी चौक में एक विशाल रोष मार्च का आयोजन किया, जिसमें सैंकड़ों की संख्या में देशभक्त हिंदुओं ने भाग लिया। यह मार्च हाल ही में पहलगाम हमले के विरोध में आयोजित किया गया, जो कि हिंदू समाज की आस्था और अस्मिता पर एक सीधा हमला है। मार्च की अगुवाई यूनाइटेड हिंदू फ्रंट के अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष व राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रवादी शिवसेना श्री जय भगवान गोयल जी ने की। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि, ''हिंदू समाज अब अन्याय और तुष्टीकरण की राजनीति को और अधिक बर्दाश्त नहीं करेगा। हम शांतिपूर्ण लेकिन दृढ़ता से अपनी संस्कृति, परंपरा और अधिकारों की रक्षा करेंगे। यह मार्च एक चेतावनी है उन तत्वों के लिए जो बार-बार हिंदू भावनाओं को आहत करते हैं।''

मार्च के दौरान प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियाँ और बैनर लेकर नारेबाज़ी की और केन्द्र सरकार से तत्काल कार्यवाही की माँग की। यूनाइटेड हिंदू फ्रंट ने सरकार को चेतावनी दी है कि यदि इस विषय में शीघ्र कठोर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

गोयल ने कहा आतंकवाद एक ऐसा कैंसर है जिसने हमारे राष्ट्र की आत्मा को घायल किया है। जो ताक़तें देश को तोड़ना चाहती हैं, वे अब हमारे धैर्य की परीक्षा न लें। यह झंडा दहन केवल प्रतीक नहीं, चेतावनी है -हिंदू समाज अब जाग चुका है!'' इस अवसर पर ''कैंसर रूपी आतंकवाद'' के खिलाफ ज़बरदस्त रोष प्रकट करते हुए उसका प्रतीकात्मक झंडा जलाया गया। रोष मार्च का आयोजन यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट के राष्ट्रीय सचिव श्री ईश्वर चौधरी की ओर से किया गया। प्रदर्शनकारियों ने ''आतंकवाद मुर्दाबाद'', ''देशद्रोहियों को बख्शा नहीं जाएगा'', और ''हिंदू विरोधी मानसिकता बंद करो'', 'अब सहन नहीं, प्रतिकार होगा-पाकिस्तान पर अब सीधा वार होगा' जैसे गगनभेदी नारे लगाए। गोयल ने कहा कि जहां पूरी कांग्रेस पार्टी ने अपना रूख साफ कर दिया है कि हम मोदी के साथ हैं और पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए वहीं कांग्रेस कर्नाटक के सीएम सिद्दारमैया और जमीयत उलेमा-ए-हिन्द का अध्यक्ष मौलाना सैय्यद अरशद मदनी बोल रहे हैं कि पाकिस्तान पर अटैक नहीं करना चाहिए। गोयल ने केन्द्र सरकार से मांग करते हुए कहा कि सिद्दारमैया और अरशद मदनी पर राष्ट्रद्रोह का मुकदमा दायर कर इन दोनों के खिलाफ कार्यवाही की जाये और कर्नाटक में सिद्दारमैया की सरकार गिराकर वहां राष्ट्रपति शासन लागू किया जाये। इस अवसर पर अवध कुमार, मिक्का, सचिन, धाकड़ कुमार, रोहित चौधरी, राम कुमार आर्य, विनय शर्मा आदि कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

# ईडी ने कांग्रेस के पूर्व विधायक को दिल्ली के पांच सितारा होटल से गिरफ्तार किया



नयी दिल्ली, (भाषा) प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को हरियाणा से कांग्रेस के पूर्व विधायक धर्म सिंह छौक्कर को यहां पांच सितारा होटल से मामूली धक्कामुक्की के बाद गिरफ्तार किया, जो 'फरार' थे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

छौक्कर और उनके बेटों-- विकास (फरार) और सिकंदर पर 1,500 से अधिक घर खरीददारों को 'धोखा' देने और उनसे प्राप्त 500 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि की अपनी 'रियल एस्टेट' कंपनियों 'माहिरा ग्रुप' के माध्यम से हेराफेरी करने का आरोप है।

ईडी ने नवंबर 2021 में पूर्व विधायक के खिलाफ धन शोधन रोकथाम अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया था। वह पिछले साल मई से छौक्कर को समन जारी कर जांच में शामिल होने के लिए कह रही है।

पूर्व विधायक छौक्कर (61) को रविवार रात 10 बजे के बाद मध्य दिल्ली के शांगरी-ला होटल के 'ग्रेप्पा बार' से पकड़ा गया। ईडी अधिकारियों ने बताया कि रविवार रात करीब साढ़े आठ बजे उन्हें खुफिया सूचना मिली थी कि छौक्कर कुछ लोगों के साथ होटल के बार में मौजूद हैं। उन्होंने बताया कि इस मामले के जांच अधिकारी गौतम बरई अदालतों से छौक्कर के खिलाफ जारी सात गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) एवं गुरुग्राम में विशेष धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत द्वारा जारी घोषित अपराधी अधिसूचना के अनुसरण में शीघ्र ही घटनास्थल पर पहुंच गए। ईडी अधिकारियों ने आरोप लगाया कि जब छौक्कर का ईडी अधिकारी से सामना हुआ, तो वह बाहर की ओर भागने लगे। बरई ने ईडी के गुरुग्राम क्षेत्र के संयुक्त निदेशक नवनीत अग्रवाल के साथ मिलकर पूर्व विधायक का पीछा किया और उन्हें पकड़ लिया।

# न्यायालय ने यूट्यूब चैनल '4पीएम' को ब्लॉक करने के खिलाफ याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा



नयी दिल्ली, (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को यूट्यूब चैनल '4पीएम' पर रोक लगाने के आदेश को रद्द करने के अनुरोध वाली वाली याचिका पर केंद्र और अन्य से जवाब मांगा।

याचिका में दावा किया गया है कि मध्यस्थ ने केंद्र सरकार की ओर से कथित रूप से जारी उस गोपनीय निर्देश के तहत चैनल को ब्लॉक किया है जिसमें ''राष्ट्रीय सुरक्षा'' और ''सार्वजनिक व्यवस्था'' के अस्पष्ट आधार का हवाला दिया गया है।

न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन की पीठ ने याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति जतायी और केंद्र तथा अन्य को नोटिस जारी कर याचिका पर जवाब मांगा।

डिजिटल समाचार मंच '4पीएम' के संपादक संजय शर्मा ने यह याचिका दायर की है। इस मंच पर इसके 73 लाख सब्सक्राइबर हैं। उन्होंने याचिका में आरोप लगाया गया है कि इसे ब्लॉक करना ''पत्रकारिता की स्वतंत्रता पर'' और जनता के सूचना प्राप्त करने के अधिकार पर एक भयानक हमला है।

याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि चैनल को ब्लॉक करने से जुड़ा आदेश पारित करने से पहले याचिकाकर्ता को कोई नोटिस जारी नहीं किया गया।

सिब्बल ने कहा, ''पूरा चैनल बिना किसी कारण के ब्लॉक कर दिया गया है।'' उन्होंने कहा, ''मेरे पास केवल मध्यस्थ से मिली जानकारी है।'' उन्होंने कहा, ''पहली नजर में यह असंवैधानिक है।''

पीठ ने याचिका पर नोटिस जारी करते हुए कहा कि मामले की सुनवाई अगले सप्ताह की जाएगी।

# चिदानन्द मुनि ने, 'जय शाह व परिवारजनों' को रूद्राक्ष का पौधा भेंट किया

## माँ गंगा की आरती कर गद्गद हुआ शाह परिवार: स्वामी चिदानन्द सरस्वती

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो





**ऋषिकेश।** एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष, श्री जय अमितभाई शाह जी अपने परिवार सहित परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश पधारे। उनके साथ उनकी धर्मपत्नी श्रीमती ऋषिता पटेल, माताजी श्रीमती सोनल अमित शाह जी का भी आगमन हुआ। शाह परिवार ने परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष, स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी के दिव्य सान्निध्य में माँ गंगा की आरती में सहभाग किया और परमार्थ की आध्यात्मिक व पर्यावरणीय यात्रा का अनुभव प्राप्त किया।गंगा तट पर संध्या समय की वह पावन वेला जब सूर्य अस्त हो रहा हो और चारों ओर गंगा तट घंटियों, भजनों और दीपों की रौशनी से गूंज रहा, उन दिव्य क्षण में शाह परिवार ने माँ गंगा की आरती की। गंगाजी की आरती की ऊर्जा और पवित्रता ने सभी के हृदय को छू लिया।

स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने शाह परिवार का परमार्थ निकेतन में अभिनन्दन करते हुए उन्हें हिमालय की हरित भेंट रुद्राक्ष का पौधा भेंट किया। स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि जब राष्ट्र निर्माण और आध्यात्मिक चेतना एक साथ चलती है, तो देश में विकास टिकाऊ, संतुलित और सशक्त होता है। आज भारत के पास ऐसा नेतृत्व है जो आध्यात्मिक मूल्यों को आत्मसात कर, आधुनिकता और संस्कृति के बीच संतुलन बना कर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जय शाह, एक ऐसे दूरदर्शी, कर्मठ और युवा नेतृत्व के प्रतीक हैं, जिन्होंने भारतीय एवं एशियाई क्रिकेट को नई दिशा और नई ऊँचाइयाँ प्रदान की हैं। आपके संगठकीय कौशल और निर्णायक नेतृत्व में क्रिकेट प्रशासन ने पारदर्शिता, नवाचार और व्यावसायिकता के नए मानदंड स्थापित किए हैं।



जय अमितभाई शाह , अध्यक्ष, एशियाई क्रिकेट परिषद का सपरिवार परमार्थ निकेतन में आगमन जय शाह, उनकी धर्मपत्नी श्रीमती ऋषिता पटेल, माताजी सोनल अमित शाह ने स्वामी चिदानन्द सरस्वती के पावन सान्निध्य में दिव्य गंगा आरती में किया सहभाग

आपका योगदान मैदान पर खिलाड़ियों के सशक्त भविष्य को सुनिश्चित करने के साथ क्रिकेट के बुनियादी ढाँचे, जमीनी स्तर पर प्रतिभा विकास, और वैश्विक मंच पर भारत की प्रभावी उपस्थिति को सुदृढ़ करने में भी है। चाहे वह घरेलू क्रिकेट को सशक्त बनाना हो या अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों का सुचारु आयोजन, आपने हर क्षेत्र में अपनी दक्षता का परिचय दिया है।एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष के रूप में आपका नेतृत्व समूचे एशिया में क्रिकेट के विकास और समावेशी विस्तार का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। आपकी युवा ऊर्जा, स्पष्ट दृष्टि व राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता सम्पूर्ण खेल जगत के लिए प्रेरणादायी है।

स्वामी जी ने कहा कि युवा ऊर्जा और युवा नेतृत्व किसी भी राष्ट्र के भविष्य की सबसे मजबूत नींव होते हैं। जब युवाओं का उत्साह, नवीन सोच और साहस अनुभव, मार्गदर्शन और दूरदर्शिता के साथ जुड़ते हैं, तो विकास की एक नई, सकारात्मक और सशक्त धारा प्रवाहित होती है।आज का युवा केवल बदलाव की आकांक्षा नहीं रखता, बल्कि वह स्वयं बदलाव का वाहक बन रहा है। वह अपनी ऊर्जा, नवाचार और प्रतिबद्धता के साथ समाज, देश और विश्व को नई दिशा देने के लिए तत्पर है। आधुनिक तकनीक, डिजिटल ज्ञान, वैश्विक दृष्टिकोण और सामाजिक संवेदनशीलता से सुसज्जित यह पीढ़ी, अब केवल समर्थ नहीं बल्कि संकल्पबद्ध भी है।

भारत जैसे देश में, जहाँ 65 प्रतिशत जनसंख्या युवा है, वहाँ यह ऊर्जा यदि सही दिशा में प्रवाहित हो, तो राष्ट्र को आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया जा सकता है। खेल, विज्ञान, शिक्षा, उद्यमिता, पर्यावरण, प्रशासन और संस्कृति हर क्षेत्र में युवा नेतृत्व अग्रणी भूमिका निभा रहा है।स्वामी जी ने देश के युवाओं का आह्वान करते हुये उन्हें 4 आई, इनफॉर्मेशन, इंस्पिरेशन, इम्प्लीमेंटेशन, इनोवेशन और 4 टी, टाइम, टैलेंट, टेक्नोलॉजी, टेनेसिटी के माध्यम से राष्ट्र सेवा करने हेतु प्रेरित किया।




स्वामी वी.पी.एल. मीडिया प्रा. लि. के लिए प्रकाशक व मुद्रक वेंकटेश गुप्ता द्वारा आर.डी प्रिंटर्स एवं पब्लिशर्स प्रा. लि. ए-41, सेक्टर 8, नोयडा, गौतमबुद्ध नगर से मुद्रित व फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048 से प्रकाशित। DELHIN/2015/65411, संपादक: विपिन कुमार गुप्ता।
संपादकीय कार्यालय- फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048, ईमेल -news.vpl@gmail.com फोन नं.-011 49066569। प्रसार व विज्ञापन विभाग -ईमेल vplmedia@yahoo.com, समस्त विवाद के लिए न्याय क्षेत्र नई दिल्ली ही मान्य होगा।